■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित | www.navbihartime.com | ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 327
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
1 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1897:** स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
**1908:** प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
**1923:** मई दिवस मनाने की शुरुआत।
**1960:** महाराष्ट्र और गुजरात अलग-अलग राज्य बने।
**1972:** देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।

**अगर आप अपनी पूरी जिन्दगी में सुखी और खुश रहना चाहते हैं तो कार्य करते रहें।**

### नरेन्द्र मोदी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जाति जनगणना कराएगी सरकार : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर लगी है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर



अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और समाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी। कैबिनेट की बैठक में सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिल्चर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। यह मार्ग मेघालय में शिलॉन्ग के पास मावलिंगखुंग से शुरू होकर असम में सिलचर के पास पंचग्राम तक जाएगा। इससे गुवाहाटी, शिलॉन्ग, सिलचर, डिएंगपासोह, उम्मुलोंग, फ्रामेर, ख्लिएरियात, रताचेरा, उमकियांग, कलैन जैसे शहरों और कस्बों से निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। इसके अलावा गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है।

## महिला डॉक्टर की संदिग्ध मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के कदमकुआं इलाके में डॉक्टर कनु प्रिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह आत्महत्या है या हादसा, इसकी जांच करने में पुलिस जुट गई है। मामला कदमकुआं इलाके के राजेंद्र नगर रोड नंबर पांच की है। वहीं, डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।मामला कदमकुआं इलाके के राजेंद्र नगर रोड नंबर पांच की है। वहीं, डॉक्टर ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**शुभकामनाएं**

श्रमिक दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

## मगध विश्वविद्यालय बिहार की शैक्षणिक आत्मा : नीतीश

### मुख्यमंत्री से मिले मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो एसपी शाही ने बुधवार को बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो शाही ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में हो रही हालिया अकादमिक उपलब्धियों, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, शोध परियोजनाओं, नवाचार केंद्रों तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से अवगत कराया। विशेष रूप से विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित एमएसएमई ट्रेनिंग सेंटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्कृष्टता केंद्र जैसे अभिनव प्रयासों को मुख्यमंत्री ने अत्यंत सराहनीय बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय बिहार की शैक्षणिक आत्मा है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय के नवाचारों को 'बिहार के शैक्षणिक पुनर्जागरण' की दिशा में प्रेरक कदम बताते हुए कुलपति प्रो शाही के नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री से कुलपति की यह मुलाकात निश्चय ही मगध विश्वविद्यालय को 'ज्ञान के वैश्विक केंद्र' के रूप में स्थापित करने के प्रयासों को गति प्रदान करेगी।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बोधगया आगमन पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही ने बुके प्रदान कर स्वागत किया।

## महाबोधि अतिथिगृह के निर्माण से पर्यटकों को होगी सहूलियत : नीतीश

### मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बोधगया में महाबोधि अतिथिगृह का वेलकम होटल वाई आईटीसी के द्वारा संचालन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ के पश्चात् मुख्यमंत्री ने अतिथि गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दूसरे और सातवें तल पर जाकर अतिथिगृह के कमरों एवं अन्य भागों का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आठ एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बने



अतिथिगृह में पर्यटकों के ठहरने के लिए 120 कमरे बनाये गये हैं। देश-विदेश से आनेवाले पर्यटकों की आवश्यकताओं और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस अतिथिगृह का निर्माण कराया गया है। इस अतिथिगृह में पर्यटकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बोधगया में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए देश-विदेश से आते हैं, जिन्हें अब ठहरने में काफी सहूलियत होगी। महाबोधि अतिथिगृह में पत्रकारों से (शेष पृष्ठ 5 पर)

**सूचना**

श्रमिक दिवस के अवसर पर 01 मई 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 03 मई को प्रकाशित होगा।

संपादक




बिहार सरकार

**संदेश**

"श्रमेव जयते"

मुख्यमंत्री
बिहार

**मई दिवस, 2025** के अवसर पर सभी श्रमिक भाई–बहनों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए राष्ट्र के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं प्रयास को हम नमन करते हैं। राज्य की प्रगति एवं निर्माण को मूर्त रूप श्रमिक भाई एवं बहनों की मेहनत के बिना संभव नहीं है। श्रमिक बन्धुओं का कार्यस्थल केवल कल–कारखानों तक ही सीमित नहीं है, इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का सकारात्मक प्रभाव हमारे जीवन के हरेक पहलू पर है।

राज्य सरकार द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर कार्य करने वाले सभी श्रमिक भाई–बहनों के कल्याणार्थ अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राज्य द्वारा संचालित योजनाओं एवं श्रम अधिनियमों के प्रवर्त्तन का उद्देश्य कार्यस्थल पर श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए विपरीत परिस्थितियों में उन्हें अथवा उनके परिजनों को सहायता पहुँचाना है।

मई दिवस के अवसर पर सभी प्रबंधकों एवं नियोजकों से विशेष आग्रह है कि वे अपने कारखानों, प्रतिष्ठानों, खेत–खलिहानों में काम करने वाले श्रमिक भाई–बहनों को उनका उचित सम्मान और हक दें। हम सभी श्रमिक बंधुओं एवं श्रम संगठनों से राज्य के औद्योगिक विकास तथा उत्पादकता बढ़ाने में पूर्ण निष्ठा के साथ योगदान करने की आशा रखते हैं। हमें विश्वास है कि हम आपके सहयोग से राज्य के सर्वांगीण विकास की नई मंजिलें तय कर सकेंगे।

मैं समस्त श्रमिक परिवार को उनके सुखमय एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं अर्पित करता हूँ।

(नीतीश कुमार)

PR. No. 002374 (Labour)D. 2025-26





सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

**संदेश**

मई दिवस, 2025 के अवसर पर हमारे राज्य के सभी श्रमिक भाई–बहनों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिक बन्धुओं की महत्वपूर्ण भूमिका निहित होती है तथा उसका औद्योगिक विकास, उत्पादकता एवं विकासशील गतिविधियाँ श्रमिकों की कार्य कुशलता एवं उनकी मेहनत करने की क्षमता पर ही निर्भर करती है।

मई दिवस सम्पूर्ण विश्व में श्रमिकों की एकता एवं संघर्ष को याद दिलाता है एवं इस अवसर पर हम सभी श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट करते हैं। श्रमिक बंधुओं के अथक प्रयास एवं अदम्य साहस हमारे लिए प्रेरणादायक हैं। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए श्रमिकों का समग्र प्रयास एकता का अद्वितीय मिसाल है। सरकार इनके अधिकारों की सुरक्षा के साथ श्रमिक बन्धुओं के सबलीकरण हेतु सतत प्रयासरत है। श्रमिक बन्धुओं, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने हेतु श्रम संसाधन विभाग द्वारा कई योजनाओं एवं श्रम अधिनियमों का संचालन एवं प्रवर्त्तन किया जा रहा है।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-002373 (LRD)D. 2025-26





हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों
जोहार !

**"अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई 2025 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएँ।"**

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।

श्रमिक हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्य :-

- ई-श्रमपोर्टल में 96,61,245 असंगठित श्रमिकों का निबंधन कराया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 63030 श्रमिकों को लाभान्वित करने में ₹45.75 करोड़ का व्यय किया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में झारखण्ड राज्य के 217 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना / प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने के उपरांत उनके आश्रितों को ₹2,26,50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। सामान्य मृत्यु की स्थिति में कुल 239 कामगारों के आश्रितों के शव लाने हेतु ₹1,19,50,000 एवं 04 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु के उपरांत कुल ₹20,00,000 की सहायता प्रदान की गयी।
- 31 मार्च 2025 तक 17,28,508 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,67,636 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं में कुल ₹1,09,22,76,891 की राशि का लाभ दिया गया।

**1 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।**

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-351490 (Labour Employment and Traning) 25-26

### मुख्यमंत्री ने जातीय गणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का किया स्वागत

# योजनाओं को बनाने में होगी सहूलियत : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश में जनगणना के साथ जातीय गणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना कराने की हम लोगों की मांग पुरानी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले से योजनाओं को बनाने में सहूलियत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आने वाले समय में जाति जनगणना कराने का फैसला ऐतिहासिक व अत्यंत स्वागत योग्य है। यह उन नेताओं के लिए भी एक सबक है जो जातीय जनगणना का राग तो बहुत अलापते रहे, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने पर भी कुछ किया नहीं। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान एवं विकास के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन तथा धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में जातीय आधारित जनगणना को मंजूरी देकर देशहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मेरी और मेरी पार्टी की एक लंबे अर्से से मांग रही थी कि देश में जातीय आधारित जनगणना कराई जाए , आज इस मांग को स्वीकृति मिल चुकीं है। इसको लेकर मैं देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। पिछले कुछ वर्षों में जातीय जनगणना को लेकर मेरे और केंद्र सरकार के बीच कई भ्रांतियां फैलाई गईं। आज का निर्णय इन सभी अफवाहों का स्पष्ट जवाब है। केंद्र सरकार का यह कदम देश के समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाएगा। जातीय जनगणना से नीतियों को अधिक न्यायसंगत और लक्षित बनाने में मदद मिलेगी। इससे वंचित तबकों को सशक्त करने की दिशा में ठोस जानकारी और आधार मिलेगा। जो लोग मोदी सरकार की नीयत पर शक करके जाति जनगणना के मुद्दे पर दिन रात राजनीति करते थे वो अब कौन सा नया पैंतरा अपनाएंगे ये देखना दिलचस्प होगा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की कैबिनेट द्वारा 'जातिगत जनगणना' कराने का निर्णय ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया मोदी सरकार की योजनाओं को प्रभावी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार की तीन महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को आम जनजीवन में परिवर्तनकारी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में ठोस पहल की है। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना- ये तीनों योजनाएं देश के करोड़ों नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा का भरोसा दे रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत अब तक 30.57 करोड़ से अधिक लोगों का पंजीकरण हो चुका है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 14.02 करोड़ से अधिक लोग बीमा सुरक्षा से जुड़े हैं। इसके साथ ही अटल पेंशन योजना में 5.13 करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, इन योजनाओं ने न केवल लोगों को जीवन में सुरक्षा दी है, बल्कि जीवन के बाद भी उनके परिवारों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। यही है मोदी जी का कमाल, जिसने हर गरीब और कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की यह सोच है कि हर नागरिक का जीवन खुशहाल और सुरक्षित हो और इन योजनाओं के माध्यम से वह सपना अब साकार हो रहा है।

# मिट्टी की जांच से किसानों को मिलेगा उर्वरक उपयोग का सही मार्गदर्शन : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि मिट्टी की जांच से किसानों को उर्वरक उपयोग का सही मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के तहत बिहार राज्य में वर्ष 2025-26 के लिए किसानों के खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता जांचने एवं उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कुल तीन लाख मिट्टी नमूनों की जांच कर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना किसानों को उर्वरकों के संतुलित और वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को उनके खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति की जानकारी मिलेगी जिससे वे कार्ड में उल्लिखित अनुशंसित मात्रा के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग कर सकेंगे। इससे न केवल खेती की लागत में कमी आएगी, बल्कि पैदावार में भी बढ़ोतरी होगी जिससे किसानों की आय में सुधार होगा। विजय सिन्हा ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 11,841 मिट्टी नमूनों का संग्रहण किया जा चुका है। यह कार्य विभिन्न मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 में राज्य के सभी पंचायतों में प्रत्यक्षण (डेमोंस्ट्रेशन) का कार्य किए जाने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह प्रत्यक्षण एक हेक्टेयर के ग्रिड के आधार पर किया जाएगा जिसमें आने वाले सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इससे किसानों को अपने खेत की मृदा संरचना और आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी सुलभ होगी।

# नौकरी के बाजार का हो रहा विकास : शशि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वित्त वर्ष 2025 में भारत के नौकरी बाजार में तेजी बनी हुई है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत में नियोक्ताओं द्वारा विशेषकर टेक प्रतिभाओं और फ्रेशर्स की नियुक्ति पर दोगुना जोर दिया जा रहा है। इनडीड की लेटेस्ट 'हायरिंग ट्रैकर' रिपोर्ट के अनुसार 82 प्रतिशत नियोक्ताओं द्वारा जनवरी से मार्च, 2025 के बीच नियुक्तियां की गईं तथा अक्टूबर और दिसंबर 2024 के मुकाबले नियुक्तियां 3 प्रतिशत बढ़ीं। इनडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा नौकरी के बाजार का विकास हो रहा है।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में वार्षिक हिंदी ई-पत्रिका का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में आज भव्य समारोह के दौरान वार्षिक हिंदी ई-पत्रिका 'पूर्वायन' का विमोचन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1), सुदीप नाग ने विधिवत रूप से इस पत्रिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री नाग ने राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में इस प्रकार की रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं की गुणवत्ता एवं विविधता की विशेष प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायक प्रयास बताया। यह वार्षिक ई-पत्रिका पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, उपलब्धियों और नवाचारों को दर्शाती है। साथ ही इसमें कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की मौलिक एवं स्वलिखित कविताएं, कहानियां, लेख एवं अन्य साहित्यिक रचनाएं भी सम्मिलित की गई है जो इस पत्रिका को विशेष बनाती हैं। इस अवसर पर एनटीपीसी के क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार चावला, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शुभदीप सोम, एनटीपीसी-प्रवक्ता विश्वनाथ चन्दन, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. पी. सामंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन राजभाषा अधिकारी पवन कुमार पांडेय द्वारा किया गया। एनटीपीसी, भारत सरकार का एक 'महारत्न' उपक्रम होने के नाते, न केवल विद्युत क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि राजभाषा हिंदी को संस्थागत कार्यप्रणाली में प्रभावशाली ढंग से समाहित कर अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रतिबद्धताओं का भी निर्वहन कर रहा है।

# एफआरयू को सुदृढ़ कर प्रसूति एवं नवजात शिशु देखभाल को बेहतर बनाने की कवायद : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एफआरयू की क्रियाशीलता बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता दोनों है। सरकार क्रियाशील एफआरयू पर सिजेरियन प्रसव को लेकर सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। राज्य में अगस्त 2024 से दिसंबर 2024 के बीच राज्य में क्रियाशील एफआरयू की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुयी है। प्रदेश में अगस्त 2024 में 69 क्रियाशील एफआरयू थे, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 106 हो गए हैं। यह मातृ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव है जिससे ग्रामीण और दूरदराज की आबादी को भी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानक के अनुरूप प्रत्येक एफआरयू पर 5 से 10 सिजेरियन प्रसव कराने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में माताओं और नवजातों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए चिकित्सकों को पदस्थापित कर समस्या का समाधान करने पर भी जोर दिया गया है। साथ ही एफआरयू पर रात्रि में सिजेरियन प्रसव की सुविधा को स्वास्थ्य विभाग बेहतर करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए जिलों के सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रात्रि में सिजेरियन प्रसव बढ़ाने के लिए सुधारात्मक कार्यवाही करेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि आम-जनों को एफआरयू की सेवाओं के बारे में अवगत कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी जिला अस्पतालों में सूचनात्मक बोर्ड लगाने का निर्देश दिए गए हैं।

# बंधन बैंक का कुल कारोबार 11% बढ़कर 2.88 लाख करोड़ हुआ

## कुल जमा राशि सालाना 12% बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए पहुंची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मुंबई।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इस दौरान बैंक का कुल कारोबार 11% की वृद्धि के साथ 2.88 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक में कुल जमा में रिटेल की हिस्सेदारी अब लगभग 69% है। बैंक के विस्तारित वितरण नेटवर्क, बेहतर संचालन क्षमता और अनुकूल व्यावसायिक माहौल के कारण पिछली तिमाही में वृद्धि दर्ज की गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 2,745 करोड़ रुपए रहा है।

बैंक अब भारत के 36 में से 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 6,300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से 3.15 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है। बंधन बैंक में कार्यरत कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 75,000 है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के दौरान बैंक ने अपनी जमा राशि में सालना 12% की वृद्धि दर्ज की। बैंक की डिपॉजिट बुक बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इसी अवधि में कुल अग्रिम राशि 1.37 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात कुल जमा का 31.4% बना हुआ है जो एक अच्छा संकेत है। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात यानी कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो (सीएआर), जो वित्तीय स्थिरता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, 18.7% पर बना हुआ है जो नियामक मानदंड से कहीं अधिक है।

बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बैंक के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा बंधन बैंक का प्रदर्शन हमारी संतुलित रणनीति, सुदृढ़ गवर्नेंस और ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है। 'बंधन बैंक 2.0' की ओर बढ़ते हुए हमारा ध्यान डिजिटलीकरण, वितरण विस्तार, परिसंपत्ति विविधीकरण और ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर करने पर केंद्रित है। ताकि दीर्घकालिक मूल्य और सतत वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

बैंक अपनी परिसंपत्ति संरचना के विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिसमें रिटेल पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर रणनीतिक जोर दिया जा रहा है। दक्षता बढ़ाने, उत्पादकता सुधारने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में तेजी लाना बैंक की प्राथमिकता है।

# महिलाओं की साक्षरता दर में हुई ऐतिहासिक वृद्धि : सुनील कुमार

## सरकार शारीरिक प्रशिक्षकों की मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सोमवार को कहा कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में महिलाओं की साक्षरता दर में ऐतिहासिक वृद्धि हुयी है। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी मौजूद थे। सुनील कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन स्थापित हुआ है और राज्य ने सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि खास कर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में ठोस सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विशेष रूप से महिलाओं की साक्षरता दर पहले जहां 34 प्रतिशत थी, अब बढ़कर लगभग 74 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पोशाक योजना, साइकिल योजना और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के चलते बालिकाओं की स्कूलों में उपस्थिति में भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे बालिका शिक्षा को नई मजबूती मिली है। इससे पहले जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने शारीरिक प्रशिक्षकों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी।

# राहुल गांधी के संघर्ष का परिणाम है जातिगत जनगणना की मंजूरी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जातिगत जनगणना पर कांग्रेस पार्टी और हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी लगातार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को जनसंख्या के आधार पर भागीदारी और हिस्सेदारी की बात समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन देर से ही सही केंद्र की मोदी सरकार ने आज कैबिनेट के फैसले में हमारे नेता राहुल गांधी के इस सुझाव को मानते हुए हमारे शीर्ष नेता के नीतियों का समर्थन किया और उनकी दूरदर्शिता के सामने घुटने टेकने का काम किया। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने आज केंद्र की मोदी सरकार के जातिगत जनगणना कराने की घोषणा के बाद कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारे नेता राहुल गांधी लगातार अपनी जनसभाओं से इस बात को गंभीरता से उठाते रहे। विपक्ष के नेता बनने पर भी सदन में अपने पहली भाषण में उन्होंने कहा था कि सरकार को हम जातिगत जनगणना कराने को मजबूर कर देंगे और आज देश भर में उनके द्वारा इसके लिए जगाए गए अलख का परिणाम है कि सरकार बैक फुट पर आकर उनके इस मांग को मान ली। नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार कहते रहे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार इसे झुठलाती रही, लेकिन आज जनसंख्या के साथ जातिगत जनगणना को भी केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकार किया और निश्चित तौर पर इससे सभी वंचित समाज को वाजिब हक मिलेगा। हम इसके उचित रूप में लागू होने तक इसपर पैनी निगाह बनाकर रखेंगे ताकि मोदी सरकार का यह नया जुमला साबित न हो।

# सिर्फ गणना हो जाने से देश में सुधार नहीं होगा : प्रशांत किशोर

## गणना के नतीजों पर सरकार काम करेगी तब सुधार होगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना को मंजूरी दिये जाने पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि किसी प्रकार की गणना जिससे समाज के बारे में बेहतर जानकारी हो, इससे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ गणना हो जाने मात्र से देश में सुधार नहीं होगा। गणना के नतीजों पर सरकार काम करेगी तब सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना रिपोर्ट में गरीब परिवारों को 2 लाख रुपए रोजगार के लिए देने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक नहीं मिला। प्रशांत किशोर ने कहा कि सिर्फ किताब खरीद लेने से आप विद्वान नहीं बन जाएंगे, किताब को पढ़कर समझना भी पड़ेगा।

# बिहार में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर तेजस्वी के आरोप राजनीति से प्रेरित : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बयानों को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि हम इतिहास के गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ना चाहते है, लेकिन जब तक तेजस्वी यादव अनाप-शनाप बोलते रहेंगे तो उन्हें आईना दिखाना पड़ेगा। उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि उनके माता एवं पिता के कार्यकाल में क्या-क्या भोगना पड़ा है। लोमहर्षक नरसंहारों, फिरौती के लिए अपहरण, जातीय सेनाओं एवं अतिवादी संगठनों के बीच संघर्ष और इलाकाई समानांतर सरकारों तथा बाहुबलियों के कहर से त्रस्त राज्य नीतीश शासन में बदलने लगा। अराजकता के स्थान पर सुशासन की सरकार स्थापित हुई। थानों के जीर्णोद्धार, वैज्ञानिक अनुसंधान, फॉरेंसिक्स की बेहतरी, आधुनिक तकनीक एवं आग्नेयास्त्र एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सीधी मॉनिटरिंग के बदौलत बिहार प्रति लाख व्यक्तियों के आधार पर अपराध दर देश के ज्यादातर राज्यों से बहुत कम हुआ है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वहीं भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले तेजस्वी जमीन दो नौकरी लो के बहुचर्चित घोटाले में लगातार एजेंसियों के सामने खड़े हो रहे हैं और उनके पिता लालू प्रसाद कुख्यात चारा घोटाला के मामले में सजायफ्ता होते हुए भी राष्ट्रीय राजद के अध्यक्ष पद पर बने हुए हैं। राजद शासन घोटालों एवं भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका था।

# अक्षय तृतीया पर शक्तिधाम स्थित श्री दादीजी मंदिर में भव्य आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बैंक रोड शक्तिधाम स्थित दादी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण एक भव्य आयोजन संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस विशेष अवसर पर दादीजी का दिव्य श्रृंगार किया गया, छप्पन भोग अर्पित किया गया और आरती तथा भजनों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। शक्तिधाम महिला मंडल की शकुन्तला अग्रवाल, चंदा पोद्दार, रेखा मोदी, अनसुईया खेतान, सरिता बंका, सरोज बंका, इंदिरा खंडेलवाल, रिमझिम सर्राफ, रेणु बजाज, सीमा माखरिया, प्रियंका पोद्दार, प्रीति अग्रवाल एवं उपस्थित भक्तजनों द्वारा दादीजी के भजनों की सरिता बहाई गई जिससे सम्पूर्ण परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। अग्रवाल ने बताया कि इस पुण्य अवसर पर दादी भक्तों द्वारा नवनिर्मित आभूषण दादीजी को अर्पण किए गए जिससे उनकी प्रतिमा और भी दिव्य व आकर्षक प्रतीत हुई।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में हिंदी के प्रचार-प्रसार पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की द्वितीय क्षेत्रीय बैठक आज कोलकाता स्थित मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने की। बैठक में अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार, मुख्य अभियंता सुनील दास, मुख्य यांत्रिक अभियंता विजय शर्मा, मुख्य परिचालन प्रबंधक राकेश रंजन, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मीनाक्षी सिन्हा, मुख्य विद्युत इंजीनियर अरुण भौमिक, मुख्य सूचना अधिकारी देवाशीष डे, मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरजीत सिंह, मुख्य कार्मिक अधिकारी कविता मेहरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र चौधरी, मुख्य लेखा अधिकारी विवेक तिवारी समेत सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके अलावा खड़गपुर मंडल के रेल प्रबंधक राजेश कुमार, रांची मंडल के अपर रेल प्रबंधक सुधीर कुमार, आद्रा मंडल के अपर रेल प्रबंधक नीरज वर्मा, चक्रधरपुर मंडल के सहायक मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण मिश्रा और खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी मनीष सिंह वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे में हो रहे राजभाषा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की दिशा तय की गई। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अहिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए न केवल मुख्यालय बल्कि मंडलों में भी हिंदी वाक प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और यह एक सकारात्मक प्रयास है। वाक्य प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें सतत प्रयास करते हुए न केवल राजभाषा कार्यान्वयन के लक्ष्यों को बनाए रखना है, बल्कि उन्हें और बेहतर करना है। बैठक के दौरान चक्रधरपुर मंडल के सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार ने 'सडन कार्डियक डेथ' विषय पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी जिसे सभी अधिकारियों ने सराहा। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अविनाश कुमार पाण्डेय, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (कोचिंग) ने किया।

# टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में मजदूर दिवस का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर रोड न. 6 के प्रांगण में मजदूर दिवस के उपलक्ष में समाज में काम करने वाले निम्न वर्ग के सहायक कर्मियों को समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के द्वारा कक्षा मोंटेसरी 2 से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे हमारे समाज के सहायक कर्मियों की वेश भूषा धारण कर आए जिसमें अंशिका, संजल, अर्निका, समृद्धि - सब्जी विक्रेता, नाव्या, मयांक, श्रेयशी - फल विक्रेता, मिस्बाह - मछुआरा, इस्माइल - मिल्कमैन, प्रत्यांश-माली, लक्ष्य - नाई, पुलिसमैन उत्कर्ष, आराध्या, तस्मिया - दर्जी, वैदिक - ड्राईवर के रूप में आए। विद्यालय के निर्देशक राजीव भार्गव और विद्यालय की प्रधानाचार्य शिवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में हमारी सहायता करने वाले लोगों के प्रति आदर सम्मान की भावना जागृत करना था एवं यह सन्देश देना था कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता।

# आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मिलने वाली सेवाओं व लाभ के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के ओपीडी क्षेत्र में नारायण नर्सिंग कॉलेज की ओर से आयुष्मान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मिलने वाली सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा आम जन जीवन को इससे होने वाले लाभ के प्रति जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत दिवस हर साल 30 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिवस उस ऐतिहासिक पहल की याद दिलाता है जब आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत हुई थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार के द्वारा प्रदत यह एक ऐसी क्रांति है जिसने करोड़ों भारतीयों को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में आशा की नई किरण प्रदान की है। संस्थान के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने आयुष्मान भारत योजना द्वारा नारायण मेडिकल कॉलेज के तत्वावधान में की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संस्थान के चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मचारी एवं सभी अस्पताल कर्मचारियों को साधुवाद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लगातार चार वर्षों से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सेवा प्रदाता के रूप में बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करता रहा है जो कि संस्थान के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 से लेकर अब तक नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के माध्यम से लगभग पचास हजार मरीजों का उपचार किया जा चुका है जो कि बिहार में निजी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल के लिए सर्वाधिक संख्या है।

# लापता व्यवसायी देहरादून में मिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के न्यू डिलिया निवासी व्यवसाई व समाजसेवी मनीष कुमार सिंह मंगलवार दोपहर से लापता है। उनका वाहन उत्तरप्रदेश के मुगलसराय के टेंगरा मोड़ के पास मिला। वे मुंबई जाने को फ्लाइट पकड़ने वाराणसी जा रहे थे। एसपी रौशन कुमार के अनुसार मनीष सिंह खुद अपना वाहन ड्राइव कर वाराणसी जा रहे थे। अब तक के जांच के क्रम में मोहनियां टोल पर दोपहर में वाहन खुद चलाते वाराणसी की ओर गए हैं। उत्तरप्रदेश के मुगलसराय के टेंगरा मोड़ पर उनका वाहन लावारिस अवस्था में मिला है। उन्हें आज वाराणसी से मुंबई फ्लाइट से जाना था। उनका मोबाइल बंद है। उन्होंने बताया कि यूपी पुलिस से भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तकनीकी जांच के बाद ट्रेन से यात्रा कर रहे मनीष को आरपीएफ के सहयोग से देहरादून में ट्रेन से उतरते रोका और उसे डिहरी लाया जा रहा है। पूछताछ के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मनीष सिंह वाहन व्यवसाय से जुड़े हैं। सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय हैं। उनके देहरादून में मिलने पर स्वजनों में खुशी है।

# पीडीएस विक्रेताओं की हड़ताल आज से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर 1 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने का घोषणा किया है। गौरतलब है कि बिगत 20 जनवरी 2025 से पटना के गर्दनीबाग में 80 वर्षीय जन वितरण विक्रेता अंबिका यादव ने बिहार के 55000 जन वितरण विक्रेताओं की विभिन्न मांगों के समर्थन में भूख हड़ताल शुरू किया था जिसे लेकर सरकार के सचिव द्वारा वार्ताकर मांग पूरा करने का भरोसा जताया था जो अभी तक डीलरों को कुछ नहीं मिला जिसे लेकर अंबिका यादव द्वारा पुनः 1 मई 2025 से हड़ताल की घोषणा किया है जो जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ की प्रमुख मांगों में सरकारी सेवक घोषित करने या 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने या तीन सौ रुपए प्रति क्विंटल कमीशन देने के साथ ही अनुकंपा के आधार पर बहाली में उम्र सीमा समाप्त करने व पूर्व के नियमों को लागू किये जाने, मैन्युअल रजिस्टर समाप्त करने, साप्ताहिक अवकाश दिया जाना शामिल है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त मांगों को लेकर कई बार धरना व प्रदर्शन किया गया, लेकिन मांगे नहीं मानी गयी। उक्त मांगों को लेकर 1 मई 2025 से पुनः अंबिका यादव पटना के गर्दनीबाग में हड़ताल पर बैठेंगे जिनके समर्थन में हम सभी जन वितरण विक्रेता अपने मांगें पूरा करने के लिए हड़ताल पर जा रहे हैं।

# प्रीमियर लीग मैच का विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** रामपुर प्रखंड के पटना प्रीमियर लीग मैच का उद्घाटन कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने फीता काट के उद्घाटन किया। युवा नेता विकास सिंह को खिलाड़ियों ने ग्रामीणों ने भव्य तरीके से स्वागत किया। सर्वप्रथम पसाई बनाम बरांव के बीच टूर्नामेंट का मुकाबला चल रहा है। सर्वप्रथम युवा नेता लल्लू पटेल ने बल्लेबाज करके खेल को आरंभ कराया। युवा नेता लल्लू पटेल संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले के युवा खेल को खेल जैसा खेले, खेल ऐसी चीज है शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने युवाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि खेत के मैदान में पीच बनाकर एक शानदार टूर्नामेंट का मुकाबला कर रहे हैं यह सराहनीय विषय है। उन्होंने युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि स्थानीय खिलाड़ी खेलकूद के मैदान से जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं इंटरनेशनल खिलाड़ी बनते हैं।

# डीडीयू मंडल ने सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को किया समापक भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा माह अप्रैल -2025 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना रहे। आज डीडीयू मंडल के कुल 21 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल रु. 7,39,99,299/- का समापक भुगतान किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के स्वास्थ्य एवं समृद्ध जीवन की कामना की। रेल प्रशासन के भविष्य में सेवानिवृत कर्मियों की सेवा में तत्पर रहने की बात कही गई। सभी को मंडल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। समारोह में मंडल के विभिन्न उच्च अधिकारी, मंडल के यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा रेलकर्मी उपस्थित रहे।


भारतीय रेल



डिजिटल घड़ियों की डिज़ाइनिंग के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता

प्रारंभ तिथि: 01.05.2025 | अंतिम तिथि: 31.05.2025

**प्रस्तुतिकरण विधि:** उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली छवियाँ (न्यूनतम 300 डीपीआई, 2 एमबी से अधिक) बिना वॉटरमार्क या लोगो के **contest.pr@rb.railnet.gov.in** पर ईमेल के माध्यम से भेजी जानी चाहिए।

**मौलिकता:** प्रस्तुतियाँ मौलिक होनी चाहिए, बौद्धिक संपदा उल्लंघनों से मुक्त होनी चाहिए और मौलिकता का प्रमाणन साथ में संलग्न होना चाहिए।

**स्वामित्व:** चयनित डिज़ाइनों का कॉपीराइट भारतीय रेल के पास रहेगा।

**एक से अधिक प्रविष्टियाँ:** अलग-अलग मौलिकता प्रमाणन के साथ प्रस्तुत की जा सकती हैं।

| श्रेणी | प्रथम पुरस्कार | सांत्वना पुरस्कार |
|---|---|---|
| पेशेवर | ₹5,00,000/- | 50,000 रुपये प्रत्येक के 05 सांत्वना पुरस्कार |
| कॉलेज के छात्र (किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हों) | | 50,000 रुपये प्रत्येक के 05 सांत्वना पुरस्कार |
| स्कूली छात्र (12वीं कक्षा तक) | | 50,000 रुपये प्रत्येक के 05 सांत्वना पुरस्कार |

**अतिरिक्त लाभ:** ● सभी विजेताओं को मान्यता प्रमाणपत्र ● प्रत्येक विजेता और उसके एक साथी को उनके घर से पुरस्कार समारोह स्थल तक आने-जाने के लिए निःशुल्क 3ए-क्लास रेलवे पास

**महत्वपूर्ण दिशानिर्देश:** ● डिजाइन अभिनव, कार्यान्वयन के लिए व्यावहारिक होना चाहिए, तथा भारतीय रेल की भावना को प्रतिबिंबित करता हुआ होना चाहिए ● प्रतिभागियों को अपने डिजाइन के पीछे के विचार को स्पष्ट करते हुए एक संक्षिप्त अवधारणा नोट (300 शब्दों तक) प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ● किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी या कॉपीराइट उल्लंघन वाली प्रस्तुतियाँ अयोग्य घोषित कर दी जाएँगी

अधिक जानकारी और नियम व शर्तों के लिए भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट www.indianrailways.gov.in पर जाएँ।




# एक ही रात दो घरों में बड़ी चोरी दस लाख की संपत्ति पर हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** छबीलापुर थाना क्षेत्र के बेलदार बीघा गांव में बीती रात चोरों ने दुस्साहसिक तरीके से एक ही परिवार के दो घरों को निशाना बनाते हुए लगभग दस लाख रुपये की संपत्ति चुरा ली। चोरी की यह वारदात विजय कुमार और उनके दिल्ली निवासी भाई अजय प्रसाद के बंद पड़े घर में हुई। पीड़ित परिवार इस घटना से सदमे में है और गांव में दहशत का माहौल है। विजय कुमार की पत्नी पुष्पा सिन्हा ने रोते हुए बताया कि रात लगभग दो बजे नींद खुलने पर उन्होंने देखा कि उनका कमरा बाहर से बंद था। किसी तरह मोबाइल के जरिए मदद मांगकर दरवाजा खुलवाया तो देखा कि अंदर के कमरे का ताला टूटा पड़ा था और अलमारी से नगदी व जेवरात सहित लाखों की संपत्ति गायब थी। उन्होंने बताया कि बेटे के गृह प्रवेश और भतीजी की शादी के लिए गहने बनवाए गए थे, जिनमें सोने की चेन, अंगूठी, टॉप्स, झुमका, झुमकी, बेसर, चांदी का ग्लास, चम्मच, पायल और बिछिया शामिल हैं। वहीं, उनके भाई अजय प्रसाद का घर बंद था, जिसका ताला तोड़कर चोरों ने अंदर प्रवेश किया और छत के रास्ते उनके घर में दाखिल होकर वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना रात तीन बजे दी गई थी, लेकिन पुलिस सुबह सात बजे पहुंची। छबिलापुर थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि एफएसएल टीम और स्कॉट डॉग की मदद से जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने दावा किया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, लेकिन अब तक पीड़ित की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

## मनमानी टैक्स वसूली से नगरवासियों में आक्रोश

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर नगर परिषद क्षेत्र में मनमानी टैक्स वसूली से नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। राजद के नगर अध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में लगने बाला उलूल जुलूल होल्डिंग टैक्स उगाही किया जा रहा है। जिससे आम नगरवासियों में रोष व्याप्त है। इसलामपुर नगर परिषद का विगत दो वर्षों होल्डिंग टैक्स की बंदोबस्ती कर निजी लोगों को दे दिया गया है। बंदोबस्ती के बाद उनके मातहत कर्मचारी पूर्व के होल्डिंग टैक्स से कई गुणा अधिक मनमाफिक बेरोकटोक जबरन वसूली कर रहे हैं। कहा कि एक टैक्स पेयरर्स ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि मुंह देखकर और जैसन देवता वैसा पूजा की तर्ज पर वसूली किया जा रहा है। होल्डिंग टैक्स का जितना वितीय वर्ष का बकाया हो, पूरा होल्डिंग टैक्स वसूलने के दौरान बकाया वितीय वर्ष का विलम्ब शुल्क भी मनमानी ढंग से अप टू डेट कर वसूला जा रहा है।

# बस व बाइक की सीधी टक्कर में बाइक चालक की मौत, दूसरा घायल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर बुधवार की सुबह सरौनी गांव के चिमनी भट्टा के पास बस और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दूसरे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत एवं घायल दोनों युवक आपस में ममेरे-फुफेरे भाई बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान रोह थाना क्षेत्र के गेवाली गांव निवासी प्रदीप यादव के लगभग 21 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार जबकि घायल की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के रधवा गांव निवासी मदन यादव के लगभग 18 वर्षीय पुत्र आनन्द कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक अपने ममेरे भाई के साथ कौआकोल थाना क्षेत्र के मननियांतरी गांव स्थित अपने मौसी के घर से शादी समारोह से बुधवार की सुबह अपने ननिहाल बाइक से रधवा गांव जा रहा था। इस बीच विपरीत दिशा से आ रही जय मां चामुंडा नामक बस की चपेट में आ गया। जिससे कमलेश कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि आनन्द कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने कमलेश कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि आनंद कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने बस चालक रोह थाना के दिवाकर प्रसाद को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले आई एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है एवं पीड़ित स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# नरहट मुखिया की जमानत रद्द करने की कोर्ट से पुलिस ने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस ने बहुचर्चित हथियार बरामदगी कांड में नरहट पंचायत के मुखिया एहतेशाम गुड्डु की जमानत रद्द करने की अपील न्यायालय से की है। नरहट के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उमाशंकर सिंह द्वारा अग्रसारित पत्र को पुलिस सहायक अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार ने 19 अप्रैल 24 को नवादा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को समर्पित अपने प्रतिवेदन में नरहट ग्राम पंचायत के मुखिया एहतेशाम कैसर उर्फ गुड्डु की अपराधिक गतिविधियों के मद्देनजर जमानत जनहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से निरस्त करने की अपील की है। पुलिस द्वारा न्यायालय में समर्पित दो पृष्ठीय विस्तृत प्रतिवेदन में प्रसंगाधीन मुखिया के विरुद्ध कतिपय गंभीर आपराधिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए उन्हें आपराधिक चरित्र का व्यक्ति प्रतिवेदित किया गया है। प्रसंगाधीन पुलिस प्रतिवेदन में उक्त मुखिया के विरुद्ध तेरह विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपित्त होने का आपराधिक इतिहास भी न्यायालय को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल 2023 की देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जनता दल युनाईटेड के वरीय नेता मंजूर आलम के आवास परिसर में छापामारी कर भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र और विष्फोटक पदार्थ बरामद किया था। इस मामले में जदयू नेता और उनके परिजनों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर इस मामले की उच्च स्तरीय जाँच में पाया गया कि नरहट ग्राम पंचायत के मुखिया एहतेशाम कैसर गुड्डू ने पूर्व नियोजित ढंग से हथियारों का यह जखीरा मंजूर आलम एवं उनके परिजनों को फंसाने के लिए रखा था। जांच के दौरान पुलिस को सूचना देनेवाले खबरी ने कड़ी पूछताछ के दौरान साजिश का पर्दाफाश कर दिया था, जिसके आधार पर पुलिस ने इस मामले में संलिप्त आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस का मानना है कि जमानत प्राप्ति के उपरांत उक्त मुखिया अपने सहयोगियों के साथ इस मामले के गवाहों को डरा-धमका रहे थे 28.मार्च -2025 को उन्होंने दर्जनों लोगों के साथ जनता दल यू नेता मंजूर आलम के घर में घुसकर गाली-गलौज और जान मारने की धमकी दी थी जिसके आधार पर नरहट प्रखंड जदयू अध्यक्ष एहतेशाम कैसर उर्फ बंटी और गुड्डू मुखिया सहित पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिक दर्ज की है। पुलिस द्वारा न्यायालय में दिये गए अपील पत्र के बाद नरहट मुखिया की मुश्किलें बढ़ गयी है ।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. डॉ. अशोक कुमार वर्मा की पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा के पिता स्व. डॉ. अशोक कुमार वर्मा की पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। बिहारशरीफ के बरादरी (दायरा) स्थित वर्मा नर्सिंग होम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्व. डॉ. अशोक कुमार वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार, सचिव कुमार रवि, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा और उनके परिजनों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्व. डॉ. अशोक कुमार वर्मा के योगदान को याद करते हुए इस अवसर पर उनके सामाजिक और चिकित्सकीय कार्यों की सराहना की गई।

# नालंदा में होने वाली तीन दिवसीय संगोष्ठी की तैयारी जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा संपोषित तीन दिवसीय प्रथम अधिवेशन सह राष्ट्रीय संगोष्ठी 10 से 12 मई 2025 को होने जा रहा है। जिसका आयोजक इतिहास संकलन समिति, दक्षिण बिहार, पटना है। इसका आयोजक स्थल नालंदा खुला विश्वविद्यालय नालंदा रखा गया है। कार्यक्रम की व्यवस्था देखने और सुचारू रूप से भी चलाने हेतु विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। बाहर से आने वाले अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों की रहने से संबंधित सभी जानकारी ली गई। साथ ही इतिहास से संबंधित प्रदर्शनी लगाने की जानकारी दी गई। व्यवस्था की जानकारी लेने पहुंचे सदस्यों में प्रोफ़ेसर राजीव रंजन, राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली, डॉ मीता विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय, शैलेश कुमार महासचिव, इतिहास संकलन समिति दक्षिण बिहार, डॉ सूर्य नारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष, इतिहास संकलन समिति दक्षिण बिहार, डॉ. होगायल, सहायक समन्वयक इग्नू, नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ, डॉ दिलीप कुमार सदस्य इतिहास संकलन समिति, डॉ आभा सहायक प्राध्यापिका नालंदा महिला कॉलेज बिहारशरीफ , सोमा चटर्जी शोध छात्रा,डॉ श्रीमन्नारायण पाठक मीडिया प्रभारी इतिहास संकलन समिति, राहुल झा सदस्य इतिहास संकलन समिति इत्यादि शामिल हुए। इसकी जानकारी हमे डॉ आभा सहायक प्राध्यापिका नालंदा महिला कॉलेज बिहारशरीफ एवं इतिहास संकलन समिति की स्थाई सदस्या भी है। डॉ आभा ने बताया कि नालंदा हमारी जन्मभूमि हैं ,और अब कर्मभूमि भी है इस ऐतिहासिक स्थल की ऐतिहासिक महत्व को को बनाए रखना है।

# आग से बचाव को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



हिलसा (नालंदा)। गर्मी के मौसम में आगजनी की बढ़ती घटनाओं को लेकर अग्निशमन विभाग द्वारा हिलसा अनुमंडल क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। बुधवार को हिलसा, इस्लामपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों में अग्निशमन कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल कर गैस सिलेंडर में लगी आग, बिजली से उत्पन्न आग और ग्रामीण इलाकों में फैलने वाली आग से बचाव की जानकारी आमजन को दी गई। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शंभु कुमार सिंह ने बताया कि पंपलेट वितरण और मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को आग से बचने और आग लगने की स्थिति में उचित कदम उठाने की जानकारी दी जा रही है। पंपलेट में आग से बचाव के उपाय और स्थानीय फायर स्टेशन का संपर्क नंबर भी शामिल है, जिसे हर घर में रखना आवश्यक बताया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसका एक बड़ा कारण सावधानी में लापरवाही है। आमजन को यह समझना होगा कि छोटी-छोटी सतर्कताएं बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि गैस सिलेंडर का इस्तेमाल सावधानी से करें, चूल्हे की जलती राख को पूरी तरह बुझाकर ही बाहर फेंके, और बीड़ी-सिगरेट या अन्य ज्वलनशील पदार्थों को खुले स्थान पर न फेंकें। इसके अलावा, बिजली के तार या पोल के पास फसल या अन्य सामग्री रखने से भी परहेज करें। इस अवसर पर अग्निशमन दल में अग्निचालक कृष्णा पंडित, नागेंद्र कुमार यादव, रंजीत कुमार यादव समेत करीब आधा दर्जन कर्मी उपस्थित रहे।

# 56 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 29 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 3, मद्य निषेध में 9 एवं अन्य गिरफ्तारी 44 कुल 56 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 129 लीटर महुआ शराब एवं 3.375 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-6 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 925 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 1 लाख 36 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल स्कॉर्पियो 1, ट्रैक्टर 1, अपहृता 1, महुआ घोल विनष्ट 800 लीटर, भट्टी विनष्ट 1 बरामद किया गया।

# समग्र विकास अभियान पर सदर विधायक ने उठाये सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** डॉ अंबेडकर समग्र विकास अभियान के तहत एससी-एसटी बस्तियों में लगने वाले शिविर केवल खानापूर्ति वाली योजना बन गई है क्योंकि महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के टेक्नीशियन या अधिकारी शिविर स्थल पर पहुंचते ही नहीं है। बुधवार को नवादा विधान सभा क्षेत्र के सभी 13 टोलों के शिविरों का निरीक्षण के बाद सदर विधायक विभा देवी ने उपर्युक्त बातें कहते हुए स्थानीय पदाधिकारियो के प्रति नाराजगी व्यक्त की है । उन्होंने कहा कि मैं 19 अप्रैल के बाद से ही शिविर लगने वाले प्रत्येक टोलों में जागरूकता अभियान चला कर मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सभी 22 योजनाओं की जानकारी ध्वनि विस्तारक के माध्यम से दे रही हूँ लेकिन शिविर स्थल पर मात्र चार या पांच योजनाओं पर ही काम हो रहा है। उपस्थिति पंजी का अवलोकन करने पर पता चलता है कि अधिकतर शिविरों में प्रतिनियुक्त शिविर प्रभारी भी मौजूद नहीं है। इन शिविरों में केवल बच्चो का जन्म प्रमाणपत्र, दवाइयों का मुफ़्त वितरण और कहीं कहीं पेंशन का काम हो रहा है। कुछ योजनाओं का केवल आवेदन अथवा आधार कार्ड लेकर महादलित परिवार को ठगा जा रहा है। विधायक ने बताया कि राशन कार्ड, आधारकार्ड, नलजल योजना, नाली-गली, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, जनधन योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए किसी भी शिविर में कोई कर्मी मौजूद नहीं रहते हैं जिसके कारण महादलितों को समग्र विकास योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री समेत जिला प्रशासन को भी पत्र लिखकर समस्त योजनाओं के टेक्नीशियन नियुक्त करने की मांग की गई थी। केना पंचायत के सिंदुआरी, खरांठ के अमरपुर , समाय के डगरपर , लोहरपुरा के झपरा, ननौरा के रतनपुर, जमुआवां के आषाढ़ी और झुनाठी के आषाढ़ी बण्डाचक जैसे टोलों में बुधवार को शिविर लगाया गया जहां विधायक विभा देवी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इसके अलावे नारदीगंज प्रखण्ड के छह टोलों में शिविर लगाया गया जहां विधायक द्वारा अधिकृत कार्यकर्ताओं ने निरीक्षण कर बताया कि वहां भी शिविरों में केवल खानापूर्ति की जा रही है। इस संबंध में बीडीओ से बात करने पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। मौके पर घुटर यादव, सुरेन्द्र यादव, भोली यादव, शंभु मालाकार, सुरेन्द्र उपाध्याय, सूरज सिंह मुखिया, मंटू जी, मुकेश यादव समेत दर्जनों स्थानीय कार्यकर्ता शामिल रहे।


## पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-02-25-26, दिनांक: 26.04.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: केपीए-ईआरएस-ओटी-02-25-26। विवरण:** विद्युतीय लोकोमोटिव के कैब इंटीरियर का रूपांतरण। मात्रा: 05 अदद लोको (अर्थात 3 अदद पारम्परिक लोको तथा 2 अन्य 3-फेज लोको)। **निविदा मूल्य: ₹** 1,48,38,423 (जीएसटी एवं अन्य सभी प्रभार सहित)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 17.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 03 महीना। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(MISC-34/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाया नवाचार का जलवा, भविष्य के भारत की झलक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सहजपुरा कादिरगंज स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने विज्ञान आधारित मॉडलों के माध्यम से समाज को नए विचारों की दिशा दिखाई। नन्हे वैज्ञानिकों ने अपने आविष्कारों से दर्शकों को चौंका दिया और देश के भविष्य की झलक पेश की। प्रदर्शनी में कुल 21 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। 'रिसिवेबल रॉकेट' का नेतृत्व स्तुति कुमारी ने किया, वहीं 'स्पीड ब्रेकर से बिजली उत्पादन' जैसे अनोखे प्रोजेक्ट को राजनंदिनी और आयुष कुमार की टीम ने प्रस्तुत किया। राधा रानी ने 'स्मार्ट सिटी' की अवधारणा पर आधारित प्रोजेक्ट को बारीकी से समझाया और बताया कि छोटे शहरों और गांवों को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। आयुष कुमार की टीम ने एक ऐसा डिवाइस तैयार किया जो नींद आने पर वाहन अपने आप ब्रेक लगाकर रुक जाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अनुष्का कुमारी ने 'डिफॉरेस्टेशन' पर प्रोजेक्ट पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। खुशी कुमारी ने 'रेन वाटर हार्वेस्टिंग' और 'सोलर एनर्जी सिस्टम' पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे वर्षा जल को संग्रहित कर गर्मियों में उपयोग किया जा सकता है और हर घर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा कैसे मददगार हो सकती है। चंद्रयान-3 की उड़ान की प्रस्तुति आनंद कुमार वर्मा, हिमांशु राज और शिवम कुमार ने दी। वहीं पुराने और आधुनिक मौसम पूर्वानुमान के तरीके श्वेता कुमारी ने समझाए। स्मार्ट सिटी मॉडल अमन, कार्तिक कुमार और प्रिंस शिवम की टीम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सोनम गुप्ता और स्कूल की डायरेक्टर रश्मि गुप्ता ने फीता काटकर किया। आयोजन को सफल बनाने में शैलेंद्र कुमार सिंह, कृति नारायण, रोशन कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, अखिलेश पांडे, मोनी कुमारी, ममता कुमारी, रिया कुमारी, आफरीन और अंजली कुमारी ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध निदेशक डॉ. आर. पी. साहू ने सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, बाल वैज्ञानिक ही भारत का भविष्य हैं, इन्हें मंच और मार्गदर्शन देना हम सभी की जिम्मेदारी है।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

### आम - सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) के आवेदकों का सत्यापन एवं स्थल जाँचोपरांत प्रथम सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर दिनांक 28.04.2025 को प्रकाशित कर दी गई है।

उक्त सूची में वर्णित आवेदकों के जाँच प्रतिवेदन के संबंध किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो कार्यालय अवधि में दिनांक 28.04.2025 से 08.05.2025 तक साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर परिशद्, बिश्रामपुर

PR 351436 District(25-26)D


# सात पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर बुधवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न सात पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,आवास हेतु सर्वे, जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के पहाड़पुर। पंचायत के दूधपनियां,महुडर के दनियां, खड़सारी के कदहर, मंझिला के भलुआही, पाण्डेयगंगौट के पाण्डेयगंगौट, छबैल के छबैल तथा दरावां के दरावां महादलित टोला में शिविर लगाकर लाभुकों को जरुरी सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मौके पर सभी सम्बंधित पंचायत में नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावे प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, विकासमित्र करुणा कुमारी, शकुंतला कुमारी, चमेली देवी, रिंकू कुमारी, सोहाग कुमारी,तारणी, मांझी, मनोज मांझी आदि मौजूद थे।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**कौआकोल।** बिहार सरकार के निर्देश पर बाल विवाह पर प्रतिबंध लगाने हेतु इन दिनों लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्रखण्ड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय कौआकोल में बाल विवाह नहीं करने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं बच्चों के बीच चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता भी करायी गयी। विद्यालय की वार्डन साधना सिंह एवं लेखापाल अजित कुमार सुमन की देखरेख में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कलाकृति बनाई। वहीं इस दरम्यान बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह नहीं करने एवं इसके रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक करने की अपील लोगों से की।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा गया स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क के संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AA/1 :** गया स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क का संचालन और रखरखाव 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** NFR-DDU- 25-06, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-GAYA-TWnOPS-9-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 14.05.2025 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:30 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य), डी०डी०यू०**

**पीआर/0173/डी०डी०यू०/सीओएमएल/एन/25–26/32**



## e-Procurement Cell

Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

### e-Procurement Notice (Very Short Notice)

**Tender Ref. No.-04/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 29.04.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Internal and External Electrification Work of Medninagar Jail in the District of Palamu. | 87,12,900.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 5-05-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-05-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 14-05-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : 50% of Electrical Work Experience is required for all Bidders.***

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 351427 (Building)25-26*D

# बारात में आए युवक को गोली मारी, घायल

## पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**पालीगंज।** खिरीमोड़ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में मंगलवार की रात एक शादी समारोह के दौरान विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि बारात में आए एक युवक ने रघुनाथपुर गांव के 18 वर्षीय हरेराम कुमार को गर्दन में गोली मार दी। गोली लगते ही बारात में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, रघुनाथपुर गांव निवासी पंडित रामाश्रय शर्मा की नतिनी की शादी रानीतालाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी मनोज सिंह (पैक्स अध्यक्ष) के बेटे से तय हुई थी। मंगलवार को बारात गांव में पहुंची थी। बारात में नाच-गाने का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें हर्ष फायरिंग भी हो रही थी। इसी दौरान बारात में आए कुछ युवक और रघुनाथपुर के ही हरेराम कुमार के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी बीच एक युवक ने पिस्टल से फायर कर दिया, जिससे गोली हरेराम की गर्दन में लग गई। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने घायल युवक को गंभीर हालत में पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही खिरीमोड़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बारात की घेरेबंदी कर जांच शुरू की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने नाच कार्यक्रम के दौरान हुई फायरिंग का वीडियो भी जब्त कर लिया है। पालीगंज डीएसपी प्रीतम कुमार ने बताया कि गोली मारने वाले युवक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शोभा बढ़ा रहा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

## ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददात



मसौढ़ी। सुदूर इलाके के लोगों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच हजार की आबादी पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया है। सेंटर पर जन उपयोगी दवा की व्यवस्था देने का दावा भी किया जाता है। लेकिन एमबीबीएस डॉक्टर नहीं रहने से मरीजों को बेहतर इलाज संभव नहीं हो पाता है। मसौढ़ी प्रखंड में ऐसे तो 20 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाये गये हैं। बाहर से एकदम चकाचक दिखने में बिल्डिंग लगेगी लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर समय पर ना डॉक्टर आते हैं और ना दवा मिल पाता है, मसौढ़ी प्रखंड के बसौर चकिया में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में राजनंदन सिंह, बिगन साव, जितेंद्र साव, कुंदन कुमार अनुज कुमार ललन साव, नागेंद्र सिंह आदि लोगों की माने तो बेहतर चिकित्सीय सुविधा नहीं मिल रहा है। एमबीबीएस डॉक्टर नहीं रहने से यहां गंभीर बीमारी का इलाज संभव नहीं हो पा रहा है। न चिकित्सक आते है और ना ही एएनएम, सेंटर पर ताले लटके रहते हैं। बदहाल स्वास्थ्य विभाग दावा करता है कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलती है। जबकि हकीकत यह है कि जांच व दवा के अभाव में लोगों को गंभीर बीमारी का इलाज नहीं हो पा रही है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर निर्माण होने से ग्रामीणों की उम्मीद बढी थी कि अब गरीबों का इलाज मुफ्त में ही हो जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। जब भी कोई ग्रामीण बीमार होते है, तो वह निजी क्लिनिक की ओर रुख करते है। वही मसौढ़ी पीएससी प्रभारी डॉक्टर रामानुज ने बताया की फिलहाल सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हफ्ते में तीन दिन के लिए बैठते है।

## एक नजर

### नशा करने से मना किया तो युवक की पिटाई, एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के बसुहार गांव में नशा करने से मना करने पर जितेंद्र पासवान के साथ मारपीट की गई और जातिसूचक गालियां दी गईं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी अलीमस, सूरज, राहुल, शशि सहित अन्य की तलाश की जा रही है।

### 160 लीटर देसी शराब और ऑटो समेत धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरावां चकिया से 160 लीटर देसी शराब ऑटो से ले जा रहे धंधेबाज को एक्साइज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान निर्भय कुमार, निवासी निजामपुर, जानीपुर के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि शादी में खर्च के कारण कर्ज बढ़ गया था, इसलिए वह शराब तस्करी करने लगा। पुलिस ने ऑटो जब्त कर लिया है।

### शादी समारोह में आए युवक की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मनोरा गुमटी के पास 19 अप्रैल को युवक अमित राज की हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी भास्कर कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक साथ पहुंचे थे और एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और हत्या के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### किशोरी का न्यायालय में बयान दर्ज

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण मामले में बुधवार को न्यायालय में बयान दर्ज हुआ, जिसमें उसने अगवा करने की बात कही। किशोरी को उसके चाचा के घर से बरामद किया गया था। आरोपी रॉकी कुमार को पुलिस ने जेल भेज दिया है। मामला 19 अप्रैल का है, जब किशोरी के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान और नवाचार कृषि क्षेत्र के प्रमुख आधार : शिवराज सिंह चौहान

नवबिहार टाइम्स संवाददात



**नई दिल्ली।** कृषि अनुसंधान को देश के कृषि क्षेत्र का मजबूत स्तंभ मानते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उप महानिदेशकों के साथ एक अहम बैठक की शुरुआत की। यह बैठक राजधानी स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स के बोर्ड रूम में आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कृषि अनुसंधान और नवाचार को सशक्त कर, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब अंतिम पंक्ति का किसान समृद्ध बनेगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने प्रमुख फसलों की उत्पादकता व उत्पादन बढ़ाने के लिए बेहतर बीज किस्मों के विकास पर जोर दिया। साथ ही नवाचारों को प्रोत्साहन देने व आगामी वर्षों के लिए रणनीतिक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक की शुरुआत फसल प्रभाग की प्रस्तुति से हुई, जिसमें खाद्यान्न उत्पादन हेतु उच्च गुणवत्ता वाले बीजों और भावी रणनीति पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री ने 2025-26 के बजट में घोषित चार प्रमुख योजनाओं– दलहन आत्मनिर्भरता, उच्च उपज वाले बीजों पर मिशन, कपास उत्पादकता मिशन, और फसलों के जर्मप्लाज्म हेतु जीन बैंक–पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने बीज विकास में प्राथमिकता और समर्पण से काम करने को कहा। विशेष रूप से मेढ़ वाली दलहन किस्मों के विकास, सोयाबीन की खेती को बढ़ावा देने और जन-जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नई बीज किस्में शीघ्र किसानों तक पहुंचे, इसके लिए देशभर के बीज केंद्र प्रभावी भूमिका निभाएं। प्रौद्योगिकी का लाभ छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचाना आवश्यक है। मंत्री ने मृदा परीक्षण किसानों के खेत में ही करने, कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग और इस क्षेत्र में गहन शोध पर जोर दिया। श्री चौहान ने ग्राम स्तर पर खेत से बाजार तक की श्रृंखला को व्यवस्थित करने, मॉडल फॉर्म, प्राकृतिक खेती की प्रमाणिकता, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन को खेती से जोड़ने, और चारा उत्पादन बढ़ाने जैसे कई बिंदुओं पर निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जोड़ने में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि केवीके को बहुउद्देशीय बनाते हुए हर केंद्र में एक ब्लॉक प्राकृतिक खेती के लिए आरक्षित किया जाए और महिलाओं व युवाओं को कृषि प्रसार से जोड़ा जाए। बैठक में आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट, सभी उप महानिदेशक, सहायक महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिठनपुरा में रिलायंस डिजिटल स्टोर का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मुजफ्फरपुर।** भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक रिटेलर रिलायंस डिजिटल ने मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा स्थित एमडीडीएम कॉलेज के निकट अपने नए स्टोर का अनावरण किया। इस स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक विजेन्द्र चौधरी, विशिष्ट अतिथि द लैंडमार्क होटल एंड रिसोर्ट के संचालक मोहसिन जमाल (राजा बाबू) एवं मुजफ्फरपुर स्टोर मैनेजर अभिनव झा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विधायक विजेंद्र चौधरी ने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उचित स्थान साबित होगा। मुजफ्फरपुर स्टोर मैनेजर अभिनव झा ने कहा कि विशेष उद्घाटन ऑफर और नवीनतम तकनीक की व्यापक रेंज के साथ ग्राहक यहां एक बेहतर खरीदारी अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। व्यापक क्षेत्र में फैला हुआ यह तकनीक गंतव्य सर्वोत्तम कीमतों पर नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक्स की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### महाबोधि अतिथिगृह के निर्माण...

बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बोधगया का अतिथिगृह काफी अच्छा बना है। हमलोग चाहते थे कि यहां अतिथि गृह का निर्माण कराया जाए। बहुत पहले हमने इसको लेकर योजना बनाई थी। यहां देश और विदेशों से भारी तादाद में पर्यटक आते हैं। उनके ठहरने की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे लोग महाबोधि मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वापस लौट जाते थे। महाबोधि अतिथिगृह के बन जाने से पर्यटकों को यहां ठहरने में काफी सहूलियत होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। साथ ही उन्होंने बोधिवृक्ष की भी पूजा की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री को बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। इसके पश्चात् गया में मुख्यमंत्री ने बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में अवस्थित मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् उन्होंने इसके विभिन्न भागों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बिपार्ड स्थित ओपन एयर थियेटर तथा स्वीमिंग पूल का भी शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान स्वीमिंग पूल में खिलाड़ी ने तैराकी कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के तहत होनेवाले मुकाबलों की तैयारियों का जायजा लिया और खेल ट्रैक तथा खेल मैदान में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के शुभंकर का अनावरण किया। महाराष्ट्र के एक खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री के समक्ष मलखम्ब खेल का प्रदर्शन किया। साथ ही 11 वर्ष के एक बच्चे और बच्ची ने योग करतब का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान कहा कि आप लोग मन लगाकर अभ्यास करें और प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना के साथ अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन करें। ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किया जा रहा है। 4 मई से 15 मई तक 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का पटना, गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय में आयोजन होगा। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री डा. सुनील कुमार, विधायक अनिल कुमार एवं ज्योति देवी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी एवं कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मगध प्रमंडल की आयुक्त डा. सफीना ए. एन., पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, गया के जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के बूथस्तर जनसंवाद और जन आक्रोश चौपाल की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक बुधवार को लखनौर बेदौली पंचायत के गफरीचक ग्राम में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता रविंद्रधारी बिंद ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष उदय चंद्रवंशी ने भाग लिया। यह बैठक हर घर झंडा, जन आक्रोश चौपाल और बूथ स्तर पर जन संवाद कार्यक्रम को लेकर के किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए बुथ स्तर पर घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से अवगत कराया जाएगा । इस बैठक में अनामी शरण सिंह, शिव पूजन सिंह,अजीत शर्मा, धुरी यादव, मसौढ़ी प्रखंड के उपाध्यक्ष सोहन चंद्रवंशी, ललिता देवी, कौशल्या देवी, सुशीला देवी, रीता देवी, गनौरी बिंद, प्रकाश बिंद समेत सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी का मांझी में हुआ स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा/मांझी (सारण)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य व परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी का बुधवार को सारण जिले के मांझी प्रखंड में शिक्षकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष व पूर्व एमएलसी प्रत्याशी समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वंशीधर ब्रजवासी का संघर्ष शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके प्रयासों से शिक्षकों को अपनी बात रखने का सशक्त मंच मिला है। उन्होंने सदन में शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाया है।

वहीं अपने संबोधन में विधान पार्षद श्री ब्रजवासी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज की सच्ची पूंजी है। वे हमेशा शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के आधार स्तंभ हैं और उनके सम्मान की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में शिक्षक नेता संजय यादव, हवलदार मांझी, पंकज प्रकाश सिंह, रविन्द्र ठाकुर, सुमन कुशवाहा, उपेन्द्र यादव, स्वामीनाथ राय, तिजामुद्दीन अंसारी, दिलीप सिंह, ब्रजेश यादव, अनिल दास, निजाम अहमद, इंद्रजीत महतो, फिरोज इकबाल, पीयूष तिवारी, विनोद विद्यार्थी, रणजीत सिंह, संतोष कुमार सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, श्यामबाबू सिंह, बलराम यादव, प्रकाश ओझा, राहुल रंजन, विनायक यादव, एहसान अंसारी, अशोक यादव, शौकत अली सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे

# राजभवन में सड़क सुरक्षा संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददात




**देहरादून।** राजभवन में बुधवार को आयोजित सड़क सुरक्षा संगोष्ठी में उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ यातायात नियमों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जन-जागरूकता, जिम्मेदार नागरिकता और सामूहिक सहभागिता से जुड़ा विषय है। राज्यपाल ने विशेष रूप से स्कूली बच्चों से सड़क सुरक्षा के ब्रांड एम्बेसडर बनने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने व्यवहार और जागरूकता के माध्यम से परिवार व समाज में अनुशासन और सुरक्षा का संदेश फैलाएं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में सड़क सुरक्षा की चुनौतियाँ अधिक हैं। संकरी व घुमावदार सड़कों, तीव्र ढलानों और मौसमीय बदलाव के बीच वाहन चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता और नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और गति सीमा के पालन को जीवन रक्षा के लिए जरूरी बताया। संगोष्ठी में केंद्रीय सड़क परिवहन संस्था के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह और तकनीकी अधिकारी प्रशांत खड़गे ने सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने संगोष्ठी के उद्देश्य और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए सरकार से यातायात नियमों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की अपील की। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को सामने रखा। गोष्ठी में पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, एडीजी वी. मुरुगेशन, डॉ. सुधारानी पांडेय सहित अनेक गणमान्य अतिथि और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डाक बंगला परिसर में बनेगा वेंडिंग जोन, प्रक्रिया शुरू

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद मसौढ़ी अंतर्गत वेंडिंग जोन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। डाक बंगला परिसर के दक्षिणी छोर पर चिन्हित भूमि पर बहुत जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि नगर परिषद के 28 जनवरी 2025 की बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आधार पर जमीन की जांच करवाई गई थी, जिसमें कोई आपत्ति नहीं पाई गई। नगर परिषद क्षेत्र में करीब 1200 निबंधित वेंडर हैं, जिन्हें इस फैसले से राहत मिलेगी।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : 20, 25, 26, 27 एवं 28, दिनांक : 29.04.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पो.ऑ.: झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सं.: 20-एमएलडीटी-25-26। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एल्युमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइण्टों की वेल्डिंग और पर्यवेक्षण के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,58,13,284.40। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सं.: 25-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता-I / मालदा के अधिकार क्षेत्र के अधीन सहायक अभियंता/I/मालदा के अधीन मालदा में कालिंद्री ओआरएच में अतिरिक्त कमरों के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 41,66,475.78। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सं.: 26-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र के अधीन सहायक अभियंता/मालदा के अधीन मालदा में अधिकारी के क्वार्टरों के सुधार के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 35,82,985.32। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा सं.: 27-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/न्यू फरक्का के अधीन एसएसई/पी.वे/जंगीपुर के खंड में सुजनीपाड़ा-आजिमगंज (छोड़कर) डबल लाइन (किमी. 221/4-181/0 अप/और डीएन/एल) के सहायक कार्यों और जल निकासी प्रणाली की सफाई के साथ रेल स्लीपर-स्विच-एसईजे-फिटिंग के आकस्मिक नवीनीकरण, ट्रैक की टैंपिंग, डीप स्क्रीनिंग, ट्रैक मशीन की सहायता आदि जैसे विभिन्न प्रकार की ट्रैक गतिविधि के कार्य हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,55,246.79। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा सं.: 28-एमएलडीटी-24-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता-I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/मालदा के अधीन मालदा में कालिन्द्री भवन के पीछे और इको पार्क में आउटडोर स्टेडियम के बगल में वनरोपण और हरित क्षेक्षेत्र के विकास के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 30,45,264.38। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 19.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान:** www.ireps.gov.in/ मंडल रेल प्रबंधक/मालदा का कार्यालय। निविदादाता से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें।

(MLD-38/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एसडीएसटीई-डेटालॉगर-ईएलडी-25, दिनांक: 29.04.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** अनुसूची क- हावड़ा मंडल में 40 अदद डेटालॉगर की वृद्धि एवं क्रमोन्नयन। अनुसूची ख- हावड़ा में शेष स्टेशन पर अर्थ लीकेज डिटेक्टर का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,72,94,888। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,86,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 09.05.2025। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 29.04.2025 को अपराह्न 5.04 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 9 महीना। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(HWH-55/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मेदांता पहुंचे सेंट कैरेंस स्कूल के बच्चे, सीखे फर्स्ट एड और सीपीआर के गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददात



**फुलवारीशरीफ।** पटना के प्रतिष्ठित सेंट करेन स्कूल के छात्रों ने शनिवार को जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शैक्षणिक दौरा किया. इस दौरान बच्चों ने सीखा कि इमरजेंसी में कैसे फर्स्ट एड दिया जाए और सीपी आर जैसी जीवन रक्षक प्रक्रिया को कैसे अपनाया जाए। आपात चिकित्सा के इस विशेष सत्र का संचालन इमरजेंसी और ट्रॉमा विभाग के कन्सल्टेंट डॉ. अभिषेक कुमार ने किया। उन्होंने बेहद सरल और रोचक ढंग से बच्चों को यह बताया कि किसी की धड़कन रुक जाए तो कैसे उसकी जान बचाई जा सकती है। छात्रों ने न सिर्फ ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण सुना बल्कि खुद भी फर्स्ट एड और सीपी आर का अभ्यास किया. बच्चों में इस विषय को लेकर खासा उत्साह देखा गया। दौरे के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हॉस्पिटल की आपात सेवाएं, आधुनिक तकनीक और डॉक्टरों की विशेषज्ञता को नजदीक से समझा. सबने मिलकर यह जाना कि अस्पताल कैसे संकट की घड़ी में जान बचाने का काम करता है।

विद्यालय के शिक्षकों ने मेदांता की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाते हैं। जयप्रभा मेदांता द्वारा किया गया यह आयोजन बच्चों में आपात प्रतिक्रिया कौशल विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है।

संपादकीय

# पहलगाम के बाद पाकिस्तानी साजिशें तेज

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी से यह शक गहरा होता है कि उसकी साजिश में कहीं न कहीं उसका हाथ है। पहलगाम हमले के बाद जिस तरह भारत में आक्रोश है और सरकार पर कोई बड़ी कार्रवाई करने का जन-दबाव बन रहा है, उसे देखते हुए पाकिस्तान में घबराहट है। उसने घटना के बाद सीमा पर हवाई गश्ती और चौकियों पर सैनिक दस्ते बढ़ा दिए। हालांकि वह लगातार कह रहा है कि उस हमले में उसका कोई हाथ नहीं था, उसकी जांच की पेशकश भी कर रहा है, पर वहां की सेना जिस तरह बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है, उससे जाहिर है कि वह भारतीय सैनिकों को उकसाने की कोशिश कर रही है। पहलगाम हमले के बाद से वह चार बार गोलीबारी कर चुकी है। हालांकि आमतौर पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की जाती है, तो उसका यही मतलब होता है कि दुश्मन देश सीमा पर अपने सैनिकों की मुस्तैदी का संकेत दे रहा है। बताने का प्रयास कर रहा है कि वह किसी भी तरह की चुनौती से निपटने को तैयार है। मगर पाकिस्तानी सेना साजिशन ऐसा करती है। अक्सर वह अपने प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के मकसद से इस तरह गोलीबारी करती है। इस तरह वह अनेक बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन कर चुकी है।

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी से यह शक गहरा होता है कि उसकी साजिश में कहीं न कहीं उसका हाथ है। यह छिपी बात भी नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने में मुख्य रूप से पाकिस्तानी सेना और वहां की खुफिया एजंसी का हाथ है। इसके अनेक प्रमाण मौजूद हैं। भारत सरकार अनेक आतंकी हमलों से जुड़े प्रमाण पाकिस्तान सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सौंप चुकी है। मगर पाकिस्तान हर दस्तावेज को सिरे से खारिज करता रहा है। वह खुद दहशतगर्दी के गहरे जख्म झेल चुका है, पर इस पर नकेल इसलिए नहीं कस पाता कि वहां निर्णय करने का कोई व्यवस्थित तंत्र नहीं है। वहां की सेना ने सियासी हुकूमत के ऊपर अपना वर्चस्व बना लिया है।

इसलिए सरकार के स्तर पर लिया गया कोई भी निर्णय सेना अपनी मर्जी से स्वीकार या अस्वीकार करती है। दरअसल, आतंकवाद को वहां की सेना ने अपना हथियार बना लिया है और उसका इस्तेमाल वह मुख्य रूप से भारत के खिलाफ करती रही है। ऐसा लगता है कि इसी से उसका वजूद बचा और बना हुआ है।

वह भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चला कर उकसाने और सीमा पर तनाव बनाए रख कर पाकिस्तानी अवाम को बरगलाने में कामयाब होती रही है। आतंकवाद और भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते पाकिस्तान सरकार को भी रास आते हैं। इस तरह वह बुनियादी समस्याओं की तरफ से वहां के लोगों का ध्यान भटकाने में कामयाब हो जाती है। पाकिस्तान पूरी तरह से विफल राष्ट्र है। उसकी माली हालत निहायत खस्ता हो चुकी है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं दुर्दशा झेल रही हैं।

लोगों को दो जून की रोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उधर बलूचिस्तान के विद्रोही संगठन रोज उसे गंभीर चुनौती पेश कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत के साथ सीमा पर तनाव से बुनियादी समस्याओं पर कुछ समय के लिए पर्दा पड़ जाता है। मगर इस तरह वहां की सरकार बहुत लंबे समय तक अपनी कमजोरियों को ढंक कर नहीं रख सकती। फिर, चीन से उसे जो मदद मिल रही है, वह स्थायी नहीं है। अपना स्वार्थ सधते ही वह अपना हाथ खींच लेगा।

# पाक के खिलाफ कूटनीतिक एवं रणनीतिक दबाव जरूरी

**इस घिनौनी सोच का पर्दापाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया।**

**ललित गर्ग**



पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो कमजोर है, असफल है, कर्ज में डूबा है, अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने में नाकाम है, आतंक की नर्सरी एवं प्रयोगशाला है, ढहती अर्थव्यवस्था है, इन बड़ी नाकामियों को ढ़कने के लिये ही वह कश्मीर का राग अलापता रहा है, वहां के नेता एवं सैन्य अधिकारी तमाम जर्जरताओं एवं निराशाओं के बावजूद आज भी हिन्दू और भारत विरोध को ढ़ाल बनाकर ही अपनी सत्ता मजबूत करते रहे हैं। लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरु कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरु कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पर्दापाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया।

लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है। निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है, लेकिन उसके आतंकवादी होने के पुख्ता प्रमाणों ने दुनिया को एकजुट कर दिया है, यही कारण है कि दुनिया से वह अलग-थलग अकेला खड़ा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? क्यों उसने किन्हीं दूसरे देशों के कहने पर अपनी जमीन को आतंक की उर्वरा भूमि बनने दिया? क्यों उसने इस्लाम को आधार बनाकर कट्टरपंथ की फसल सींची? पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। सोचने वाली बात तो यह भी है कि उसने इस्लाम एवं मुसलमान समुदाय को भी अपने गलत एवं गंदे मनसूबों के लिये इस्तेमाल किया। यह कारण है कि अपने धर्म को धुंधलाने एवं बेजा इस्तेमाल का फल उसे तमाम असफलताओं एवं पराजयों के रूप में मिला है, अन्यथा इस्लाम का पवित्र उपयोग करने वाले देश तो दिनोंदिन आगे बढ़ रहे हैं, समृद्ध हो रहे हैं, अपने लोगों को उन्नत जीवन प्रदत्त कर रहे हैं, दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाकर खड़े है। दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया। भारत को नुकसान पहचाने की नीति पर वह आज भी कायम है। भारत की अलग-अलग समय की सरकारों ने अनेक कोशिशें पाकिस्तान से संबंध सुधारने की है, लेकिन पाकिस्तान सुधरा नहीं। भारत के संबंध सुधार, शांति एवं पडोसी देश-धर्म के प्रयासों का जबाव उसने हमेशा आतंकवादी घटनाओं के रूप में ही दिया। भारत के इन सकारात्मक प्रयासों के बदले कभी कारगिल मिला, कभी पठानकोट, कभी उरी तो कभी मुंबई। लेकिन इस बार के पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के बाद हर भारतीय, यहां तक हर कश्मीरी की जुबान पर एक ही सवाल है कि इस पाकिस्तान का इलाज क्या है? लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बड़ा और आरपार का करने के मुड़ में है। अब तक प्रधानमंत्रियों में वे सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न एवं हौसल्ले वाले महानायक है। पाकिस्तान इस समय बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, आंतरिक असंतोष, आर्थिक पतन एवं घटती अन्तर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता के चलते वह बौखलाहट का शिकार है। इसी का परिणाम है कि वह भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से वह अपने ही पांव पर कुल्हाडी चलाता हुआ दिख रहा है। चीन पर उसका भरोसा भी उसे निराश ही करेगा। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया भी बदल जाता है। लेकिन इस बार चीन के सामने भारत का लुभावना बाजार है, इसके चलते वह पाकिस्तान का खुला समर्थन करेगा, इसमें शंका है। पाकिस्तान का एकमात्र बड़ा सहारा चीन भी उससे दूरी बना ले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पाकिस्तान को वह हमेशा भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी। मोदी सरकार के लिए यह दिखाना जरूरी हो गया है कि वो इस मामले को लेकर वाकई गंभीर है। जैसे-जैसे पर्यटकों के शव उनके परिवारों तक पहुंच रहे हैं और उनके अंतिम संस्कार के भावुक एवं मार्मिक दृश्य प्रसारित हो रहे हैं- सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लोगों का गुस्सा खासतौर पर इस तथ्य से और बढ़ गया है कि आतंकवादियों ने पहले पुरुषों का धर्म जानना चाहा और उन्हें उनके परिवार के सामने गोली मार दी। पहलगाम घटना ने कश्मीर की रोजी-रोटी पर आंच पहुंचायी है, वहां की शांति को लीला है। यही कारण है कि पहलगाम हत्याकांड के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के आम लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध-प्रदर्शन किया है। राज्य में बंद रहा, लोगों ने विरोध मार्च निकाले और यहां तक कि कश्मीर के प्रमुख समाचार पत्रों ने विरोध के तौर पर अपने मुखपृष्ठ को स्याह रंग से पोत दिया।

आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। क्योंकि तब हम केवल उस एजेंडे को आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों का मकसद है- भारत को विभाजित करना। भारत की एकता, कश्मीर की शांति एवं विकास एवं आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिये अब पाकिस्तान को केवल सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनयिक एवं वैश्विक दबाव से पंगु बनाना होगा। पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है। सिंध एवं बलुचिस्तान अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, आजाद कश्मीर को भारत में मिलाने की जरूरत है। इस रणनीतिक एवं कूटनीतिज्ञ उद्देश्य के लिये एक दूरगामी, बहुआयामी एवं निर्णायक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसकी पहल लक्षित सर्जिकल स्ट्राइक और प्रमुख आतंकी सरगनाओं को मिटाकर आतंकी केन्द्रों को ध्वस्त करके ही हो सकती है।

## अध्यात्म

### संत की राजा को सीख

बहुत समय पहले की बात है। एक समृद्ध लेकिन घमंडी राजा था, जिसे अपने वैभव और सामर्थ्य पर अत्यंत गर्व था। अपने जन्मदिन के अवसर पर उसने घोषणा की कि वह किसी एक व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी करेगा, बस एक दिन के लिए उसकी भगवान बनने की लालसा थी। दरबार सजा, उत्सव का आयोजन हुआ और प्रजा राजा को बधाई देने पहुंची। उन्हीं में एक साधु भी थे, सरल, शांत और प्रसन्नचित्त।

राजा ने साधु से आग्रह किया, ÷महाराज! आज मेरे जन्मदिन पर मैं आपकी सभी इच्छाएं पूरी करना चाहता हूं। आप जो मांगेंगे, मैं दूंगा।÷

साधु मुस्कराए और बोले, ÷राजन्, मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैं पूर्ण हूं।÷ लेकिन राजा का अहंकार टकरा गया। वह जिद पर उतर आया। अंततः संत ने कहा, ÷ठीक है राजन्, यदि आप इतना आग्रह कर रहे हैं तो मेरे इस छोटे से पात्र को सोने के सिक्कों से भर दीजिए।÷

राजा हंसा। यह तो तुच्छ कार्य था! उसने सिक्के डाले, लेकिन आश्चर्य! सिक्के डालते ही गायब हो गए। राजा हैरान। उसने और सिक्के मंगवाए, फिर भी वही हुआ। धीरे-धीरे पूरा खजाना उस बर्तन में उड़ेल दिया गया, लेकिन पात्र नहीं भरा।

आखिरकार, थक-हार कर राजा ने संत से पूछा, ÷ये जादुई पात्र आखिर भर क्यों नहीं रहा?÷

संत मुस्कराए और बोले, ÷महाराज, यह पात्र आपके मन का प्रतीक है। जिस तरह आपका मन धन, पद, वैभव, ज्ञान, सत्ता से भी कभी संतुष्ट नहीं होता है, ठीक वैसे ही यह पात्र कभी नहीं भरेगा।÷

ये केवल एक चमत्कारी बर्तन की नहीं, बल्कि हर इंसान के अंतर्मन की कहानी है। हम सबके भीतर एक ऐसा पात्र है जो कभी भरता नहीं है, चाहे कितना भी पा लें, क्योंकि सच्ची पूर्ति बाहरी संसाधनों से नहीं, आंतरिक संतोष और भक्ति से होती है। जब तक हम अपने भीतर झांकना नहीं सीखते, तब तक जीवन की इस दौड़ में हम भागते ही रहेंगे, थकते रहेंगे, लेकिन कभी कहीं पहुंच नहीं पाएंगे।

**सीख**

इस कथा से हमें यह सीख मिलती है कि सच्चा सुख संतोष में है, घमंड से दूर रहकर, और ईश्वर की भक्ति में मन लगाकर। जो मनुष्य जितना अधिक संतुष्ट है, वही वास्तव में सबसे समृद्ध है। मन का पात्र कभी नहीं भरता, जब तक उसमें संतोष और भक्ति का अमृत न डाला जाए।

# प्रवास बदल रही है घरलू गौरैया - दियारा के मिटटी टीले में कर रही है वास



**संजय कुमार**

बिहार का दियारा क्षेत्र घरेलू गौरैया का सुरक्षित पर्यावास बनता जा रहा है। जो भी अद्भुत नज़ारे से लबरेज है। यों तो खेतों में लंबे घास या झाड में गौरैया प्रवास करती है। लेकिन, दियारा की मिटटी के टीले में अबाबील पक्षी जहाँ खोह बना कर रहती है, उसी में या उसी तरह के खोह में गौरैया ने पर्यावास बनाया है। पिछले दिनों हारजोडी, मधेपुरा में बर्ड वाचिंग के दौरान पक्षी विशेषज्ञ ज्ञानचंद्र ज्ञानी ने गौरैया को मिटटी के टीले में वास करते देखा। जैसा कि अभी गौरैया का सृजन काल चल रहा है और वह मिट्टी के खोह में घोंसला बनाई है।

यों तो घरेलू गौरैया इंसान के आसपास रहती और घोंसला बनाती है। साथ ही दियारा क्षेत्र में घास-झाड में भी वास करती है। लेकिन, मिट्टी के खोह में रहना, अपने आप में अद्भुत और रोचक है। गौरैया दियारा क्षेत्र हारजोडी, मधेपुरा में अपने प्राकृतिक पर्यावास में फल-फूल रही है। गौरैया के साथ-साथ गंग मैना यानि गंगई मैना भी बड़ी तादाद में वहाँ देखि गयी। घरेलू गौरैया का दियारा क्षेत्र में बड़ी तदाद मिलना सवाल खड़ा करता है, साथ ही शोध का अवसर भी देता है। इंसान के इलाके से दूर दियारा क्षेत्र में गौरैया के मिलने के पीछे सुरक्षित पर्यावास, आहार का मिलना, नदी से पानी और आहार जहां मिलता है वहीं बेहतर जलवायु का होना भी अहम पक्ष हो सकता हैं।

गौरैया की संख्या में कमी के पीछे कई कारण हैं जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में, बढ़ता आवासीय संकट, खेतों में कीटनाशक का प्रयोग, आहार की कमी, खेतों में कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवनशैली में बदलाव, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, शिकार, गौरैया को बीमारी और भी कारण हो सकते हैं। अगर ग्रामीण क्षेत्रों में देखें तो गौरैया की संख्या में कमी का प्रमुख कारण कृषि पद्धतियों में बदलाव, कीटनाशक का प्रयोग, सर्दियों में पराली का नुकसान और अनाज भंडारण में सुधार आदि है। इससे गौरैया को बहुमूल्य खाद्य स्त्रोतों से वंचित होना पड़ रहा है। वहीँ, शहरी क्षेत्र में गौरैया की आबादी में गिरावट के कारणों को पूरी तरह से समझा नहीं जा सका है। इस बात के प्रमाण हैं कि कम उपयुक्त आहार स्थल, कम घोंसले के स्थान और बिल्लियों/हमलावर चिड़ियों का बढ़ता शिकार, सभी इसमें भूमिका निभाते हैं।

शहरों- गाँवों में देखा गया है कि जहां गाय-गोबर है। पेंड-पौधे हैं। रहने के लिए घरों में रौशनदान-खोह आदि है, तो वहाँ गौरैया है। लेकिन, वहीं कंक्रीट के जंगल यानि अपार्टमेंट के इर्द-गिर्द भी गौरैया है। वजह, वहाँ दाना-पानी-आवास-पेड़ और संतुलित पर्यावरण और सुरक्षा है। जहां, यह सब नहीं वहाँ से गौरैया गायब है। अपार्टमेंट रहने वाली पटना की आशा प्रसाद की छोटी सी बालकोनी में दाना-पानी-आवास की व्यवस्था ने गौरैया सहित दर्जनों चिड़ियों को आश्रय दे रखा है। पुराने मोहल्ले में पेंड नहीं होने के बावजूद गौरैया रह रही है। जहां दाना-पानी-आवास-पेड़, संतुलित पर्यावरण और सुरक्षा नहीं मिल रहा है, गौरैया दूसरे इलाके में चली जा रही है। पटना में गंगा पथ बेहतर उदाहरन है। यहां, पुल के नीचे, नदी किनारे गौरैया को देखा जा सकता है। यहाँ दाना-पानी-आवास,संतुलित पर्यावरण और सुरक्षा उन्हे मिल रहा है।

नदी किनारा या वेटलैन्ड गौरैया को भा रहा है। यहाँ उसे आहार भरपूर मिलता है खासकर बच्चों को आहार में देने के लिए कीड़ों की आवश्यकता होती है। दियारा में घरेलू गौरैया जहाँ मिटटी के खोह को अपना आवास बना रही है वही, दियारा क्षेत्र में उगे घास और झाडी में भी ये रहती हैं। गौरैया की कमी के पीछे कई कारणों को हम जानते /खोजते रहते हैं। विलुप्त गौरैया की घर वापसी के लिए लोग घरों में दाना-पानी रख रहे हैं क्रत्रिम बॉक्स लगा रहे हैं। कहीं गौरैया आ रही है तो कहीं नहीं। सब जानते हैं कि गौरैया जो इन्सान के आपपास वास करती है वह उससे दूर दियारा में चली गयी जहाँ इन्सान कोसो दूर हैं। पिछले तीन वर्ष पूर्व राधोपुर दियारा गया था तो इंसान से दूर बड़ी संख्या में गौरैया खेतों में दिखी थी।

मिटटी के टीले में अबाबील पक्षी के साथ गौरैया और गंगे मैना का मिलना अच्छे संकेत हो सकते हैं। लेकिन, बहेलियों के जाल में फंस भी सकती है क्योंकि वहाँ इंसान की आवजाही बहुत काम होती है। बहरहाल, यह विषय हो सकता है कि घर आँगन की घरेलू गौरैया का आहार-आवास की कमी या कीटनाशक का प्रभाव आदि कारणों के बीच इंसान को छोड़ सुदूर नदी किनारे या खेतों-जंगलों में जाना कहीं यह तो नहीं बताता है कि पर्यावरण खतरे में हैं? इन्सान खतरे में हैं?

# वैश्विक जगत भारत के साथ वहीं भारत के विरोधी दल देश के गुनाहगारों के साथ

**मृत्युंजय दीक्षित**

कश्मीर घाटी के पहलगाम हमले में 26 निहत्थे निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर और कलमा न पढ़ पाने पर की गई नृशंस हत्याओं के बाद, देश में आतंकवाद के खिलाफ भीषण आक्रोश है। देश का जन जन पाकिस्तान से बदला लेने के लिए तड़प रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले बिहार की मधुबनी रैली में और फिर ÷मन की बात÷ रेडियो कार्यक्रम में देश को विश्वास दिलाया है कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा तथा पाकिस्तान को ऐसा दंड दिया जाएगा जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। आतंकवादी घटनाओं के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि देश के गृहमंत्री तुरंत अपने सभी कार्यक्रम रद्द करके घटनास्थल पहुंचे और पीड़ितों के साथ खड़े रहे। इस घटना के बाद से भारत के आतंकवाद से निपटने के निर्णय को विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अपना पूरा समर्थन दिया है। लगभग पूरा वैश्विक समुदाय संकट की इस घड़ी में भारत के साथ खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के विरोधी दलों की स्थिति इसके पूर्णतया विपरीत है। भारत सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तो विपक्ष ने सरकार का साथ देते हुए पहलगाम हमले की निंदा की तथा सरकार के निर्णयों का पूर्ण समर्थन देने की बात की किन्तु कुछ ही घंटों में इनके तेवर बदल गए और ये वापस अपनी तुष्टीकरण की राजनीति में लग गए। स्वाभाविक रूप से इनके पाकिस्तान परस्त एजेंडा का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है जिसने अपनी सोशल मीडिया टीम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कैम्पेन आरम्भ किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक ताजा मीम में प्रधानमंत्री का शीर्ष रहित स्केच दिखाया गया है। कांग्रेस सहित विपक्ष के सभी नेता और प्रवक्ता टीवी चैनलों तथा सार्वजनिक मंचों पर जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है इनको देश से कोई मतलब नहीं है बस अपने वोट बैंक को खुश करना है भले ही देश की सुरक्षा को दांव पर क्यों न लगाना पड़े।

आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ताओं की बयानबाजी कर रहे हैं इन नेताओं के गिरे हुए स्तर का प्रमाण है। पाकिस्तानी माडिया व यूट्यूबर्स विरोधी दलों के इन्हीं नेताओं के बयानों को आधार मानकर भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा चला रहा है। सबसे पहले गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जिस पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है उसने आपत्तिजनक बयान दिया फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति में गले तक फंसे हैं ने कहा कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई आवश्यकता नही है। कर्नाटक सरकार के ही एक मंत्री ने कहा कि आतंकियो ने धर्म पूछ कर हत्याएं नहीं की हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और विधायक विजय वडेटटीवार ने पीड़ितों की गवाही पर ही प्रश्न खड़े कर दिए। उनका कहना है कि क्या आतंकवादियों के पास लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म पूछने का समय होता है। उनसे पहले बिलकुल यही टिप्पणी कर्नाटक के मंत्री आरबी थिम्मापुर ने की थी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। घर की साज-सजावट में धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

**वृषभ**
जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विदेश में रहने वाले लोगों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। रिटेल कारोबार में तेजी का माहौल रहेगा। अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्मसन्तुष्टि का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
जॉब में आपको बदलाव के मौके मिल सकते हैं। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्याओं के प्रति आकर्षित रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं।

**सिंह**
आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। जिसके कारण मन व्यथित हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों से जुड़े लोगों को बेहतरीन लाभ मिलेगा। पारिवारिक तनाव दूर होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के उत्तम अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला**
जीवनसाथी के साथ चर्चा करने से काफी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। बेवजह की बातों को तूल देने से बचें। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमन्त्रण दे सकती है।

**धनु**
नयी कार्ययोजना बनाने से पूर्व अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिये।

**मकर**
आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिये काफी बेहतरीन है। आपके सामने करियर के कई विकल्प सामने आयेंगे। आपकी जीवनशैली काफी अनुशासित रहेगी।

**कुंभ**
आपका खोया हुआ आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में अपनी सलाह सोच-समझकर दें। शरीर में आलस्य का अनुभव कर सकते हैं।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। आप आज किताबें पढ़ने और साहित्य आदि को भी समय देंगे।

# लूट की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन, तीन धराए

## लूटे गये टैब व नगदी भी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** महज चौबीस घंटे के भीतर पुलिस ने एक लूट की घटना का सफल उद्भेदन कर लिया है। इस क्रम में पुलिस ने लूटे गये, टैब व नगदी इत्यादि के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एएसपी संजय पाण्डेय ने संवाददताओं को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को नागेन्द्र कुमार पिता-रामधार राय सा0 महमदा थाना गरखा, जिला सारण माइक्रो फाइनेंस कंपनी का 94,963 रूपया विक्रमपुर बांदे से कलेक्शन कर अपने आर्दश नगर ऑफिस में पैसा जमा कराने आ रहे थे। इसी क्रम में दो अज्ञात अपराधकर्मी राईडर मोटरसाईकिल से आये और हथियार का भय दिखाकर काला रंग के बैग में रखा हुआ 94,963 रूपया, टैब, और बायोमैट्रिक मशीन लूट लिये। इस दौरान पीडित के द्वारा विरोध करने पर फायरिंग भी किया गया था। घटनास्थल से गोली का एक खोखा भी बरामद किया गया था। जिस संबंध में नागेन्द्र कुमार के आवेदन के आधार पर कर्पूरीग्राम में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1, समस्तीपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस विशेष टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी/मानवीय आसूचना के आधार पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए बीते रात्रि में घटना कारित करने वाले अपराधिकर्मी 1 प्रेमचन्द्र कुमार को साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से लूट गयी नगद राशि एवं अन्य समान बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त प्रेमचन्द्र कुमार के द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। जिसमें बताया गया कि घटना में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र को भाड़ा पर लेकर आने एवं राहुल कुमार को लाईनर का काम करने तथा गोलू कुमार के साथ घटना को अंजाम दिया गया। जिसके आधार पर तत्काल 2 गोलू कुमार को लूटी गई नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त राईडर मोटरसाईकिल तथा 3-राहुल कुमार को एक मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेशी के आधार पर लूटा गया टैब, बायोमैट्रिक मशीन, बैग भी बरामद कर लिया गया।

घटना में शामिल अन्य एक फरार अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि गठित टीम द्वारा घटना घटित होने के 24 घंटा के अंदर घटना का उद्भेदन कर सराहनीय कार्य किया गया है, जिसको लेकर गठित टीम के सदस्यों को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की जा रही है।

# विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न अनुसंधान एवं विकास कार्यों के बारे में की गई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक और सचिव डेयर डॉ. एम एल जाट से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न अनुसंधान एवं विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। आपको बता दें कि महानिदेशक डॉ जाट और कुलपति डॉ पांडेय मोदीपुरम में काफी दिनों तक साथ में काम कर चुके हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक डॉ. एम एल जाट ने विश्वविद्यालय के अच्छे कार्यों की सराहना की और कहा कि अन्य संस्थानों में भी इसकी चर्चा होती रहती है। उन्होंने विशेष रूप से नमो दीदी ड्रोन योजना और डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को उल्लेखनीय बताया। नमो दीदी ड्रोन योजना के तहत, विश्वविद्यालय ने कई राज्यों के किसानों को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया है, जिसमें महिला किसान की संख्या काफी अधिक है। भारत सरकार की ओर से नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत इन लोगों को ड्रोन भी उपलब्ध करवाया गया है। जिसकी मदद से महिला किसान अच्छी खासी आय अर्जित कर रही हैं। इसके अतिरिक्त ड्रोन के उपयोग से किसानों को फसलों की निगरानी और प्रबंधन में भी मदद मिल रही है। कुलपति डॉ पांडेय और महानिदेशक डॉ जाट के बीच हुई मुलाकात में भविष्य की योजनाओं, सहयोग और साझेदारी के अवसरों पर भी चर्चा हुई और 2047 तक भारत को विकसित बनाने को लेकर विश्वविद्यालय की तैयारियां पर भी गंभीर विचार विमर्श किया गया।

## एक नजर

### छात्रों को दी गई पाठ्य पुस्तके

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 का शैक्षणिक कार्य 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो गया है। शिक्षा विभाग के आला अधिकारी ए,सी, एस सिद्धार्थ के आदेश पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर में छात्र छात्राओं को पंचायत जनप्रतिनिधि मुखिया प्रभा देवी, सरपंच सारो देवी, ने स्कूल में विशेष कैम्प लगाकर बच्चों को किताब वितरण किया, मुखिया प्रभा देवी ने कहा, स्कूल की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, सफाई, बागवानी सामाजिक, स्तर की समझ ही देश की विकास संभव है, स्कूलों में वर्ग 1 से लेकर 8 तक पाठयपुस्तक वितरण किया गया है, स्कूल में मौजूद स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो, हरिहर सहनी, श्रवण कुमार, उत्तम कुमार, सोनिका सिंह, शिक्षा सेवक जमील अहमद, मुसर्रत खातून आदि मौजूद थे।

### भाकपा नेता का निधन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य किसान सभा के पूर्व राज्य परिषद सदस्य, जिला परिषद सदस्य, वीरपुर प्रखंड किसान सभा के पूर्व अध्यक्ष का बुधवार को निधन हो गया। स्वर्गीय रामाशीष महतो लगातार लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए संघर्ष करते- करते आज स्वयं अपनी जिंद्गी की लड़ाई में जंग हार गए। चुपके से हम सबों को छोड़ कर सदा के लिए विदा हो गए। आज तो राजनीति में पद के पीछे लोग सिद्धांत और संगठन सब भुल जाते है। मगर रामाशीष जी हमेशा विचार धारा के प्रति समर्पित रहे। वक्त पर कई लोगों को पद के लिए भटकते देखा है,मगर साथी रामाशीष महतो हर परीक्षा में अपने विचार धारा के साथ अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। हर दुश्वारियों को क्षेला मगर पैर नहीं लड़खड़ाया। आज जब विचार धारा का संकट पैदा हो गया है। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। पूर्व पैक्स अध्यक्ष रंजीत यादव एवं रामाज्ञा यादव, किसान नेता अरूण कुमार एवं रीता देवी तथा ट्रेड युनियन नेता चन्द्र भूषण सिंह, खेत मजदूर युनियन के नेता रामाश्रय पासवान आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

### हिंद कला परिषद के सदस्य का निधन

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र के वरिष्ठ रंगकर्मी, हिन्द कला परिषद के संस्थापक सदस्य अरविंद कुमार सिंह उर्फ बच्चा सिंह का निधन बुधवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हो गया। वे पिछले कुछ माह से डायबिटीज और किडनी संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनके निधन की सूचना से लोंगो में शोक की लहर दौड़ गयी। बच्चा सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि बखरी के रंगमंच का कुशल चितेरा चला गया। उनके निधन से रंगकला को अपूरणीय क्षति हुई है। रंगमंच पर अपनी बेजोड़ अदाकारी और कुशल नृत्यशैली से उन्होंने बखरी की नाट्य विधा को खासी प्रसिद्धि दिलायी थी। कला और संस्कृति के संवर्धन में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिन्द कला परिषद के अध्यक्ष कृष्णबंधु स्वर्णकार ने कहा कि नाटकों के प्रति उनमें गजब का जुनून था। रिहर्सल के लिए वे दिल्ली में माह भर पहले से ही काम धंधा समेट कर बखरी आ जाया करते थे। पूर्व मुखिया घासीराम पोद्दार व मनोहर केसरी ने कहा कि बखरी में जब जब नाट्यकला की चर्चा होगी, बच्चा सिंह का नाम उनमें पहला होगा।अच्छे कलाकार होने के साथ साथ वे बेहतरीन इंसान भी थे। उनके निधन पर हिन्द कला परिषद के सचिव सीताराम केसरी, उपाध्यक्ष पवन कुमार सुमन, संतोष भारती गुड्डु, जय सरस्वती संघ के अध्यक्ष अरूण टिवडेवाल, सचिव ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ बाबू साहेब, जयदेव सान्याल आदि ने भी शोक प्रकट किया है।

# त्याग, समर्पण और प्रेम की प्रतिमूर्ति थे स्व. हरि नारायण चौधरी

## चौथी पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** निवर्तमान विधान पार्षद स्मृतिशेष हरिनारायण चौधरी की चौथी पुण्यतिथि पर शहर के एक होटल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों, नेताओं जनप्रतिनिधियों और विभिन्न धर्मों के विद्वानों ने स्वर्गीय चौधरी के जीवन और कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि स्व चौधरी सच्चे राजनेता थे। वे जीवन भर सर्वधर्म समभाव का पालन करते हुए समाज के लिए काम करते रहे। स्व. हरि नारायण चौधरी त्याग, समर्पण और प्रेम के प्रतिमूर्ति थे और उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में राजनीतिक आदर्श और सुचिता का प्रतिमान स्थापित किया। उनकी इस विशेषता ने उन्हें एक लोकप्रिय और सम्मानित नेता बनाया। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न धर्मो के विद्वानों ने स्वर्गीय चौधरी के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तदुपरांत उपस्थित राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता स्वर्गीय चौधरी के ज्येष्ठ पुत्र अरुण कुमार चौधरी ने की। जबकि उनके कनिष्ठ पुत्र और विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार चौधरी ने सभा का संचालन करते हुये अपने पिता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके पद चिन्हों पर चलकर आदर्श राजनीतिक जीवन जीने का एवं समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। मौके पर केंद्र सरकार में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर, बिहार सरकार के पंचायती राजमंत्री केदार गुप्ता, पिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी, सांसद शाम्भवी चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष समस्तीपुर उत्तरी नीलम सहनी, दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा, पूर्व सांसद अश्वमेध देवी, विधायक अख्तरुल इस्लाम, उप प्रमुख राजेश सिंह, जद यू जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, लोजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह, विधायक वीरेंद्र पासवान, राजेश सिंह, नगर निगम महापौर अनिता राम, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रेमलता, जद यू नेता अनिल सिंह, भाजपा नेता राम सुमरन सिंह, सुशील चौधरी, प्रो. विजय शर्मा, संजय कुमार सिंह, चन्द्रकांत चौधरी, जय कृष्ण झा, क्रांति यादव, प्रभात ठाकुर, कौशल पांडेय, अनस रिजवान, कांग्रेस नेता अरुण चौधरी, राजद नेता ललन यादव, लोजपा नेता महेंद्र प्रधान, रालोसपा नेता अनन्त कुशवाहा, भाजपा नेता राजीव चौधरी, बीरेंद्र यादव, इत्यादि मौजूद थे।

## भाजपा के पूर्व एमएलसी की मनी पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** भाजपा के पूर्व एमएलसी स्व. हरिनारायण चौधरी की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौक पर एस.के. मण्डल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष एस.के. मण्डल ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर उन्होंने कहा कि स्व. चौधरी हमेशा लोगो के दिलों पर राज किया। वे तमाम भेद भाव से उपर उठकर सभी को बराबर सम्मान देते थे। यही कारण था कि सभी दलों के लोग भी उन्हें आदर देते थे और इज्जत की नजर से देखते थे। उच्च राजनीतिक आदर्शों, मूल्यों और राजनीतिक सुचिता के पैरोकार रहे स्व चौधरी की समस्तीपुर की राजनितिक दुनिया में लोगों को सदैव कमी खलती रहेगी।

# साईं इंटरप्राइजेज वैभव के पिता को गिफ्ट करेगा इलेक्ट्रिक स्कूटर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 17 गेंदों में हाफ सेंचुरी और 35 गेंद पर सेंचुरी ठोक दी। इसके साथ नौवी कक्षा के छात्र वैभव ने 14 साल की उम्र में 14 बड़े रिकार्ड पर समस्तीपुर का नाम दर्ज करा दिया। वैभव की सफलता के पीछे उनके पिता संजीव सूर्यवंशी के त्याग और तपस्या का बडा योगदान है। इस शानदार उपलब्धि से खुश होकर समाजसेवी सह व्यवसायी हरेंद्र कुमार तथा राय सोनी सिंह ने घोषणा किया है कि साईं इंटरप्राइजेज की ओर से वैभव के पिता को एम्पीयर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा तथा वैभव को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर को अपने लाल पर नाज है। वैभव ने समस्तीपुर सहित सूबे बिहार का नाम देश व दुनिया में रौशन किया है। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला महासचिव मोध परवेज आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत कुमार रंभू, प्रखंड महासचिव संदीप सरकार, दिवाकर कुमार, विकास कुमार, संजय कुमार, मोध सज्जाद, अमन यादव आदि मौजूद थे।

# धर्म गुरूओं ने बाल विवाह नहीं कराने की ली शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**समस्तीपुर।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, समस्तीपुर के सभागार में बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित धर्म गुरुओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह के विरुद्ध इस आंदोलन को समीचीन और स्वस्थ समाज केलिए जरूरी बताते हुए समर्थन दिया साथ ही बालविवाह नहीं कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जेजेबीविके सचिव सुरेन्द्र कुमार नें कहा कि आप सभी धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है। बताते चलें कि बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में सामाजिक संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की समस्तीपुर जिला में सहयोगी संगठन जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सभी धर्मगुरुओं को शपथ दिलायी। दीप्ति कुमारी ने कहा कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी आदि धर्मगुरु के बिना संपन्न नहीं हो सकता। इसलिए हमनें सीधे आपको बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। ललिता कुमारी नें बताया कि जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों ने हालिया वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं। इसी क्रम में जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र नें 2024-2025 में स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग, परस्पर समन्वय व कानूनी हस्तक्षेपों के सहारे परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर 6000 बाल विवाह रुकवाए हैं। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र की कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता माजदा खातुन में कहा कि इसीलिए हमनें आप धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया। क्योंकि इसमे आप सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं क्योंकि आप विवाह संपन्न कराते है। स्मृति कुमारी ने बताया कि यदि आप लोग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर देगे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है और जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त समस्तीपुर के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। मौक़े पर एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम की रंजू कुमारी, वीभा कुमारी, राखी कुमारी, रीता कुमारी, अनिकेत कुमार, मो. मोजाहिद, मनोज कुमार झा आदि उपस्थित थे।

# संत पॉल स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तेघरा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेल में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ, उप प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा एवं समन्वयक राम कुमार मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना की गई। विद्यालय में अलंकरण समारोह एक अवसर है जहां विद्यालय की विधिवत संचालन हेतु छात्र परिषद का गठन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के कप्तान के रूप में आयुषी कुमारी और अमृत राज तो उप कप्तान के रूप सेजल राय और आयुष कुमार को चयनित किया गया। स्पोर्ट्स कप्तान के रूप में शिवम कुमार एवं सौम्या कुमारी चयनित हुए। वहीं भाभा हाऊस के लिए वैभव कुमार, लता सुमन तो डार्विन हाऊस के लिए दर्शिल नयन, सृष्टि कुमारी, वहीं न्यूटन हाऊस के लिए शास्वत कुमार, साक्षी कुमारी साथ ही रमन हाऊस के कन्हैया कुमार और रूचिता कुमारी को कप्तान के रूप में चयन किया। चयनित सभी छात्र-छात्राओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने और स्कूल द्वारा उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए तैयार किया गया। स्कूल ने उभरते छात्र-छात्राओं को स्वीकार किया और उन पर भरोसा जताया। इस अवसर पर की प्रिंसिपल तनु सौरभ की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसके बाद उप-प्रधानाचार्य श्री मिश्रा ने सभी का स्वागत किया। विद्यार्थियों को संस्था की बेहतरी के लिए एकजुट होकर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कप्तानों और प्रीफेक्ट्स को शपथ दिलाई और वादा किया कि वे अपने कर्तव्यों को ईमानदारी, विश्वास और उत्कृष्टता के साथ पूरा करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार स्कूल गीत और नृत्य ने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मौजूद थे राम प्रवेश कुमार, सुजीत कुमार मिश्रा, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, राकेश कुमार, प्रफुल्ल कुमार, दीपक कुमार, भीम कुमार आदि उपस्थित थे।

## बाइक से गिरकर मौत

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद क्षेत्र बिहट वार्ड नंबर 7 असुरारी निवासी गंगा विष्णु सिंह का 55 वर्षीय पुत्र देवेंद्र सिंह को बुधवार को बाईक से गिरने के कारण मौत हो गया। देवेंद्र सिंह पत्नी के साथ बाइक से संबंधी के घर से आ रहे थे तभी अचानक देवना चौक के निकट बाइक से गिरकर घायल हो गया। जिसे लोगों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक का भाई सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक टोटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। जो की एक अत्यंत गरीब परिवार का सदस्य था। वार्ड पार्षद अशोक कुमार सिंह अनिल कुमार नीरज कुमार आदि ने ढाढस बंधाया।

# कठोर कानून के बाबजूद फलफूल रहा बालश्रम

सुमित कुमार सिंह / नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के कठोर कानून के बाबजूद बाल मजदूरों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इस कारण बालपन का भविष्य दांव पर लगा है। एक सर्वे के अनुसार जिले की आबादी में तकरीबन दस हजार बच्चे बाल मजदूरी में लगकर जीवन यापन कर रहे हैं। आवासीय रेस्टोरेंट, मोटर गैरेज, होटल, चार्ट पकोड़े की दुकान और चाय की दुकानों में इन बच्चों के भविष्य का दर्द छुपा है। जिले के शहरी क्षेत्र नगर निगम, बरौनी, तेघरा, बखरी, बलिया, मंझौल, वीरपुर, बछवारा प्रखंड सहित अन्य क्षेत्र में स्थापित प्रतिष्ठानों में कम उम्र के बच्चों को मजदूरी करते देखा जा सकता है। जिन बच्चों को कॉपी और पेंसिल के साथ स्कूल में रहना चाहिए था। वो गरीबी की जिहालत झेलते चाय की दुकानों में कब प्लेट धो रहे हैं। या फिर हाथ में छेनी हथौड़ी लेकर मोटर गैरेज की शोभा बढ़ा रहे हैं। एक ठोस हकीकत यह भी है कि ये मासूम बच्चे मामूली पगार पाकर रोजगार में लगे हैं। चौंकाने वाला तथ्य तो यह भी है की मजदूरी करने वाले सैकड़ो बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। अधिकांश बच्चे ऐसे भी हैं। जो गरीबी के बोझ तले दब कर बाल मजदूरी करने के लिए विवश है। सरकारी तंत्र चाहे जितना ढिंढोरा पीट ले। लेकिन इन बाल मजदूरों के भविष्य को संरक्षित करने में विफल रही है। आलम यह भी है की मजदूरी करने वाले इन बच्चों के जमात में अधिकांश तरह-तरह के नशे के शिकार हो रहे हैं। नतीजा सैकड़ो बच्चे अपने जीवन के प्रातः काल में ही गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इस श्रेणी में सबसे ज्यादा बच्चे और बच्चियों कबाड़ के धंधे से जुड़ी हैं। जो सुबह से लेकर शाम तक गंदे स्थान से कूड़ा कचरा में हाथ डालकर अपने काम की वस्तुएं ढूंढते हैं। कचरा ढूंढने के साथ गांजा भांग और मिलावटी शराब पीकर नशाखोरी का शिकार हो रहे हैं । गंभीर नशे की हालत में दर्जनों बच्चों की मौत गंभीर बीमारी के कारण या फिर सड़क दुर्घटना में हुई है। वहीं बिहार सरकार की ओर से भी बाल मजदूरी नहीं करने का निर्देश जारी है। बावजूद इसके इस अपराध को रोक का नहीं जा सका है। जिले में भी श्रम आयुक्त कार्यालय कायम है। जिसमें दर्जन अधिकारी और कर्मचारी करत है। लेकिन यह बड़ा कुनबा भी बाल मजदूरी की रोकथाम में नकारा साबित हुआ। सिर्फ कागजी कोरम पूरा कर अपना कार्य निपटा रहे हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में जब बाल मजदूरी परबान चढ़ता जा रहा है तो श्रम दिवस की सार्थकता कैसे पूरी होगी। यह यक्ष प्रश्न जिले के सभी प्रखंडों में बना हुआ है। वही इस बाबत जिले के श्रम आयुक्त दुर्गा प्रसाद शंकर ने बताया कि बीते वर्ष में बेगूसराय में विभिन्न रेस्टोरेंट चाय की दुकान मोटर गैरेज एवं अन्य प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर कल 47 बाल मजदूरों को मुक्ति कराई गई। 47 लोगों पर फिर कार्रवाई की जा रही है। सरकार समय-समय पर बाल मजदूरी रोकने के लिए जो भी कार्यक्रम चलाती है। उसको बढ़ चढ़कर हमलोग धरातल पर करते है।

# महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के दो जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। पहला कार्यक्रम ज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा पर्रा पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर जीविका के बीपीएम शैलेश रंजन ने प्रकाश डाला। मौके पर मुख्यमंत्री का संदेश को पढ़ कर सुनाया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों को फिल्मों के माध्यम से दिखाया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ महिलाएं कैसे ले सकती हैं पर केंद्रित लीफलेट का वितरण भी आयोजन में किया गया। मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुकी लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। लाभार्थियों ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं के कारण वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। संवाद के दौरान महिलाओं ने अपनी अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को रेखांकित किया। वहीं दूसरा कार्यक्रम प्रार्थना जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा भवानंदपुर पंचायत में आयोजित किया गया। मौके पर महिलाओं ने विभिन्न फिल्मों एवं आईईसी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जाना। कार्यक्रम का मंच संचालन क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर बीपीएम शैलेश रंजन, बुक्कीपर मनीष कुमार और बबिता कुमारी, सीएम लक्ष्मी देवी और काजल देवी, एचएनएस एमआरपी संजय कुमार, एसजेवाई एमआरपी पल्लवी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# सुरेश मस्तान हत्याकांड में शामिल 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ढाका (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरेश मस्तान हत्याकांड में वांछित और 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी आकाश कुमार उर्फ रॉकी को सीवान जिले के मैरवा से एसटीएफ की टीम ने तीन अन्य अपराधियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अन्य अपराधियों में आर्यन कुमार (निवासीः कुण्डवा चैनपुर), प्रफुल्ल कुमार उर्फ विकास (निवासीः हाजीपुर), तथा आशुतोष कुमार (निवासीः गोरौल, वैशाली) शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।



कुंडवा चैनपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने जानकारी दी कि मुख्य आरोपी आकाश कुमार पूर्व में कुंडवा चैनपुर हनुमान मंदिर के पुजारी एवं संरक्षक सुरेश सिंह की हत्या के मामले में भी आरोपित है और जमानत पर बाहर था।

ज्ञात हो कि 21 जुलाई 2022 को पुजारी सुरेश सिंह की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य वारदात में आकाश के साथ रूपेश राम एवं अमन को भी नामजद किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार अन्य अपराधियों पर भी हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने में जुटी हुई है। पूर्वी चंपारण पुलिस ने कहा है कि यह गिरफ्तारी गिरोह के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है और आगे की पूछताछ के आधार पर और भी खुलासे होने की संभावना है।

# राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में जिले के लव व कुश को मिला पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला प्रशासन, खेल के क्षेत्र में विभिन्न खेल संगठनो एवं खेल को बढ़ावा देने वाले संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। भारोतोलन, रग्बी, सॉफ्ट टेनिस में जिले के खिलाड़ी,जिले को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहे हैं। जिला स्तर पर एथलेटिक्स, स्केटिंग, बैडमिंटन एवं अन्य खेल विधाओं में खिलाड़ी उभर कर सामने आए इसके लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं। श्री राहुल कुमार के दिशा निर्देश में जिला के कई बच्चे स्केटिंग सीख रहे हैं एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता बन रहे हैं। इसी क्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के राज्य स्तरीय अंतरविद्यालय प्रतियोगिता पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पटना जिले के दानापुर कैंट में 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित की गई । बताया गया कि यह 54 वीं संभागीय खेल प्रतियोगिता थी, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद के दो छात्र लव एवं कुश द्वारा बालक अंडर- 14 वर्ग में स्वर्ण पदक एवं रजत पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर श्री विनय कुमार, वरीय पदाधिकारी, खेल विभाग सह अपर समाहर्ता, विभागीय जांच एवं पूनम कुमारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा के द्वारा इन खिलाड़ियों को बधाई दी गई साथ ही आगे के खेल प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी है।

# शराब के नशे में विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक गिरफ्तार, तत्काल प्रभाव से निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ढाका (पूर्वी चंपारण)।** ढाका प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खरुही बारा फरीद उर्दू में शराब के नशे में धुत प्रधानाध्यापक को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई ग्रामीणों की सूचना पर की गई, जब प्रधानाध्यापक विद्यालय परिसर में शराब के प्रभाव में अभद्र व्यवहार कर रहे थे और शिक्षकों पर बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करने का दबाव बना रहे थे।

कुंडवा चैनपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार राय ने बताया कि प्रधानाध्यापक रामस्वार्थ प्रसाद को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई है। उनके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें उत्पाद न्यायालय, मोतिहारी भेजा गया है। ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब प्रधानाध्यापक विवादों में घिरे हैं। जटवलिया पंचायत के सरपंच मोहम्मद एकरामुल हक ने बताया कि रामस्वार्थ प्रसाद पर मध्यान भोजन के चावल और विद्यालय की बेंच-डेस्क बेचने के भी गंभीर आरोप हैं। इससे पहले, 21 अप्रैल को ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर विरोध जताया था और इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी गई थी। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह बीपीआरओ रविकांत कुमार ने कहा कि घटना की सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी को दे दी गई है, और जांच के आदेश के आलोक में प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## 15 मई को पताही में प्रशांत किशोर की रैली

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** 15 मई को पताही में जन सुराज की प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए बुधवार को भलूअहिया गांव में पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह के आवास पर बैठक हुई। इसमें चिरैया से अधिकतम कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। रैली की तैयारी के लिए 21 सदस्यीय आयोजन समिति भी गठित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष वीर प्रसाद महतो ने की। जानकारी देते हुए संभावित प्रत्याशी ई. संजय कुमार सिंह ने बताया कि रैली को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर संबोधित करेंगे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरुओं को दिलाई गई शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध एक ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत सामाजिक संगठन तटवासी समाज न्यास ने धर्मगुरुओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाते हुए उन्हें बाल विवाह न कराने की शपथ दिलाई।

संगठन के निदेशक कन्हैया कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान को जिलेभर के पंडितों, मौलवियों और अन्य धर्मगुरुओं का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि कोई भी बाल विवाह धार्मिक रीति-रिवाजों के बिना नहीं होता, ऐसे में यदि पुरोहित वर्ग इसमें भाग न ले तो इस सामाजिक अपराध पर रोक संभव है। संगठन ने यह कदम देश के सबसे बड़े नागरिक समाज नेटवर्क 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोग से उठाया है, जो 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के मिशन पर काम कर रहा है। कन्हैया कुमार सिंह ने कहा कि आज जिले के कई धार्मिक स्थलों जैसे मंडेश्वरी दरबार, लाल मंदिरा, भदसेरी ठाकुरबाड़ी, चातर ठाकुरबाड़ी, गरेडिया खंड मस्जिद, जामा मस्जिद काको और मदरसा अरबिया जहानाबाद में बोर्ड लगाए गए हैं जिन पर स्पष्ट लिखा है - 'यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है।' उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और पॉक्सो एक्ट के तहत बाल विवाह करवाना न सिर्फ अपराध है, बल्कि इसमें शामिल हर व्यक्ति–चाहे वह बाराती हो, हलवाई, मैरिज हॉल मालिक या पुरोहित–सभी सजा के पात्र हैं।अभियान के अंतर्गत धर्मगुरुओं को यह समझाया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की से विवाह और यौन संबंध पोक्सो कानून के तहत बलात्कार माना जाएगा। इस जानकारी से प्रभावित होकर कई पंडितों और मौलवियों ने बाल विवाह से तौबा कर इसे रोकने का संकल्प लिया।तटवासी समाज न्यास की इस अनूठी पहल से प्रेरित होकर जिले में एक भी बाल विवाह न होने देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्थानीय प्रशासन का भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग मिला है। तटवासी समाज न्यास का यह प्रयास बाल विवाह मुक्त जहानाबाद की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी पर एसडीओ की सख्ती, पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** जन वितरण प्रणाली में गड़बड़ी के मामले को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। सीकरहना अनुमंडल पदाधिकारी साकेत कुमार ने बनकटवा के पीडीएस दुकानदार चंदेश्वर सिंह का लाइसेंस रद्द कर दिया है। जांच में राशन वितरण में कई गंभीर अनियमितताएं और खाद्यान्न गबन की पुष्टि हुई है। एसडीओ के अनुसार, दुकानदार निर्धारित समय पर दुकान नहीं खोल रहे थे, लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा था, तथा गेहूं की जगह केवल चावल का वितरण किया जा रहा था। ई-पॉश मशीन से निकलने वाली रसीदें भी लाभार्थियों को नहीं दी जा रही थीं, जिससे पारदर्शिता पूरी तरह नदारद थी। स्टॉक में पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध होने के बावजूद वितरण नहीं किया गया, जिससे कुछ मामलों में भंडारण कर गबन की आशंका भी सामने आई है। दुकानदार चंदेश्वर सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उनका जवाब असंतोषजनक पाया गया, जिसके आधार पर उनका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। एसडीओ साकेत कुमार ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयां भविष्य में भी जारी रहेंगी। यह कार्रवाई उस समय की गई है जब सरकार गरीबों को समय पर और सही मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, लेकिन कुछ बिचौलिये तंत्र को कमजोर करने में जुटे हैं।

## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव धूमधाम से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड के गोडसर गांव में भगवान परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।समिति के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य प्रो. डॉ. अखिलेश पांडेय ने भगवान परशुराम के जीवन एवं उनके धर्म रक्षक कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, विनायक पाठक ने विप्र समाज से सनातन धर्म के संरक्षण और प्रसार के लिए पूर्ण निष्ठा से आगे आने का आग्रह किया। कार्यक्रम के संयोजक मुचकुंद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम लोक कल्याण और न्याय की स्थापना के लिए इस धरती पर अवतरित हुए। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में उन्होंने भगवान राम को धनुष प्रदान किया और द्वापर युग में भगवान कृष्ण को चक्र दिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैया में सिविल सर्जन और एसडीएम ने की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** डीएम सौरभ जोरवाल के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण प्रसाद श्रीवास्तव और सिकरहना एसडीएम साकेत कुमार ने बुधवार को चिरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिन्हें अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए जांच में शामिल किया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम पासवान, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक और अकाउंटेंट पर आर्थिक व मानसिक शोषण के गंभीर आरोप महिला चिकित्सकों और अन्य कर्मियों द्वारा लगाए गए हैं। इस संबंध में डीएम को लिखित आवेदन सौंपा गया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार, आरोप है कि कुछ स्वास्थ्यकर्मियों को आधा वेतन देकर ड्यूटी से छूट दी जा रही है, जबकि ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों को जानबूझकर मानसिक और आर्थिक दबाव में रखा जा रहा है। प्रभारी पर यह भी आरोप है कि भारी राशि लेकर ड्यूटी रोस्टर में मनमर्जी से फ़ेरबदल की जाती है। इसके अलावा, स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत प्रखंड के छह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स (ल्लइए) के संचालन हेतु मिली 98-98 हजार रुपये की राशि बिना सामग्री खरीदे ही निकाल ली गई है। नियमानुसार, यह राशि मुखिया की अध्यक्षता वाली समिति की देखरेख में खर्च की जानी थी। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन और एसडीएम ने पाया कि अस्पताल में साफ-सफाई की भारी कमी, दवाओं की सूची अपडेट न होना, और सुव्यवस्थित संचालन का अभाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

## एक नजर

### अरेराज एसडीपीओ ने अनुसंधानकर्ताओं के साथ की बैठक

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** थाना परिसर में बुधवार को अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने अनुसंधानकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान मौके पर मौजूद सभी पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के साथ-साथ विधि व्यवस्था व कांड के निष्पादन संबंधित कई सुझाव के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया की बैठक के दौरान सभी अनुसंधानकर्ताओं से कांडों का निष्पादन भी कराया गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार यादव, विवक कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार व मिथलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्राण-प्रतिष्ठा को ले निकाली कलश यात्रा

**चकिया।** नगर परिषद के कुअवां स्थित शनिदेव मंदिर परिसर में आयोजित रुद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को हाथी,घोड़ा व गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा यज्ञ परिसर से निकाली गई । जो गांव व नगर परिषद क्षेत्र का भर्मण करते हुए चकिया बूढ़ीगंडक नदी स्थित बारा घाट पहुंची, जहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलबोझी किया। वही यज्ञ स्थल पहुंच कलश रखने के साथ यात्रा समाप्त हुआ। कलश यात्रा में हजारों कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा को लेकर हजारो कलश का प्रबंध कमेटी की ओर से किया गया था। यात्रा मे शामिल सभी श्रद्धालु भक्ति भाव से ओतप्रोत थे साथ ही महायज्ञ समिति की ओर से सभी कलश यात्रियों के लिए शर्बत व नींबु पानी की ब्यवस्था किया गया था वहीं यज्ञ स्थल के निकट मनोरंजन को लेकर मेले का आयोजन है, जहां पर आधुनिक किस्म के झूले के साथ-साथ खाने-पीने व खिलौने सहित अन्य की दुकानें सज गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ कमिटी के अवध किशोर,लालदेव प्रसाद,उपेंद्र प्रसाद,रमेश प्रसाद, अजय गुप्ता, राजन कुमार, सत्यनारायण गुप्ता, लखींद्र प्रसाद गुप्ता,उमेश सिंह वत्स, सुनील कुमार, मनोहर कुमार, मनीष खोखा, सनी कुमार, उज्जवल कुमार,अमन कुमार, वीरेंद्र शर्मा, अभिषेक कुमार, राजा बाबू, मनीष कुमार, रामचंद्र बजाज सहित अन्य शामिल थे।

### आज़ाद ललन ने भाजपा को छोड़ राजद का दामन थामा

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सटहां निवासी आज़ाद ललन प्रसाद भाजपा को छोड़कर राजद की सदस्यता ग्रहण किया हैं। राजद में शामिल होने पर हीरालाल प्रसाद,नवलकिशोर प्रसाद प्रदेश महासचिव राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ, रघुबर प्रसाद जिला महासचिव राजद, राजद नेता अवधेशनारायण यादव, राजदेव यादव, इमाम साहब सहित दर्जनों नेताओं ने बधाई देते हुए कहा की समाजवादी प्रांतीय नेता है इनके आने से पूरे बिहार में राजद का संगठन मजबूत होगा।

### विभिन्न प्रकार की परिवारिक समस्याओं से जूझ रहे चिकित्साक

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैथवलिया के सभी आयुष चिकित्सक व कर्मी दो माह से वेतन नहीं मिलने से विभिन्न प्रकार की परिवारिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसके वजह से सभी आयुष चिकित्सक व कर्मी 30 अप्रैल को कार्य का वहिष्कार कर भूख हड़ताल पर बैठ गए। जिससे मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों व कर्मियों का कहना है कि वेतन का आवंटन हो गया है। इस बावत सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि चिकित्सक व कर्मियों का शीघ्र वेतन भुगतान करने की व्यवस्था की जायेगी।

### बस की ठोकर से बच्ची की मौत

**पीपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)।** लखौरा मजीरवा अपने ननिहाल से पिता के साथ बाइक से लौट रही बलथरवा की एक बच्ची की मौत बस की ठोकर से मोतिहारी एनएच पर डॉ. मंजर नसीम हॉस्पिटल के समीप हो गई। बच्ची लालबाबु उर्फ सफीउल्लाह की 14 वर्षीय पुत्री तरन्नुम खातून बताई जाती है। दुर्घटना में पिता भी गंभीर रूप से घायल गए। जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# जीविका दीदियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के टेहटा गांव में अग्निशामक विभाग जहानाबाद की टीम द्वारा आग से बचाव एवं प्राथमिक सुरक्षा उपायों को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रेया शर्मा और ज्योति, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार, अग्निक राजा कुमार, शिव शंकर कुमार, अजय कुमार पटेल, विकेंद्र कुमार, राहुल यादव और पुष्पा कुमारी समेत फायर ब्रिगेड की पूरी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ बैठक कर उन्हें गैस सिलेंडर में आग लगने पर तुरंत उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी गई। फायर कर्मियों ने बताया कि इस तरह की आपदा के समय घबराने की बजाय सतर्क रहना जरूरी है।अधिकारियों ने सुझाव दिया कि किसी भी स्थान पर आग लगने की स्थिति में लोग तुरंत 112 या 101 नंबर पर कॉल कर अग्निशमन दल को सूचना दें, ताकि समय रहते घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया जा सके।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला खेल कार्यालय)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के उप सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–710, दिनांक–07.06.2024 के आलोक में खेल भवन–सह–व्यायामशाला भवन, औरंगाबाद के आंतरिक एवं बाह्य भाग की साफ–सफाई, रख–रखाव एवं सुरक्षा हेतु बाह्य स्त्रोत (Outsourcing) के आधार पर रखने के लिए निमित्त इच्छुक संस्थानों/फर्मो/सेवाप्रदाताओं/निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा Double bid system के अंतर्गत अंतिम तिथि दिनांक–16.05.2025 को 3:00 PM बजे तक जिला खेल कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनो एक बड़े लिफाफे में मुहरबंद स्वीकार की जायेगी। तकनीकी निविदा संबंधित समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक– 16.05.2025 को 3:30 PM बजे खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता तथा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद एवं जिले की वेबसाईट **www.aurangabad.bih.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**PR- 02367 ( District ) 2025-26**

**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद।**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)–2025/03 दिनांक– 30.04.2025**

**डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025**

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)- 2025/01 एवं 2025/02 दिनांक- 01.04.2025 के अनुसार DCECE (PE/PM/PMM)-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration and Payment की अंतिम तिथि 01.05.2025 निर्धारित है। **छात्रहित में DCECE-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **06.05.2025**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **07.05.2025**
(iii) Online Editing of Application Form : **08.05.2025 to 09.05.2025**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **19.05.2025**
(v) **Proposed date of Examination** (I) **PE** : **31.05.2025**
(II) **PM एवं PMM** : **01.06.2025**

(2) दिनांक 07.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी ।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

**परीक्षा नियंत्रक**


# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**युवाओं की ऊर्जा और नवाचार राष्ट्र को नई दिशा देने में सक्षम : प्राचार्य**

**मोतिहारी।** श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी में मंगलवार को आई.क्यू.ए.सी. तथा राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि ल्लराष्ट्र एक वैचारिक इकाई है, जो केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं होती। इसका निर्माण निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी परंपरा जीव-जंतुओं और पेड़ों तक को पूजने की रही है, जो हमें इको-फ्रेंडली जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने आज़ादी के आंदोलन में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, उधम सिंह और वीर कुंवर सिंह जैसे वीरों का उदाहरण दिया और कहा कि आज के युवा भी वैसा ही जोश और समर्पण दिखाकर देश को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकते हैं। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. शशिकांत राय, संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता रहे। उन्होंने विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं के नवाचार और वैज्ञानिक सोच से देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार ने कहा कि ल्लदेश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। उनके पास सपनों को साकार करने की ताकत है। शिक्षा, कौशल, चरित्र निर्माण और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में युवाओं की सक्रिय भूमिका ही राष्ट्र को विकास के मार्ग पर ले जाएगी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए युवाओं से आत्मबल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. रोशनी विश्वकर्मा ने किया, जबकि विषय प्रवर्तन डॉ. विपिन दूबे ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कल्पना सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएं डॉ. किरण कुमारी, डॉ. नीतू, डॉ. इरशाद आलम, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. मनोरमा, डॉ. अल्फिया नूरी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भास्कर गुप्ता, अमित, अमन, निहाल, ज्ञान प्रकाश, प्रकाश कुमार और अरविंद समेत शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भी सहभागिता रही।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक................/दिनांक.................

**आम सूचना**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत शहरवासियों को सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति अपने भवन निर्माण हेतु सड़क के किनारे ईटा, बालू, गिट्टी एवं पुराने भवन को तोड़ने के क्रम में निकलने (बिल्डिंग मटेरीयल) वाले ठोस पदार्थ आदि रखकर रोड़ को अतिक्रमण करते है। जिसके कारण आमजनों को यातायात असुविधा होती है साथ ही निगम कर्मियों द्वारा सड़को एवं नालियों की सफाई कराने में कठिनाई होती है। वैसे सभी लोगों को निर्देश दिया जाता है कि 24 घण्टे के अन्दर बिल्डिंग मटेरीयल का उठाव करा ले अन्यथा उनके भवन सामग्रियों को निगम द्वारा जब्त करते हुए झारखण्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत् 1000/- रू0 जुर्माना शुल्क वसूली की जाएगी। जो भी व्यक्ति अपने पुराने भवन का निर्माण एवं विद्यवंश मलवा (Construction & Demolition) कचड़ा नगर निगम के माध्यम से उठवाना चाहते है वे मेदिनीनगर नगर निगम में मो0 अल्ताफ शाह, जमादार मो0– 8825206259 से सम्पर्क कर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर निर्माण एवं विद्यवंश कचड़ा (मलवा) का उठाव करा सकते है ताकि मेदिनीनगर नगर निगम को अतिक्रमण मुक्त स्वच्छ रखा जा सके साथ ही यातायात व्यवस्था का सृदृढ़ किया जा सके।

| क्रमांक | वाहन | शुल्क प्रति ट्रिप |
|---|---|---|
| 1 | ट्रैक्टर | 500.00 रूपये |
| 2 | ट्रक | 1000.00 रूपये |

PR 351418 District(25-26)D

**सहायक नगर आयुक्त**
**मेदिनीनगर नगर निगम।**



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2025–26 (01 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 07.05.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक 08.05.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 06.05.2025 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| **A.** सब्जी बाजार सैरात | | | | |
| 1. | सब्जी बाजार, बैरिया। | 1,84,000/- | 46,000/- | बैरिया सब्जी बाजार। |
| **B.** वाहन पार्किंग सैरात | | | | |
| 2. | गांधी मैदान पार्किंग। | 2,75,000/- | 68,750/- | गांधी उद्यान गेट के सामने से नगर निगम के ई0 रिक्शा स्टेण्ड तक। |
| 3. | सरकारी बस स्टेण्ड पार्किंग। | 3,00,000/- | 75,000/- | सरकारी बस स्टेण्ड पार्किंग |
| 4 | कचहरी कैम्पस पार्किंग। | 422000/- | 1,06,000/- | बन्दोबस्त कार्यालय से होकर जेलहाता गेट से एस0बी0आई0 के सामने तक। |
| कुल राशि | | 11,81,000/- | 2,95,750 | |

PR 351486 District (25-26)_D

**नगर आयुक्त –सह– प्रशासक**
**मेदिनीनगर नगर निगम**

### जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद हरकत में आया प्रशासन

# दो दर्जन अवैध क्लिनिक संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने वालों के खिलाफ प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने गोह क्षेत्र में ऐसे दो दर्जन से अधिक क्लिनिक चिन्हित किए हैं जिनका संचालन अवैध तरीके से किया जा रहा है। इनमें से करीब दर्जन क्लिनिक प्रखंड मुख्यालय में ही संचालित हैं। इनके खिलाफ नोटिस जारी करने प्रक्रिया शुरू की गई है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि बीते सप्ताह गोह तुलसी बिगहा में रोगी की मौत पर ग्रामीणों से मिली शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि क्षेत्र में काफी तेज गति से अवैध नर्सिंग होम फल-फूल रहा था और आए दिन इनकी लापरवाहीयों के वजह से कई मरीजों की मौत हो रही थी।

## फरार वारंटियों को भेजा जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा पुलिस ने पुराने मामले में फरार चल रहा चांदी गांव निवासी सुदर्शन यादव के पुत्र दीपक कुमार एवं तिलकपुरा गांव निवासी स्व. सुबेदार राजवंशी के पुत्र सोमर राजवंशी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। थानाध्यक्ष ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए कोर्ट में पेश कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समस्याओं का हुआ समाधान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** डॉ भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के लिए सरकार के द्वारा वैसे सभी महादलित टोलों, जहां ग्रामीण सरकारी सुविधाओं से अभी भी दूर हैं, उनके लिए प्रखंड स्तर के सभी सरकारी पदाधिकारियों की उपस्थित में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ऑन द स्पॉट फैसला हो रहा है। ग्राम पंचायत चेव के शिविर में दो भूमिहिन परिवार डोमन भुईया तथा गणेशी रिकियाशन को भूमि का

**■ दो भूमिहिन परिवारों को जमीन का दिया पर्चा**

पर्चा तथा काजल कुमारी को राशन कार्ड उपलब्ध करवाया गया तथा अन्य विभागों से सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुआ, जिसका निष्पादन किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास, अंचल अधिकारी अंचलाधिकारी रामकुमार रमन आदि शामिल हुए।

# जबरन भूमि कब्जा को लेकर आक्रोशित किसान गोलबंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना अंतर्गत निर्माण हो रहे वाराणसी से कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन अन्याय कर रही है, जिसको लेकर आज किसानों ने नबीनगर अंचलाधिकारी का पुतला भी दहन किया। बताया जाता है कि बीते मंगलवार को नबीनगर अंचलाधिकारी निकहत प्रवीण भारी पुलिसबल एवं पीएनसी कंपनी के मशीनों के साथ पचमों, परसा, नेरुआ गांव में पहुंच सैकड़ों बीघा जमीन मशीनों से रौंदवा डाली। इसके बाद बिना मुआवजा मिले जबरदस्ती भूमि कब्जा को लेकर किसानों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया है। इसी नाराजगी को लेकर आज किसानों नें पचमों गांव में अंचलाधिकारी निकहत प्रवीण का पुतला दहन किया। मौके पर उपस्थित भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना उचित मुआवजा दिए सरकार दमन की नीति बंद करे अन्यथा इन अधिकारियों के खिलाफ हम अदालत का रूख करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि हम इनके मनमानी रवैया और दमनकारी नीति के खिलाफ आंदोलन को और उग्र करेंगे। पचमो, परसा, नेरुआ, बेलौटी के किसान एक दो दिन के अंदर प्रभावित स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना देने का काम शुरू करने वाले हैं, वहीं जिला मुख्यालय औरंगाबाद में आगामी छः मई को किसान महाधरणा के माध्यम से सरकार को चेतावनी देने का काम करेंगे। मौके पर बीरेंद्र सिंह, महेश सिंह, रवि दुबे, कृष्णा दुबे, अरुण दुबे, अजय दुबे, मधुसूदन प्रसाद सहित कई किसान उपस्थित थे।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने अनकुपा गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान उक्त गांव निवासी रंजन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि युवक शराब तस्करी मामले का अभियुक्त है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे उसे घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के एक आरोपित के घर महिला थाना की पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई औरंगाबाद शहर के फारम स्थित सैनिक नगर मुहल्ले में की गई। महिला थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में उस मुहल्ला निवासी अमित सिंह काफी दिनों से फरार चल रहा था, जिसमें न्यायालय के निर्देश पर आज इश्तेहार चिपकाया गया है और जल्द आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद आत्मसमर्पण न करने पर अभियुक्त के घर की कुर्की जब्ती की जाएंगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ 16 जुलाई 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गई है। तब से वह फरार चल रहा है। इस दौरान उसके संबधित ठिकानों पर कई बार छापेमारी की गई, लेकिन वह हर बार बचता रहा है।

# प्रमोद सिंह ने प्रशासन पर लगाया पक्षपात का आरोप

## जाखिम में गैरमजरूआ जमीन पर कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर विवाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के जाखिम गांव में गैरमजरूआ आम जमीन पर की जा रही कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव और रफीगंज विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी प्रमोद सिंह ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्थानीय प्रशासन पर एकतरफा कार्यवाही और सामाजिक विद्वेष फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रेस को जारी बयान में प्रमोद सिंह ने कहा कि जिस जमीन पर कब्रिस्तान की घेराबंदी की जा रही है, वह वर्षों से गाँव के सभी समुदायों द्वारा साझा रूप से उपयोग की जाती रही है। उन्होंने दावा किया कि यह गैर-मजरूआ आम जमीन है और इस पर किसी एक समुदाय का दावा कानूनन और सामाजिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। प्रमोद सिंह ने बताया कि जब उन्हें घेराबंदी के विरोध की जानकारी मिली, तो वे स्वयं जाखिम गांव पहुंचे और वहां ग्रामीणों से मुलाकात की। संवाद के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि वे इस जमीन पर पूर्वजों के दाह-संस्कार के बाद परंपरागत रूप से ''घटका टांगने'' का कार्य करते रहे हैं। ऐसे में अचानक बिना जनसहमति के इस भूमि को कब्रिस्तान घोषित कर घेराबंदी करना लोगों की आस्थाओं और परंपराओं का उल्लंघन है। उन्होंने प्रशासन पर किसी ''शह'' पर कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह कदम सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ सकता है। सिंह ने कहा, ''सरकार का उद्देश्य सभी वर्गों का समुचित विकास और सम्मान है। ऐसे में प्रशासन को भी निष्पक्ष रहकर कार्य करना चाहिए। अगर बिना दस्तावेजी पुष्टि और जनता की राय लिए कोई फैसला लिया जाता है, तो वह न केवल गैरकानूनी है बल्कि संवेदनशील क्षेत्रों में तनाव भी पैदा कर सकता है। प्रमोद सिंह ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए सभी पक्षों के साथ बैठक करे और भूमि से संबंधित दस्तावेज़ों की विधिवत जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करे ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी और सामाजिक जटिलता उत्पन्न न हो। इस पूरे मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि अभी स्थिति नियंत्रण में है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर निर्णय लिया जाए।

# उप प्रधानाचार्य की सेवानिवृति पर कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सुरेश प्रसाद मेहता के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार एवं शिवपूजन सिंह सहित अन्य शिक्षकों एवं छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों द्वारा पूर्व उपप्रधानाचार्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर अपने स्नेह एवं सम्मान को व्यक्त किया गया। प्रधानाचार्य श्री कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व उप प्रधानाचार्य सुरेश प्रसाद मेहता का योगदान विद्यालय के प्रत्येक स्तर पर अनुकरणीय रहा है। उनका अनुशासन, विनम्रता एवं छात्रों के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार एवं शिवपूजन ने भी श्री मेहता के सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें शानदार प्रस्तुति दी गई। पूर्व उप प्रधानाचार्य सुरेश प्रसाद मेहता ने आभार प्रकट करते हुए अपने शिक्षकीय जीवन की स्मृतियों को साझा किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि समारोह भावनाओं, सम्मान और आत्मीयता से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी जनों के लिए यह अवसर अत्यंत स्मरणीय रहा।

# पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चे अब पियेंगे शीतल जल

## डॉ. प्रभात एवं डॉ. शशि ने पेश की सामुदायिक भागीदारी की अनुपम मिशाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में बढ़ते गर्मी से बेहाल बच्चे अब 40/80 लीटर क्षमता की अत्याधुनिक टाटा कंपनी के वाटर कूलर से ठंडा पानी प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह की पहल पर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक दंपति डॉ शशि एवं डॉ प्रभात ने तत्काल विद्यालय को अस्सी लीटर क्षमता वाला वोल्टास कंपनी का वाटर कूलर, स्टेबलाइजर आदि मुहैया कराया है। प्राचार्य ने विद्यालय के बच्चों के लिए इनकी मदद को सामुदायिक भागीदारी का एक बेजोड़ नजीर बताया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ प्रभात मिश्रा के पिताजी दिनेश मिश्रा जी लंबी अवधि तक अनुग्रह मध्य विद्यालय में एक आदर्श अध्यापक के रूप में ख्यातिलब्ध रहे हैं। इस कारण डॉ प्रभात प्रायः अपनी डॉक्टर पत्नी शशि मिश्रा के साथ विद्यालय आते रहते हैं और बच्चों के बीच बैठ बेहतर स्वास्थ के लिए सेशन करते रहते हैं। पिता की कर्मस्थली पर बच्चों के लिए हेडमास्टर के अनुरोध पर कुछ कर सकते का उन्हें बहुत संतोष है। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि अनुग्रह स्कूल लगभग नब्बे साल पुराना विद्यालय है और इसे आजादी के पूर्व जन भागीदारी के द्वारा ही भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा देने के लिए बनवाया गया था। आज विद्यालय में समाज से संपोषित कई अच्छी व्यवस्थाएं है जिससे विद्यालय तेजी से मुख्य धारा में लौटा है। प्राचार्य उदय कुमार सिंह सहित विद्यालय परिवार ने डॉक्टर दंपति के प्रति कृतज्ञता जताया है।

# आपसी विवाद व रंजिश में हुई थी अधेड़ की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अधेड़ हत्याकांड में संलिप्त एक अभियुक्त को मुफ्फसिल थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के मेगराज बिगहा निवासी साकेत कुमार के रूप में की गई है। दअसल बीते 25 अप्रैल को मेगराज बिगहा में एक परिवार के दो पक्षों के बीच घरेलू विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई थी जिसमें एक अधेड़ व्यक्ति जख्मी हो गया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। उसी सिलसिले में प्रेस-वार्ता का आयोजन कर पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें कार्रवाई के फलस्वरूप एक अभियुक्त को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। वहीं आज साकेत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि आपसी विवाद व रंजिश में अपने अन्य भाईयों एवं परिजनों के साथ मिलकर लाठी एवं डंडा से मिश्री चौधरी का सिर मारपीट में फोड़ दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अशोक कुमार सहित अन्य शस्त्र बल शामिल थे।


**नगर विकास एवं आवास विभाग**

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय , नगर पंचायत, नवीनगर औरंगाबाद

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2025–26 (E.T)

(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :— कार्यपालक पदाधिकारी , नगर पंचायत नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :— दिनांक **28.04.2025**
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि / समय :— दिनांक **13.05.2025 को 02:00** बजे अपा0 से **(on www.eproc2.bihar.gov.in)**
4. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि :— दिनांक **13.05.2025 को 11:00** बजे पूर्वा0 स्थान — कार्यालय नगर पंचायत, नवीनगर के सभागार में ।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि / समय :— दिनांक **17.05.2025 को 01.00** बजे अपा0 तक **(on www.eproc2.bihar.gov.in)**
6. तकनिकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक **19.05.2025 को 11.00** बजे पूर्वा0 के बाद **(on www.eproc2.bihar.gov.in)**
7. वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :— **तकनीकी बीड के निश्पादन के पश्चात ।**
8. **निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे** — सभी शपथ पत्र ( मूल में ) , Existing Commitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति / ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति ( मूल में ) , परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा ।
9. **कार्य का विवरण :—**

| क्र0सं0 | कार्य क्षेत्र का नाम | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत नवीनगर | वार्ड सं0 – 11 कोसडिहरा में अलखदेव सिंह के घर से सत्यनारायण सिंह के घर तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य । | 2223200.00 | 44500.00 | 5000.00 | As Per E-Proc2 | चार माह |
| 2 | नगर पंचायत नवीनगर | वार्ड सं0 – 11 में कोसडिहरा मोड. पानी टंकी से धनन्जय सिंह के घर तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य । | 2480500.00 | 49700.00 | 5000.00 | As Per E-Proc2 | चार माह |
| 3 | नगर पंचायत नवीनगर | वार्ड सं0– 06 में संजय सिंह , शिवपूजन सिंह के घर के पिछे से अस्पताल तक नाली का निर्माण कार्य । | 2457000.00 | 49200.00 | 5000.00 | As Per E-Proc2 | चार माह |
| 4 | नगर पंचायत नवीनगर | वार्ड सं0 – 06 में डा0 बिनोद के अस्पताल से वृजू साव के मकान होते हुए पुन पुन नदी तक नाला का निर्माण कार्य । | 2470500.00 | 49500.00 | 5000.00 | As Per E-Proc2 | चार माह |
| 5 | नगर पंचायत नवीनगर | वार्ड सं0 – 13 में डी0एन0वी0 स्कूल से पेट्रोल पम्प होते हुए पुन पुन नदी तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य । | 7651540.00 | 153100.00 | 10000.00 | As Per E-Proc2 | चार माह |

**Note :- Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website https://eproc2.bihar.gov.in/**

10. निविदा की वैधता अवधि :— 120 दिन
11. निविदा कागजात अपलोड करने से पूर्व संवेदक को " Bid Processing Fee " निम्न विधि से जमा करना होगा :—

(i) "Bid Processing Fee" is and Transaction Peocessing Fee is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet Payment gateway (Credit/debit Card) , Net Banking. NEFT/RTGS.

(ii) " Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal **www.eproc2.bihar.gov.in** before the date and time specified in the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay /non submission of tender /Non Reconcilation of online payment caused due to Non- availability of internet connection, Network Traffic/Holidays or any other Reason.

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, नवीनगर**

PR- 002254 (B & C) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**


# एफसीआई की गेहूं खरीद ने पार किया 1.15 लाख क्विंटल का आंकड़ा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा बिहार राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी है। इस क्रम में अब तक कुल 1,15,380 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इस दौरान कुल 2,752 किसानों को लाभ मिला है। किसानों को दो घंटे के भीतर भुगतान होने से उनमें खासा उत्साह देखा जा रहा है। आज बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित भूषण ने बक्सर मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर की जा रही खरीद प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, भुगतान प्रणाली और किसानों की भागीदारी का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा किसानों को 2,425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान बिना किसी कटौती के किया जा रहा है और यह राशि अधिकतर मामलों में दो घंटे के भीतर किसानों के खातों में भेज दी जा रही है। राज्य में भारतीय खाद्य निगम द्वारा कुल 151 गेहूं खरीद केंद्र संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा सहकारिता विभाग द्वारा भी 25,409 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है, जिससे 1,371 किसान लाभान्वित हुए हैं। इस प्रकार राज्य में अब तक कुल 1,40,945 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद पूरी पारदर्शिता से की जा चुकी है। महाप्रबंधक अमित भूषण ने बताया कि अब तक लगभग 26.91 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया गया है और औसतन भुगतान अवधि चार घंटे से भी कम रही है। उन्होंने निगम के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर भुगतान और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपज सरकारी क्रय केंद्रों पर लाकर लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम ने मिलकर दो लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह प्रक्रिया एक अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून, 2025 तक चलेगी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता हलकान

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड में अनियमित बिजली कटौती से लोग परेशान है। जिसकी सूचना पर राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह विद्युत अधीक्षण अभियंता भोजपुर से मिलकर बड़हरा के गांवो में बिजली की समस्या को रखा। उन्होंने कहा कि बड़हरा विधानसभा के गांवों में भारी पैमाने पर बिजली कटौती की जा रही है। स्थिति यह है कि लो वोल्टेज और ट्रिप की समस्या से लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ कहती है की बिजली की कोई कमी नहीं है और दूसरे तरफ गांव में बिजली नहीं मिल रही है। इस भीषण गर्मी में लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है। लोग गर्मी से परेशान है। उन्होंने कहा की जल्द से जल्द सुधार नहीं हुआ तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।


**बिहार सरकार**

श्रम संसाधन विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद
आई0 टी0 आई0 संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया शुरू से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति

जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद में सत्र 2025–26 और 2025–27 के लिए नामांकन और प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह जानकारी नोडल सह प्रभारी प्राचार्य श्री बैद्यनाथ राम ने दी। उन्होंने बताया कि इन संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन बिहार संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। नामांकन की तिथि 17.05.2025 तक निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी जिले के आई0 टी0 आई0 संस्थानों में और परिषद् कार्यालय के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवारों का बिहार राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**प्रभारी प्राचार्य,**
**औ० प्र० संस्थान औरंगाबाद**

PR. No. 002356 (LRD) 25-26

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, दोनाली बंदूक बरामद

## शेरघाटी पुलिस की कार्रवाई, एएसपी ने दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी ग्रामीण (गया)।** शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बनिया बरौन गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक दोनाली बंदूक और मोबाइल फोन बरामद किया गया। बुधवार को शाम शेरघाटी एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शेरघाटी पुलिस को सूचना मिली थी कि बनिया बरौन गांव निवासी रूहुल अमीन उर्फ ओसमा अपने घर में दोनाली बंदूक छिपाकर रखा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी के घर से दोनाली बंदूक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## उम्र पूरी होने के पूर्व शादी संपन्न नहीं कराई जाए : धर्मगुरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन फोरम के तहत सुराज संस्था की पहल पर रोहतास जिला के विभिन्न मंदिरों में धर्मगुरूओं द्वारा संकल्प लिया गया कि उनके द्वारा अपने बच्चों की उम्र 21 वर्ष होने के पूर्व और बच्चियों की 18 वर्ष पूरी होने के पूर्व शादी संपन्न नहीं कराई जाएगी तथा वैसे किसी भी शादी-ब्याह में शामिल नहीं होंगे अथवा समर्थन नहीं होंगे जिसमें बाल विवाह हो रहा हो। यह भी संकल्प लिया गया कि बाल विवाह को रोकने के लिए सरकार, सुराज और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन फोरम को हर संभव सहयोग और समर्थन किया जाएगा। मुख्य रूप से झारखंडी मंदिर, डिहरी में वरिष्ठ वकील मुटूर पाण्डेय द्वारा शपथ दिलाया गया जो सामाजिक कार्यकर्त्ता उर्मिला देवी, राकेश कुमार और अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस धर्मगुरू संकल्प में मुख्य रूप से पंडित अभय दूबे, प्रेमचंद चौबे, दीपक पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, नीरू चौबे, श्रीकांत तिवारी, हरेराम चौबे, अंकित पाठक, बिरंची मिश्रा, प्रकाश, अनजानी कुमार पाण्डेय, अरविन्द कुमार दूबे इत्यादि ने संकल्प लिया।

# खेल परिसर व अतिथि गृह के उद्घाटन में सीएम के साथ शामिल हुए डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया/बोधगया।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा निर्मित मेजर ध्यानचंद खेल परिसर, स्विमिंग पूल और ओपन एयर थिएटर के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। डॉ. प्रेम कुमार ने इस मौके पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन मगध के युवाओं में एक नई चेतना का संचार करेगा। उन्होंने कहा खेलो इंडिया यूथ गेम्स (खेल महाकुंभ) के पूर्व हम सभी ने तैयारियों का जायजा लिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मगध, जिसने ऐतिहासिक रूप से स्वर्णिम गौरव देखा है, अब खेल के क्षेत्र में भी पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने बिहार के युवाओं की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लगन और परिश्रम से बिहार का नाम न केवल देश में, बल्कि वैश्विक पटल पर भी रोशन होगा। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने महाबोधि अतिथि गृह के संचालन कार्यक्रम में भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि बोधगया भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली है जहां लाखों देशी-विदेशी पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस आधुनिक राजकीय अतिथि गृह का निर्माण कराया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने याद दिलाया कि जब वे पर्यटन मंत्री थे, तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इस भवन का उद्घाटन किया गया था। अब इसके संचालन का शुभारंभ हुआ है जो बोधगया की पर्यटन व्यवस्था को और सशक्त बनाएगा। उन्होंने अंत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पूरे मगधवासियों की ओर से 'कोटि-कोटि बधाई' देते हुए कहा कि यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

## कोहारी में निकली श्रीमद् भागवत जलभरी शोभा कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** भभुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोहारी गांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आपको बताते चलें कि भभुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोहारी गांव से बुधवार को जलाभिषेक (जलभरी) कलश यात्रा निकाला गया जो कोहारी के काली मां स्थान होते हुए स्वर्ण रेखा नदी (सुवरा नदी) पर पहुंच कर जलाभिषेक के साथ जलभरी किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मुख्य यजमान शिव शंकर मिश्रा के द्वारा बताया गया कि बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा का जलभरी शोभा कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से हाथी-घोड़ा एवं गाजे बाजे के साथ निकाला गया। वही इस कथा में अनेकों जगह से संतों के पहुंचने की आशा है।

# सूर्य मंदिर परिसर से शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरई सूर्य मंदिर परिसर से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ और पुलिस ने शव को पहचान कर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज गया भेजा। जानकारी के अनुसार बरई गांव के युवक दौड़ने हेतु गए तो सूर्य मंदिर परिसर में एक व्यक्ति का शव देखा जिसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी। उसी भीड़ में से लोगों ने पहचान किया कि मृतक सिमरा पंचायत के ग्राम मौलागंज निवासी मुखिया पति बिल्लू पासवान के चचेरा भाई रंजीत पासवान उम्र 49 वर्ष पिता स्व.रामदीप पासवान का है जिसके गांव की दूरी घटनास्थल से मात्र दो किलोमीटर है। घटना की जानकारी मिलने पर आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एस आई मीरा कुमारी, ए एस आई दशरथ सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की जांचोपरांत कोई निशान नहीं मिला, लेकिन उक्त स्थल से मृतक का बैग, पानी बोतल, पैंट और चप्पल बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बैग की तलाशी ली तो उसमें से कपड़े, दवा, ब्रश, खैनी सहित चिनौटी आदि पाया गया। बताया गया है कि मृतक नेटवर्क कंपनी में जुड़कर आयुर्वेदिक दवाओं का प्रचार-प्रसार और दवा वितरण का कार्य करता था। उसकी पत्नी का नाम मुन्नी देवी है और तीन बच्चों में दो लड़की और एक लड़का है। मृतक का डायबिटीज भी हो रखा था। बताया गया है कि देर रात करीब 9 बजे उसे मंदिर के पास बैठे हुए देखा गया था। उसके बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः उसे शौच लगा तो पास स्थित नदी में पानी छूने के लिए गया होगा। उसी उपरांत उसकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया हृदय गति रुकने से मृत्यु हो सकता है विशेष पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। स्वजनों को पोस्टमार्टम उपरांत शव सौंपा गया। स्वजनों ने पुलिस को कोई आवेदन नहीं दिया है।

## हत्या का आरोपित धराया, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पूर्व के हत्या के प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराया अभियुक्त अभियुक्त प्रेमचंद्र दिवाकर उर्फ बंटी पिता अजय सिंह सराय गोला का निवासी है। मामले में गिरफ्तारी के लिए पुलिस काफी दिनों से छापेमारी कर रही थी।

## पूर्णाहुति और भंडारे के साथ यज्ञ का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगांज(रोहतास)।** प्रखण्ड के पडुरी पंचायत के घरी गांव में आयोजित छह दिवसीय मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ बुधवार को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ में विभिन्न स्थानों से आये साधु सन्तों के मुखरविंद से धारा प्रवाहित अमृत वाणी को लगातार श्रद्धालु सुनते रहे और लाभांवित होते रहे। उक्त महायज्ञ में संत सुंदर स्वामी जी महाराज, वृन्दावन से आये दर्जनों साधु संतों के मुखर विंद से छह दिवसीय महायज्ञ में अमृत वाणी बरसती रही जिसको ले 6 दिनों से घरी गांव का पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ के आरम्भ होने के साथ प्रातः रोजाना यज्ञ में आहुतियों के साथ भंडारे का भी आयोजन होता रहा। यज्ञ के अंतिम दिन विद्वान साधु संतों के वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन की आहूति के साथ यज्ञ की पूर्णाहूति की गई। यज्ञ के अंतिम दिन पूजन व हवन के क्रम में बड़ी संख्या में आस्थावान श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रही। इस अवसर पर संत सुंदर स्वामी जी महाराज ने कहा कि विश्व शांति हेतु आयोजित किया गया। पवित्र छह दिवसीय महायज्ञ एवं श्रीमद भगवत पुराण कथा का आयोजन क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

## डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के आंती पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलांकी में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन बुधवार के दोपहर 3 बजे संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने कहा कि महादलित टोला में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लोगों को लाभान्वित किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गई। महादलित एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में विकास शिविर आयोजित कर बुनियादी सुविधाएं व योजनाओं से लाभान्वित किया। समस्याओं की सुनवाई की गई। आवेदन प्राप्त किए गए। सुलहनीय समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, लक्ष्मीबाई पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजना पेंशन, पेयजल आपूर्ति योजना सहित शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं आदि प्रदान किए गए।


## अदालती सूचना

न्यायालय में
श्रीमान सिविल जज सिनियर डिविजन-1
नगर उंटारी, गढ़वा

O S-19/2024

मोसमात चन्द्रकान्ता शर्मा वगैरह ------वादी
बनाम
शैलेन्द्र कुमार शर्मा वगैरह ----प्रतिवादीगण

**नोटिस**

**बनाम**

**प्रतिवादी संख्या**

1 शैलेन्द्र कुमार शर्मा
2. नलीन गर्ग
३ निशान्त शर्मा
4. अजीत शर्मा
(पिता स्व. विपिन बिहारी शर्मा)

सभी निवासी ग्राम-खैरा, पोस्ट-मटपा, थाना-कुटुम्बा, जिला-औरंगाबाद, राज्य-बिहार

5. रेणु मिश्रा पति देवेन्द्रनाथ मिश्रा पिता स्व. विपिन बिहारी शर्मा निवासी ग्राम-सोन सराई, थाना-लेस्लीगंज, जिला-पलामू, राज्य-झारखण्ड।

चूं बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित करना है कि आपके विरुद्ध वादी मोसमात चन्द्रकान्ता शर्मा वगैरह मेरे न्यायालय में O.S.-19/2024 दाखिल किया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है।

आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10.06.2025 को समय 10:30 बजे सुबह उपस्थित होवें अन्यथा आपके विरुद्ध वाद की कार्रवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी।

इसे सख्त ताकिद समझे।

आज दिनांक 28-04-2025 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत

**सिविल जज सिनियर डिविजन**
**नगर उंटारी, गढ़वा**



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/25/29, दिनांक 28.04.2025।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 07245030;** स्पेसिफिकेशन आईएस 3954 (1991)। ड्राइंग संख्या एसआई/एस एंड टी/1/24 शीट 1/7 और 7/7 के अनुरूप, 2 अदद छेद वाले एमएस चैनल 100 x 50 x 5 x 300 मिमी. की प्राप्ति; ₹ 0 और ₹ 1,61,820। **2; 12255237**; बीसीएम के लिए मुख्य कन्वेयर बेल्ट ड्राइव मोटर; ₹ 0 और ₹ 1,07,090। **3; 12255239**; बीसीएम के लिए क्लच कपलिंग; ₹ 0; ₹ 1,87,230 और 13.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र.सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **4; 21251317**; कॉम्प्लीट डोर ऑपरेटिंग आदि; ₹ 0 और ₹ 1,14,990। **5; 21251385**; नकल पिवोट पिन आदि; ₹ 0; ₹ 1,02,340 और 14.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र.सं. 4 और 5 प्रत्येक के लिए)। **6; 04245031ए**; लिफ्टिंग के दौरान पैड पर लिफ्टिंग क्लॉ का बहुत आसान फिटमेंट सहित जैक के फ्री मूवमेंट के लिए बेस प्लेट के साथ 25 टन यूनिवर्सल जेएमपी-जैक के लिए साइड व्हील और रियर व्हील कंपोनेंट और स्प्रिंग-लोडेड व्हील अरेंजमेंट सिस्टम की आपूर्ति और फिटमेंट। ऑफ लोड के दौरान जैक को व्हील पर आराम करना चाहिए और लोड के दौरान जैक को जेएमपी एसके संख्या-25टी/जेएमपी/जैक/01/2024 के अनुसार कॉम्प्लीट मैकेनिकल अरेंजमेंट के साथ स्वचालित रूप से बेस फ्रेम पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। मात्रा: 01 सेट जिसमें 5 अदद शामिल हैं (1 अदद के लिए, उल्लिखित ड्राइंग के अनुसार सभी मदें शामिल हैं); ₹ 0 और ₹ 2,59,710। **7; 11241416ए**; अंदरूनी डस्टबिन (बायो टॉयलेट लगे कोचों के लिए) आदि; ₹ 0 और ₹ 1,57,900। **8; 12251069**; आरडीएसओ टी-1899 के अनुसार 60 किग्रा. के लिए फिश बोल्ट और नट; ₹ 0 और ₹ 3,59,980। **9; 15245028सी**; रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर-कंप्रेसर, क्षमता-300 सीएफएम की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 1,26,020। **10; 15245086ए**; मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में मॉड्यूलर ओटी; ₹ 0 और ₹ 1,32,860। **11; 15245109ए**; रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर कंप्रेसर, रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल ड्रिवेन एयर कंप्रेसर की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 1,75,820। **12; 15255011ए**; स्मार्ट कार्ड आधारित ऑटोमैटिक टिकटिंग वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) आदि की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 5,34,160। **13; 21251420ए**; नैरो जॉ एडाप्टर आदि; ₹ 0 और ₹ 7,04,580। **14; 21251475**; प्राथमिक ब्रेक बीम असेंबली; ₹ 0 और ₹ 2,24,800। **15; 22251039**; इंजेक्शन मेरोपेनम 1 ग्राम प्रति शीशी; ₹ 0; ₹ 0 और 19.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र. सं. 6 से 15 प्रत्येक के लिए)। **16; 10241166ए**; एचएस15250 ट्रैक्शन आर्मेचर के लिए कम्यूटेटर; ₹ 0 और ₹ 1,64,730। **17; 15255022**; संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार हाइड्रोलिक रीरेलिंग उपकरण की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत; ₹ 0 और ₹ 2,76,450। **18; 19251084**; डीजल लोको स्टार्टर बैटरी 8 वोल्ट की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 8,41,560 और 20.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र. सं. 16 से 18 प्रत्येक के लिए)। **19; 12251097**; 52 किलोग्राम ऑब्ट्यूज़ क्रॉसिंग 1 इन 8.5 ड्राइंग संख्या टी-5265/1; ₹ 0; ₹ 2,65,500 और 21.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **20; 10251049**; की बॉक्स (एचओएम) के साथ अर्थिंग स्विच आदि; ₹ 0 और ₹ 1,04,180। **21; 10252289**; ट्रैक्शन मोटर टेम्परेचर सेंसर; ₹ 0 और ₹ 1,31,220। **22; 10252391**; पी7 लोको के लिए एक्सल डम्पर; ₹ 0 और ₹ 1,35,370। **23; 10252392बी**; डब्ल्यूएपी7 लोकोमोटिव के लिए वर्टिकल डम्पर; ₹ 0 और ₹ 1,44,060। **24; 20242199ए**; एस्कॉर्ट्स निर्मित टीवी टाइप शॉक एब्जॉर्बर (टीवी 600) के लिए पीओएच किट 600 किग्रा. x 600 किग्रा. क्षमता जिसमें संलग्न अनुलग्नक के अनुसार 11 मदें शामिल हैं; ₹ 0; ₹ 1,49,050 और 22.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे (क्र. सं. 20 से 24 प्रत्येक के लिए)। **25; 10252337**; ईएलजीआई निर्मित कंप्रेसर के लिए एओएच किट का सेट आदि; ₹ 0 और ₹ 5,57,610। **26; 11251777**; ताजे पानी की टंकी; ₹ 0; ₹ 3,35,020 और 26.05.2025 को दोपहर 1.30 बजे। (क्र.सं. 25 और 26 प्रत्येक के लिए)। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-07/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway easternrailwayheadquarter


## डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान, 1768 धराए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड - स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर-डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम-डीडीयू, आरा-सासाराम खंड, गढ़वा रोड-डिहरी ऑन सोन, किउल-गया, गोमो-गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जाने वाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। शाम 6 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1768 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 9 लाख 53 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है।

## स्व. चेतू राम की चौथी पुण्यतिथि पर जलपान का वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला स्थित डिहरी ऑन-सोन के अंबेडकर नगर बारह पत्थर निवासी भूतपूर्व रेलवे कर्मचारी स्व. चेतू राम के चौथी पुण्यतिथि पर 30 अप्रैल बुधवार को मेहतर सेवा संघ बिहार जिला शाखा रोहतास के जिलाध्यक्ष शशि कुमार, कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल एवं सदस्य मुन्ना राम के कुशल नेतृत्व में डिहरी रेलवे जंक्शन के प्रांगण में लगभग एक सौ पॉकेट जल पान एवं पानी गरीब व असहायों के बीच वितरण किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय चेतू राम जी प्रायः गरीब व असहायों की सेवा का प्रधानता देते रहते थे। इसलिए हम सबों ने उनके आत्मा की शांति के लिए इस कड़ाके की धूप में रेलवे स्टेशन के प्रांगण में गरीब व असहायों की बीच जलपान एवं पानी का वितरण किये ताकि मेरे पिता स्वर्गीय चेतू राम की आत्मा को शांति मिल सके।


बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग

संदेश

"श्रमेव जयते"

**मई दिवस, 2025** के अवसर पर राज्य एवं राज्य से बाहर कार्य कर रहे श्रमिक भाई–बहनों का मैं हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। किसी भी राष्ट्र की विकासात्मक गति उसके श्रमिकों की कार्यकुशलता पर निर्भर करती है। हमारे राज्य के श्रमिकों ने न केवल राष्ट्र के विकास में योगदान दिया है बल्कि उन्होंने देश के सभी हिस्सों में अपनी कार्यशैली एवं परिश्रम का लोहा मनवाया है। हमारे श्रमिक बंधु हमारे राज्य की पूँजी हैं एवं उनके बिना विकसित राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती है।

श्रमिकों के मजदूरी, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा कई योजनाओं एवं श्रम अधिनियमों का संचालन एवं प्रवर्त्तन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कौशल उन्नयन के लिए बिहार कौशल विकास मिशन के माध्यम से रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन कराया जा रहा है।

राज्य के बाहर कार्य कर रहे हमारे श्रमिक बंधुओं के साथ यह जानकारी साझा करने में अपार हर्ष हो रहा है कि राज्य सरकार द्वारा ''बिहार प्रवासी कामगार'' एप लाँच किया गया है। यह एप श्रमिकों से संबंधित आंकड़ों का एकत्रीकरण के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म है। राज्य सरकार द्वारा राज्य में व्यवसाय सरलीकरण के लिए भी कई कदम उठाये गये हैं, जिससे राज्य में अधिक से अधिक उद्योग धंधे व व्यवसाय स्थापित किए जा सकें तथा श्रमिक बंधुओं को अधिक–से–अधिक रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके।

मई दिवस के इस पावन अवसर पर सभी नियोजकों एवं प्रबंधकों के साथ–साथ श्रमिक बन्धुओं से नम्र अपील है कि वे राज्य को विकसित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें एवं आपसी ताल–मेल से राज्य की उत्पादकता एवं औद्योगिक विकास को तीव्रता प्रदान करें।

**(संतोष कुमार सिंह)**
मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, बिहार

PR No.- 002370 (Labour) D. (2025-26)



बिहार सरकार

संदेश

"श्रमेव जयते"

01 मई को पूरी दुनिया अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाती है, जो केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक प्रतीक है, श्रमिकों के संघर्ष, आत्मबल एवं योगदान का। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समाज की असली ताकत कारखानों की मशीनों में नहीं बल्कि उन हाथों में है जो उन्हें चलाते हैं।

बिहार सरकार आपकी मेहनत, ईमानदारी और योगदान को नमन करती है। आप हर मौसम, हर परिस्थिति में बिना रूके काम करते हैं। चाहे वो खेतों की जुताई हो, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, ईट भट्ठों पर काम हो या किसी उद्योग में, आपकी लगन ही है जिसने बिहार को विकास की दिशा में आगे बढ़ाया है।

राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं को बेहद ही प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बाल श्रम जैसी कुरीति से मुक्त करते हुए प्रदेश में श्रमजीविता स्वच्छ और पारदर्शी बनाया है। इस सामाजिक नैतिक पहल से राष्ट्रीय परिदृश्य में बिहार ने मूल्य आधारित श्रम संसाधन को प्रतिष्ठित किया है। राज्य सरकार के श्रम संसाधन से जुड़े विकासात्मक प्रयासों को जेनेवा स्थित अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा भी पहचान मिली। वस्तुतः हमारा उद्देश्य केवल योजनाएँ बनाना ही नहीं बल्कि उन्हें ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ–साथ जरूरतमंदो तक पहुँचाना है।

इस मई दिवस पर हम आपके संघर्ष को सलाम करते हैं और आपको विश्वास दिलाते हैं कि सरकार हर हाल में आपके साथ खड़ी है।

**मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ और कोटि–कोटि धन्यवाद !**

**(विजय कुमार सिन्हा)**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 002372 (Labour) D. (2025-26)

## संक्षिप्त समाचार

### श्री शतचण्डी महायज्ञ के लिये निकली गई कलश शोभायात्रा



**गुठनी /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बौड़ी गांव में आरंभ हुये श्री शतचण्डी महायज्ञ के निमित्त भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायात्रा बौड़ी गांव के स्थित मां काली स्थान यज्ञमंडप से आरंभ होकर किसुनपुरा व बलुआ बाजार होते हुये ग्यासपुर अवस्थित पवित्र सरयू नदी व छोटी गंडकी नदी के पावन संगम पहुचा। पवित्र सरयू व छोटी गंडकी नदी संगम की विधिवत पूजा अर्चना करने के पश्चात कलश में साधु संत, यजमान, कन्याओं व महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने जल भरा। शोभायात्रा में धर्म संस्कृति पर आधारित झांकियां व गगनचुंबी नारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। यह महायज्ञ आगामी आठ मई तक निर्बाध रूप से चलेगा और प्रतिदिन श्रीराम व श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन वृंदावन से आई रास मण्डली द्वारा किया जायेगा। वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक वेदप्रकाश शास्त्री जी द्वारा प्रति संध्या कथा वाचन किया जायेगा।

### परशुराम जयंती पर की गई पूजा-अर्चना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बानूछापर में परशुराम प्रेरणा समिति के द्वारा भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई।ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की धूमधाम से पूजा अर्चना कर उनकी जयंती मनाई।समारोह की अध्यक्षता मंटू तिवारी और संचालन विवेक तिवारी ने किया।ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार कर उनकी स्तुति,पूजन,पुष्पांजलि और प्रसाद अर्पित की।भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित करते हुए युवा समाजसेवी विवेक पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के ज्ञाता थे। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे।वैशाख शुक्लपक्ष अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम ने जगत की रक्षा करने और दुष्टों का नाश करने के लिए अवतार लिया था।विवेक तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम साधु संतों,ऋषि मुनियों की रक्षा करने और दुष्ट अत्याचारियों का विनाश करने के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए थे।वे शस्त्र एवं शास्त्र दोनों में निपुण थे। समारोह में ब्राह्मण समाज के बबलू दुबे,अतुल पाण्डेय, विशाल मिश्रा,शिवम पाण्डेय,प्रशांत पाण्डेय,सचिन राय रंजीत पाण्डेय,आदित्य तिवारी थे।

### टीसी नही मिलने पर कन्या मध्य विद्यालय में हंगामा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या 16 स्तिथ कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को टीसी नही मिलने को लेकर महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। वही हंगामे की सूचना पर पहुचीं शिकारपुर पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर शांत करवाया। हंगामा कर रही महिलाओं का आरोप था कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जान बूझकर टीसी नही दिया जा रहा है। प्रधानाध्यापक द्वारा बार बार विद्यालय बुलाने के बाद भी टीसी नही दिया जा रहा है। वही प्रधान शिक्षक कन्हैया लाल राम का कहना था कि अभी विद्यालय में टीसी उपलब्ध नही है। टीसी उपलब्ध कराने को लेकर विभाग को सूचित किया गया है। जिला से टीसी उपलब्ध होने के बाद उतीर्ण हुए बच्चों में टीसी का वितरण किया जाएगा। इधर थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि विद्यालय में टीसी नही मिलने को लेकर हंगामे की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस पहुचकर उन्हें समझा बुझाकर शांत करवा दिया है।

### पांच साल बाद प्रखंड को मिला नया सरकारी वाहन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड में नए वाहन मिलने के बाद बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना किया। हालाकि नए वाहन का फिलहाल रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है। बता दें कि प्रखंड को पांच साल बाद नया सरकारी वहां मिला है। 14 जनवरी 2020 को तत्कालीन बीडीओ राघवेंद्र कुमार त्रिपाठी के कार्यकाल में बेतिया जाने के दौरान एक सड़क दुर्घटना में पुराना सरकारी वाहन जब्त हुआ था। तब से लेकर अब तक जो भी बीडीओ रहे वे निजी वाहन का उपयोग कर रहे थे। करीब पांच साल बाद 26 अप्रैल 2025 को विभागीय मंत्री की ओर से सभी बीडीओ को नया सरकारी वाहन दिया गया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि नया सरकारी वाहन उपलब्ध हुआ है।

### डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मझौलिया पंचायत के वार्ड 13 महादलित बस्ती में डॉ आंबेडकर सामग्र सेवा अभियान के तहत एकदिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है।शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन सहित पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश मौजूद रहे।शिविर में स्वास्थ्य विभाग,राजस्व विभाग,मनरेगा,जन वितरण,शिक्षा,आधार कार्ड से संबंधित,बाल विकास,जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र,विद्युत, पेंशन आवास आदि से संबंधित अलग अलग स्टॉल लगाए गए।देखते देखते फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी।इससे संबंधित 280 से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान के लिए आवेदन दिया।प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण राजेन्द्र केतन ने बताया कि हर टोला, हर परिवार, हर सेवा के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है।

### जीविका दीदियों के साथ महिला संवाद



**रघुनाथपुर/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चकरी पंचायत के बहेलिया गांव में बादल जीविका महिला ग्राम संगठन एंव नन्दपुर अमवारी गांव में सृष्टि जीविका महिला ग्राम संगठन में बुधवार को जीविका दीदियों के बीच महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन बीपीएम अशोक कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर चलचित्र के माध्यम से बिहार सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं के बीच चर्चा करते हुए उनके समस्याओं की जानकारी ली गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीपीएम ने कहा कि यह महिला संवाद कार्यक्रम बिहार सरकार की ग्रामीण विभाग के तहत महिलाओं के आर्थिक एंव सामाजिक सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रहा है। इस मौके पर छाया जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ चकरी की अध्यक्ष नीतू देवी, सचिव किरण देवी, पंकज कुमार, रिंकू देवी सहित अन्य जीविका दीदी सहती कर्मी मौजूद थे।

### तीन मृतकों के परिवारों को मिला कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ

**जिरादेई/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जिरादेई प्रखण्ड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार दुबे और मुखिया पति कयूम अंसारी द्वारा ठेपहां पंचायत के तीन लाभुकों को कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के अनुसार तीन-तीन हजार कि राशि उपलब्ध करायी है। बतादें कि बिहार सरकार मृतक व्यक्ति के परिवार को कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के द्वारा तथा जो गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार के व्यक्ति को मृत्यु पर अंतिम संस्कार के खर्च के रूप में दिया जाता है इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि ऐसे गरीब परिवारों को वित्तीय सहायया प्रदान करना है जिनके पास अंतिम संस्कार के लिए प्रयाप्त धन नहीं होता हैं।

# सिकटा से 7 करोड़ के चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवान और स्थानीय पुलिस के जवानों ने गुप्त सूचना पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 7 करोड रुपए मूल्य के चरस के साथ एक किशोरवय तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के बैसखवा निवासी नितेश कुमार 16 वर्ष के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार एसएसबी को सूचना मिली कि नेपाल की तरफ से मादक पदार्थ के सौदागर भारी मात्रा में मादक पदार्थ की खेप लेकर निकलने वाला हैं ।सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसबी और पुलिस ने वरदही गांव के समीप ओरिया नदी पुल के पास नाकेबंदी कर दिया।इसी बीच एक बाइक पर सवार युवक को आते हुए देखकर एसएसबी के जवानों ने उसे रुकने का इशारा किया ।रोकने के बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके प्लास्टिक के बोरे में रखा हुआ 17 किलो 752 ग्राम चरस बरामद किया गया । जवानों ने तत्काल उसे चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी बाइक जब्त कर ली गई।बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 7 करोड़ 10 लाख रुपए बताई जा रही है । जब्त चरस को एसएसबी ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सिकटा पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी देते हुए मजिस्ट्रेट सह राजपत्रित कर्मचारी बीडीओ अजीत कुमार रौशन ने बताया कि गिरफ्तार किशोर वय के पास से 17 किलो 752 ग्राम चरस बरामद किया गया है। मामले में सिकटा पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने कि करवाई कर रही है।

## दिनदहाड़े पट्टामार दो लाख रुपये उड़ाए

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के किला मोहल्ला वार्ड 15 में बुधवार की दोपहर करीब 11:50 बजे बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टामार कर मनीष कुमार से दो लाख रुपये उड़ा लिया। घटना के बाद दोनों बदमाश राज देवड़ी की ओर फरार हो गए। दोनों पल्सर बाइक पर सवार थे।

घटना की सूचना पर नगर पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। मनीष के बड़े भाई मनोहर कुमार वर्णवाल ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी मां का एक्सीडेंट हो गया था। इलाज के लिए उन्होंने अपने एक परिचित से दो लाख रुपये लिया था। रुपये वापस करने के लिए उन्होंने अपने छोटे भाई मनीष कुमार को चेक देकर रुपये निकासी के लिए एक्सिस बैंक में भेजा था। उनका छोटा भाई सुप्रिया रोड स्थित एक्सिस बैंक से रुपये निकासी कर बाइक की डिक्की में रख लिया। वह रुपये लेकर घर के दरवाजे पर पहुंचा और बाइक खड़ी कर डिक्की से रुपये निकालने लगा। तभी पल्सर बाइक पर सवार दोनों बदमाश आए और झपट्टा मार कर रुपये छीन राजदेवड़ी की ओर फरार हो गए। मनीष शोर मचाते हुए बदमाशों के पीछे भागा। लेकिन दोनों बदमाश रफूचक्कर हो गए। मनोहर कुमार ने बताया कि बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट पहने था। जबकि बाइक के पीछे बैठा बदमाश पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर मास्क लगाया था। आशंका जताई जा रही है कि दोनों बदमाश बैंक के समीप से ही मनीष कुमार के पीछे लग गए थे। रास्ते में मौका नहीं मिलने पर मनीष के घर के सामने घटना को अंजाम दिए। घटना के बाद मनीष ने इसकी सूचना अपने बड़े भाई को दी। फिर पुलिस को सूचना दी गई।

## विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी का शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में मांझी में हुआ भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा /मांझी (सारण)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य व परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी का बुधवार को सारण जिले के मांझी प्रखंड में शिक्षकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष व पूर्व एमएलसी प्रत्याशी समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वंशीधर ब्रजवासी का संघर्ष शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके प्रयासों से शिक्षकों को अपनी बात रखने का सशक्त मंच मिला है। उन्होंने सदन में शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाया है। वहीं अपने संबोधन में विधान पार्षद श्री ब्रजवासी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज की सच्ची पूंजी है। वे हमेशा शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के आधार स्तंभ हैं और उनके सम्मान की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में शिक्षक नेता संजय यादव, हवलदार मांझी, पंकज प्रकाश सिंह, रविन्द्र ठाकुर, सुमन कुशवाहा, उपेन्द्र यादव, स्वामीनाथ राय, तिजामुद्दीन अंसारी, दिलीप सिंह, ब्रजेश यादव, अनिल दास, निजाम अहमद, इंद्रजीत महतो, फिरोज इकबाल, पीयूष तिवारी, विनोद विद्यार्थी, शौकत अली सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

## बीजेपी पश्चिमी सीवान जिला इकाई के पदाधिकारियों के नामों की हुई घोषणा

### प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री की सहमति से जिलाध्यक्ष ने किया पदाधिकारियों का चयन



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी सीवान जिला इकाई के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल एवं संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसानिया की सहमति से संगठनात्मक सीवान जिला पश्चिमी के पदाधिकारी की घोषणा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी द्वारा बुधवार को की गई. सुशीला देवी उपाध्यक्ष, धनंजय सिंह, मुकेश कुमार कुशवाहा, कुंदन सिंह, देवेंद्र गुप्ता, अनुरंजन मिश्रा एवं चंद्र विजय प्रकाश यादव उर्फ हैप्पी यादव उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है. सत्यम कुमार सिंह सोनू उपाध्यक्ष सह मुख्यालय प्रभारी बनाया गया है. हरेंद्र कुशवाहा, संदीप कुमार सिन्हा उर्फ राजेश श्रीवास्तव एवं अनुराधा गुप्ता को महामंत्री बनाया गया है. आभा देवी, किरण गुप्ता,आभा सिन्हा,पंकज किशोर सिंह उर्फ टुन्ना सिंह, विजय कुमार चौधरी, पूनम देवी, उमाशंकर सिंह एवं बेबी देवी मंत्री बनाया गया है.

धर्मेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष, सौरभ कुशवाहा कार्यालयमंत्री, सत्यजीत प्रसाद उर्फ रामू सह कार्यालय मंत्री,मनोज कुमार राम प्रवक्ता,देवेंद्र तिवारी प्रवक्ता,राजकुमार शर्मा प्रवक्ता,अजय कुमार तिवारी उर्फ मंटू तिवारी प्रवक्ता, संतोष राउत प्रवक्ता, अजय पाण्डेय प्रवक्ता आदित्य पाठक मीडिया प्रभारी, मुकेश कसेरा मीडिया प्रभारी एवं राकेश पाण्डेय उर्फ कल्लू पाण्डेय मीडिया प्रभारी बनाया गया है. जिला इकाई की घोषणा होने पर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिला इकाई बिहार में एक मजबूत इकाई के रूप मे काम करेगी और भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी. विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए नई टीम के पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में आप लोगों और ज्यादा परिश्रम करना है और विधानसभा में सीवान जिले में एनडीए को सभी सीटों पर जितना है.विधायक देवेश कांत सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिले के पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि कि आप लोग पहले भी काम करते थे अब और जवाब देही के साथ काम करके भारतीय जनता पार्टी को सीवान जिला ही नहीं बिहार में भी अग्रणी बनाएंगे. जिला इकाई के पदाधिकारी को बधाई देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय प्रो. अभिमन्यु कुमार सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सैम्पी गुप्ता, नगर परिषद उपाध्यक्ष किरण गुप्ता, प्रमील कुमार गोप, राजीव रंजन पाण्डेय, दिलीप गुप्ता इत्यादि सभी लोगों ने इस नई टीम के लिए प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश संगठन महामंत्री और बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पाण्डेय का आभार व्यक्त किया.

## राजपुर पंचायत में पीओ ने जीविका भवन किया उद्घाटन



**रघुनाथपुर /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड राजपुर पंचायत में बुधवार को जीविका भवन का उद्घाटन प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी अजय कुमार ने फीता काट कर किया।इस मौके पर श्री कुमार ने बताया कि सरकार की ओर पंचायत में ऐसा भवन बनाने की योजना हैं। जिससे महिला की ग्राम संगठन की बैठक एंव कागजात सुरक्षित करने में सुविधाए मिलेगी। उद्घाटन के बाद भवन को जीविका के अधिकारियों एवं प्रोग्राम पदाधिकारी ने भविष्य जीविका महिला विकास स्वालंबी सहकारी समिति रघुनाथपुर को सौंपा। इसके बाद भवन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह जीविका भवन का निर्माण करीब 16 लाख रुपया की लागत से मनरेगा योजना बिहार सरकार से बनाई गई हैं। बीपीएम अशोक कुमार ने बताया कि जीविका भवन से ग्राम संगठन के दीदियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड की पहला पंचायत है। जो जीविका अपना भवन हैं। राजपुर डीएलएफ अध्यक्ष सुमन देवी ने बताई यह भवन में राजपुर पंचायत के छः जीविका महिला ग्राम संगठन की बैठक आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि इन भवन मिलने से जीविका दीदियों के बीच काफी खुशी हैं।

## सड़क निर्माण की एसडीओ व जेई ने की जांच मिली गड़बड़ी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के भसुरारी से साठी तक जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ व जेई ने संयुक्त रूप से जांच किया। जेई नवीन गौरव ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा मनमानी ढंग से निर्माण कार्य कराने की शिकायत मिली थी। गड़बड़ी की शिकायत पर सड़क के निर्माण कार्य का जांच किया गया है। उन्होंने बताया की जांच में मानक के अनुसार मैटल कम पाया गया है। जेई ने बताया कि ग्रामीणों की उपस्थिति में सड़क की खुदाई कर सैंपल लिया गया है। इसकी जांच कराई जाएगी। और आगे की कार्यवाही होगी। वहीं एसडीओ रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि सड़क निर्माण में मैटीरियल कम पाया गया है।

## ब्राह्मण महासभा ने मनाई गई परशुराम जयंती



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या 19 हरदिया माई स्थान परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सनातन के रक्षक महर्षि परशुराम का पूजन बैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। उसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बगहा के पूर्व विधायक राघव शरण पांडेय पहुचे हुए थे। उन्होंने अपने संबोधन में सनातन धर्म के प्रति मजबूती पर बल देने को कहा और धर्म की रक्षा करने का संकल्प लिया। इससे पहले ब्राह्मण महासभा के सदस्यों द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के संबोधन में प्रदीप दुबे, आकाश श्रीमुख, शंभूशरण तिवारी, रितेश पांडेय, राधेश्याम तिवारी, मधुसूदन चतुर्वेदी, विनय मणि तिवारी, नरेंद्र तिवारी, हेमेंद्र त्रिपाठी, विपिन समदर्शी, अखिलेश्वर चौबे, अवधेश तिवारी,चंदू तिवारी, राघवेंद्र पाठक, अनिल मिश्र, आकाश श्रीमुख, जितेंद्र पांडेय, अवधकिशोर पांडेय, रामदेव दुबे आदि ने सनातन धर्म के प्रति अपने अपने विचार रखे। वही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विजय मणि तिवारी ने बताया कि भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर प्रसाद वितरण, भंडारा व संध्या आरती का आयोजन किया गया है। आरती के बाद संस्कृतिक कार्यक्रम में संकीर्तन प्रतियोगिता व शास्त्रीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में संयोजक संजय उपाध्याय, नगर अध्यक्ष छोटू दुबे, सुधीर मिश्रा, चंदन मिश्रा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## गरीबों और मजदूरों पर कोई भी जुल्म नहीं किया जाएगा बर्दाश्त :डॉ एहतेशाम



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज प्रखंड के अंतर्गत लकड़ी पंचायत में कांग्रेस पार्टी का जन आक्रोश चौपाल प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद के नेतृत्व में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में एआईसीसी के जिला प्रभारी मोहम्मद चांद शेख तथा इंडियन यूथ कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर परमजीत पम्मी, विशेष रूप से शामिल हुए. मोहम्मद चांद शेख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस देश में गांधी के विचारों को मजबूती से पड़कर लोगों के कल्याण का काम करने में विश्वास रखती है. यह भारत की आत्मा को और मिली जुली संस्कृति का सही मायने में प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है । इंडियन यूथ कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर परमजीत मम्मी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी हर विधानसभा सीट पर मजबूती से संगठन को खड़ा करने का कार्य कर रही है ताकि इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने में कांग्रेस पार्टी का प्रमुख योगदान रहे.कार्यक्रम में बोलते हुए बिहार प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने कहा कि आज गोरेयाकोठी विधानसभा बिहार की सबसे पिछड़े और विकास की गति से कोसों दूर वाली स्थिति में पहुंच गई है और इसका दोष 20 साल से एनडीए की हुकूमत और वर्तमान विधायक की अकर्मण्यता है.उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अभी मामूली ककड़ी चोरी के आरोप में दबंगों द्वारा एक युवक की पिटाई की घटना और पुलिसिया जुल्म क्षेत्र में गरीबों की स्थिति को साफ जाहिर करता है. जहां की अब गरीब और कमजोर वर्ग के लोग असहाय महसूस करने लगे हैं.मठिया निवासी मनीष साह को थाने लाकर जैसे पीटा गया. ये बर्बरता नाकाबिले बर्दाश्त है.डॉ अहमद ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से बेलगाम हो चुका है. जबकि कांग्रेस पार्टी की जब सरकार थी.उसे समय जनप्रतिनिधियों की जो ताकत थी और जनता का जितना काम होता था आज की स्थिति में अफसरशाही के आगे जनप्रतिनिधि असहाय नजर आने लगे हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष फिरोज खान ने किया.कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्वनाथ राम, प्रखण्ड उपाध्यक्ष फैजान सिद्दीकी उर्फ लड्डन बाबू ,नसीम अख्तर, बाबू अली, और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थी.

## नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बहुअरवा पंचायत के जमुनिया गांव स्थित शायरी माता मंदिर परिसर में हों रहें श्री श्री 1008 श्री सतचंडी महायज्ञ में बुधवार को कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें 21 सौ कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। यह कलश शोभा यात्रा शायरी माता मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप से निकलकर जमुनिया गांव, गोबरौरा गांव, मटियरिया गांव होते हुए मटियरिया चौक पहुंची फिर नरकटियागंज लौरिया मुख्य सड़क से होते हुए बघलोचना सिकराहना नदी घाट पहुंची जहां पर पंडित सत्यदेव जी महाराज, यज्ञाचार्य रविराज शुक्ला, उज्जवल उपाध्याय, वेदप्रकाश चौबे, अभिषेक तिवारी, अमित दुबे, वेदप्रकाश तिवारी आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल बोझी कराया। इस दौरान पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। कड़ी धूप के बावजूद श्रधालुओं में उत्साह बना रहा देवी देवताओं का उदघोष करते हुए महिला पुरुष श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। वहीं यजमान के रूप में जमुनिया गांव के अजीत तिवारी, विरेन्द्र शर्मा मुख्य रूप से रहे। जमुनिया गांव निवासी धनंजय तिवारी एवं गुलशन तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे गांव में वर्ष 2012 में अक्षय तृतीया के दिन भी नव दिवसीय श्री श्री 108 श्री सतचंडी महायज्ञ हुआ था।

# डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत पंचायतों में शिविर आयोजित





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत सरकार आपके द्वार, हर टोला, हर परिवार, हर सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायतों में चलाए जा रहे सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचने का प्रयास शिविर के माध्यम से किया गया। जिसमें पंचायत स्तर पर सभी स्थानीय कर्मचारीयो ने उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं पर लोगों के बीच चर्चा किया रघुनाथपुर प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार को प्रखंड के दिघवलिया पंचायत के वार्ड न. 07 महादलित टोला में बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर उपस्थित विकास मित्र दशरथ राम ने लोगो को संबोधित करते हुए आयोजित शिविर के बारे में बताई हुए कहा कि सरकार इस विकास शिविर के माध्यम से पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे महात्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सीधे आप तक पहुंचना चाहती है। जिसके लिए इस शिविर का आयोजन हर पंचायत में अलग अलग तिथियों में निर्धारित की है। जो 30 जून तक चलेगा। इस शिविर के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बॉस भूमि, बंदोबस्ती, ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नल जल योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वल गैस योजना, कुशल युवा प्रोग्राम, आंगनवाड़ी, बुनियादी केंद्र, मनरेगा, सतत जीविकोपार्जन,स्वच्छ भारत मिशन व ग्रामीण विकास से संबंधित कुल 22 बिंदुओं पर सीधे लाभ आप सभी को दिया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित किशन सलाहकार परमात्मा मिश्र ने भी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बार में उपस्थित लोगों को बताया और लोगों से अधिक से अधिक शिविर का लाभ उठाने की अपील की। वही उपस्थित कार्यपालक सहायक विवेक कुमार मिश्र ने पंचायत में क्रियाशील लोकसेवा केंद्र (आर टी पी एस) से दी जाने वाली नियमित सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। शिविर में स्थानीय लोगों द्वारा अपनी समस्याओं को रखा गया जिसका समाधान का उपाय स्थानीय विभाग के कर्मचारियों ने बताया। मौके पर उपस्थित स्थानीय मुखिया अजय बैठा ने भी शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों की कई समस्याओं को भी सुन उनका निपटारा जल्द कराने का आश्वासन दिया। मौके पर स्वस्थ विभाग से अर्चना कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका तारा सिन्हा, ज्ञांति देवी, विकाश मित्र मिथलेश कुमार, टोला सेवक, आशा दीदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इसके अलावा प्रखंड के चकरी पंचायत, गाभिरार पंचायत, खुजवा सहित कुल आठ पंचायतों में विकास शिविर आयोजित किया गया था।महाराजगंज प्रतिनिधि के अनुसार महाराजगंज. डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर महाराजगंज अनुमंडल प्रशासन द्वारा डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत सरकार आपके द्वार, हर टोला, हर परिवार, हर सेवा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय विशेष विकास शिविर का आयोजन महाराजगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायत अंतर्गत बुधवार को किया गया. शिविर का उद्घाटन अनुमंडल के एसडीओ अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस विशेष शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के वंचित लोगों को शत प्रतिशत आच्छादन करते हुए सरकारी योजनाओं का त्वरित एवं समावेशी लाभ प्रदान करना है.उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है.शिविर में विभिन्न विभागों की सहभागिता रही, जहां लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया. शिविर में श्रम संसाधन विभाग द्वारा ई-श्रम कार्ड, प्रवासी मजदूरो को कराया गया. जन्म व मृत्यु प्रमाण वितरित किया गया. वहीं लाभुकों को पीएम आवास योजना के सर्वेक्षण सूची में जोड़ा गया.जिससे उन्हें आवास निर्माण में सहायता मिलेगी.महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जॉब कार्डों का वितरण भी किया गया, जिससे लाभार्थी रोजगार प्राप्त कर सकेंगे. खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नए राशन कार्ड लाभुकों को प्रदान किए गए .शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 9 तक अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों का नया नामांकन कराया .जिसमें 05 बच्चों को अधिकारी द्वारा विद्यालय किट दिया गया. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा वास भूमि पर्चा के अंतर्गत लाभुकों को पर्चा उपलब्ध कराए गए. स्वास्थ्य विभाग (आयुष्मान भारत योजना) लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं के तहत वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के अंतर्गत पेंशन कार्ड जारी किए गए. स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य योजनाएं (शौचालय निर्माण आदि) के लिए लाभुकों को शौचालय एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्ड वितरित किए गए.शिविर में बीडीओ बिंदु कुमार, सहित अनुमंडल व प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता की सहभागिता रही.

## भितिहरवा आश्रम में कार्यरत महिला कर्मी की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भितिहरवा आश्रम में चपरासी पद पर कार्यरत एक महिला कर्मी की बुधवार की सुबह अचानक मौत हो गई। महिला की पहचान गोपालगंज जिला के भोरे थाना के कटैया गांव निवासी जनार्दन यादव की 45 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में आश्रम के अखिलेश वर्मा ने बताया कि मंजू देवी को सुबह में अचानक उनको बेचैनी बढ़ गई। जिसके बाद उसे नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। हालांकि अस्पलात पहुचने पर चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना परिजनों को दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव को हवाले किया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार ने बताया कि महिला को जब वे लोग अस्पताल लेकर आए तो रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी।

औरंगाबाद जिला को अपराध मुक्त बनाने को लेकर पुलिस चला रही विशेष अभियान

# चोरी व लूटकांड करने वाले गिरोह का उद्भेदन, सरगना समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** घर में चोरी व लुट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गिरोह का जम्होर पुलिस द्वारा उद्भेदन किया गया है और तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के बेलाढी गांव निवासी दिलीप राम के 26 वर्षीय पुत्र धर्मवीर कुमार उर्फ चिंटू राम, भुवनेश्वर राम के 19 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार एवं अशोक कुमार सिंह के 26 वर्षीय पुत्र उदित कुमार के रूप में की गई हैं। इनके पास से चोरी के चांदी की दो पायल एवं सोने की सात जितिया बरामद की गई है। पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा औरंगाबाद जिले को अपराध मुक्त बनाने एवं अपराध कर्मियों पर नकेल कसने हेतु हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, लूट, डकैती जैसे गंभीर अपराध के कांडों में वांछित अपराधकर्मी की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



## लूटपाट के दो आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** हथियार का भय दिखाकर लूटपाट के दो आरोपितों को बारून पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के केशोपुर निवासी सुनील कुमार (उम्र 19) एवं आकाश कुमार (उम्र 19) के रूप में की गई हैं। इनके पास से एक रिवॉल्वर एवं लुट का 200 रूपये बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर न्यू सोन नगर लिंक रेलवे सोन नदी के पास दो युवकों ने एक लड़के को अकेला देख हथियार का भय दिखाकर उसका पर्स छिन लिया और भागने लगे, जिसे लोगों के सहयोग से पकड़ लिया गया।

# जांच शिविर में बच्चों को मिला नेत्र सुरक्षा का परामर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, महाराणा प्रताप नगर, न्यू एरिया में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन सदर अस्पताल, औरंगाबाद के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुमार ने विद्यालय की छात्राओं की नेत्र जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया। डॉ. विशाल कुमार ने बच्चों को आंखों की सुरक्षा, पोषण, सही प्रकाश व्यवस्था और नियमित जांच के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से आंखों की नियमित देखभाल करने की अपील की और उन्हें डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति भी सचेत किया। शिविर में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी, समन्वयक डॉ. संजीव रंजन के साथ स्वयंसेवक ओमप्रकाश, शुभम, रीना, सुशांत, ऋतिक, प्रीति और रितिका समेत कई छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भी शिविर को पूरा सहयोग मिला। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव रंजय अग्रहरि और प्राचार्य आशुतोष कुमार सिंह ने इस पहल के लिए सिन्हा कॉलेज की एनएसएस टीम की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के समाजोपयोगी कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। गौरतलब है कि एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य भी हैं, जिससे इस समन्वय को और अधिक मजबूती मिली। इस अवसर पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने भी एनएसएस टीम को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं और सामाजिक सरोकार से जुड़े ऐसे प्रयासों को भविष्य में भी जारी रखने की अपील की। नेत्र जांच शिविर का आयोजन अगले दिन भी जारी रहेगा, जिसमें और अधिक बच्चों की आंखों की जांच की जाएगी।









# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पहुंचे सुशील सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अम्बिकापुर/ औरंगाबाद।** ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद के पूर्व भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह ने छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार से आए प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर गहन संवाद किया। श्री सिंह ने संवाद के दौरान आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए सभी बिहारवासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ''बिहार के लोगों के मन में भाजपा और एनडीए के प्रति जबरदस्त उत्साह है, जो चुनाव के दौरान वोट रूपी ऊर्जा में परिवर्तित होकर प्रदेश को स्थिर और विकासशील नेतृत्व देगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरगुजा भरत सिंह सिसोदिया, प्रदेश मंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा देवदत्त साहू, अभिषेक प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, अमरनाथ राय, डॉ. अनुराग कुमार, श्वेता नंदन, औरंगाबाद भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह तथा उपेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व सांसद श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसी पहल देश की एकता, सांस्कृतिक समरसता और भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करती है। बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के बीच इस प्रकार का सांस्कृतिक आदान-प्रदान न केवल राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है, बल्कि आपसी सहयोग और संवाद का नया मंच भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बिहार के हर मतदाता तक पहुंचें और उन्हें जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि लोकतंत्र की बुनियाद और मजबूत हो सके।


















## खाई में गिरी कार महिला सहित तीन जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** कार चलाने के दौरान चालक को झपकी आ जाने के कारण कार खाई में जा गिरा, जिसमें एक महिला सहित तीन लोग जख्मी हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के मिठाईयां के समीप एनएच - 19 की है। जख्मियों की पहचान गया जिले के आमस थाना के बहेरा निवासी अनिता देवी, वीणा राम एवं चंदन राम के रुप में की गई है। दरअसल ये सभी औरंगाबाद जिले के नबीनगर एक शादी समारोह में गए थे, जहां से वापस लौट रहे थे, इसी क्रम में कार चालक को झपकी आ गई जिसमें कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिसमें यह घटना घटित हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई हैं। चिकित्सक ने बताया कि जख्मियों की स्थिति खतरे से बाहर है।

## सरकारी कार्य में बाधा डालना जिप प्रतिनिधि को पड़ा महंगा, प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बुधवार को प्रखंड के हामिद नगर में पुनपुन सिंचाई परियोजना के अंतर्गत परासी गांव के पास चल रहे दायां एफल्कस बांध में मिट्टी कार्य अवरूद्ध करने के मामले में जिप प्रतिनिधि पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह केस पुनपुन बराज अवर प्रमंडल ई सौरभ कुमार द्वारा परासी गांव निवासी क्षेत्र संख्या छः के जिला परिषद प्रतिनिधि श्यामसुंदर के साथ अन्य ग्रामीणों पर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के मामले में उपहारा थाना में कांड संख्या 52/25 दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया गया कि श्यामसुंदर व कुछ ग्रामीण कार्य स्थल पर आकर विरोध करने लगे जिन्हें समझाया बुझाया गया लेकिन नहीं मानें, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## महिला लापता, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज थाना क्षेत्र के मई गांव की रहने वाली 48 वर्षीया सुगनवा देवी नेवता पुराने के लिए मदनपुर गई। इसके बाद घर नहीं लौटी। इस मामले में इसके पति दीपक मांझी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है।


